डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 11, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 14 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 331, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

बेस बिहान करम परब कर सब भाई बहिनमन के हार्दिक बधाई

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## ग्रामीणों ने बीमार बुजुर्ग को टोकरी में ढोकर अस्पताल पहुंचाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** प्रखंड महुआडांड़ के हामी पंचायत के भीतरकोना गांव से शुक्रवार को 70 वर्षीय बीमार प्रभूदास लकड़ा को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने में ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बुजुर्ग को टोकरी में ढोते हुए, ग्रामीणों ने दो किलोमीटर की पैदल यात्रा की और नदी पार कर मुख्य सड़क तक पहुँचाया। इसके बाद, मरीज को वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया।

**गांव की मुश्किलें और आधारभूत सुविधाओं की कमी :** भीतरकोना गांव आदिवासी बहुल और चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है। यहां मुलभूत सुविधाओं की स्थिति दयनीय है। गांव तक कोई सड़क नहीं है और ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुँचने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। नदी पर पुल की अनुपस्थिति और गांव में बिजली की कमी एक बड़ी समस्या है। मोबाइल नेटवर्क भी यहां उपलब्ध नहीं है। पेयजल की व्यवस्था के लिए एक कुआं और चापानल की भी कमी है। ग्रामीण नदी के पानी शेष पृष्ठ 11 पर

## सप्ताह में एक दिन डालटनगंज-गढ़वा रूट से चलेगी वंदे भारत ट्रेन

**रेल मंत्री ने दिया सांसद वीडी राम को आश्वासन**

**बरवाडीह चोपन, चुनार पैसेंजर ट्रेन को शुरू करने की मंत्री ने दी सहमति**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सांसद ने बताया कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत डालटनगंज-गढ़वा रूट पर वन्दे भारत ट्रेन को चलाने का अनुरोध किया। उक्त मांग पर मंत्री ने सहमति प्रदान करते हुए कहा फिलहाल इस रूट पर सप्ताह में एक दिन वंदे भारत ट्रेन को चलाने का निर्णय बहुत जल्द लिया जाएगा। अगर पैसेंजर की संख्या अच्छी रही तो इस रूट पर वंदे भारत ट्रेन को विस्तारित किया जाएगा। साथ ही बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव आज पहुंचेंगे रांची

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे के पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 14 सितंबर की शाम रांची पहुंचेंगे। इसके उपरांत वे 15 सितंबर को टाटानगर स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेनों के उद्घाटन समारोह के लिए जमशेदपुर में उपस्थित रहेंगे।

### राष्ट्रपति दौरा को लेकर रांची में 19 और 20 सितंबर को नो फ्लाई जोन घोषित

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का रांची दौरा 19 और 20 सितंबर को प्रस्तावित है। रांची डीसी के निर्देश पर शुक्रवार को सुरक्षा के दृष्टिकोण से रांची में नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है। राष्ट्रपति के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन और कार्यक्रम स्थल के आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन, पैराग्लाइडिंग और हॉट एयर बैलून पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह जानकारी सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने दी। ये निषेधाज्ञा 19 और 20 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगा। इसके अंतर्गत 19 सितंबर को बिरसा मुण्डा एयरपोर्ट से हिनू चौक से बिरसा चौक से अरगोड़ा चौक से राजभवन और 20 सितंबर को राजभवन से अरगोड़ा चौक से कडरु होते हुए राजेन्द्र चौक से सदाबहार चौक से आईसीएआर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेंड्री एग्रीकल्चर नामकुम के 200 मीटर की परिधि को नो फ्लाई जोन घोषित किया गया है।

# झारखंड से शुरू होगा दो करोड़ पीएम आवास का आवंटन

**सूबे को 1,13,195 आवासों का मिला लक्ष्य, 187.79 करोड़ रुपये की राशि जारी**

**गुजरात के 31 हजार और ओडिशा के 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र मिलेगा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को झारखंड के जमशेदपुर से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दो करोड़ नए घरों के आवंटन का शुभारंभ करेंगे। पीएम आवास योजना के अंतर्गत झारखंड के 20 हजार लाभार्थियों को इस दौरान स्वीकृति पत्र वितरित किए जायेंगे।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में झारखण्ड राज्य को 1,13,195 आवासों का लक्ष्य दिया गया है जिसके समक्ष 187.79 करोड़ रु की राशि जारी की जा चुकी है। इसके बाद सोमवार को गुजरात और मंगलवार को ओडिशा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत क्रमशः 31 हजार और 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित करेंगे।

केन्द्रीय ग्रामीण आवास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को पुसा में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। 16 सितंबर को गुजरात में प्रधानमंत्री आवास योजना के 31 हजार लाभार्थियों के खाते में लगभग 93 करोड़ की राशि हस्तांतरित करेंगे और 35 हजार आवासों में गृह प्रवेश भी कराएंगे। 17 सितंबर को वे ओडिशा के भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाख हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण करेंगे और 3,180 करोड़ की पहली किस्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे लाभार्थियों के खाते में करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान 'आवास प्लस 24' एप का भी अनावरण करेंगे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वर्ष 2016 से 2024 तक 2 लाख 95 करोड़ पक्के मकान स्वीकृत किए गए। इसमें से 2 करोड़ 65 लाख मकान बन चुके हैं। 2018 के आवास योजना के तहत तीन करोड़ मकान पांच साल के अंतर्गत सौंपे जाने हैं। इसमें दो करोड़ मकान ग्रामीण व एक करोड़ मकान शहरी क्षेत्र में दिए जाएंगे।

**इन्हें भी मिल सकेगा पीएम आवास :** प्रधानमंत्री पीएम आवास योजना के तहत जिनके पास दो पहिये वाहन, लैंडलाइन फोन व फ्रीज है और जिनकी मासिक आय 15 हजार रुपये है उन लोगों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सुविधायुक्त पक्के मकान मिल सकेंगे।

### पीएमजीएसवाई के चौथे चरण का होगा शुभारंभ

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ने गांव की जनता की जिंदगी बदली है। इसके तहत 1 लाख 63 हजार बसावटों को सड़कों से जोड़ा जा चुका है। इस योजना के चौथे चरण का शुभारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत लगभग 25 हजार नई बसाहटों को बारहमासी सड़कों से जोड़ा जाएगा। 62 हजार 500 किलोमीटर सड़के बनाई जाएंगी। इसके लिए 70 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि खर्च की जाएगी। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन है। इस दिन 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के 10 वर्ष पूरे हो रहे हैं। पूरे देश के साथ कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालय भी स्वच्छता अभियान से जुड़ेगा।

**मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन**

## रिवाल्वर समेत दो गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार (गढ़वा)।** पुलिस ने अवैध रिवाल्वर के साथ एक युवक को चटनीया डैम के समीप से गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान नावाडीह गांव निवासी महबूब अंसारी के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक के निशानदेही पर पुलिस ने मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। उसके संचालक बत्तों कला गांव निवास राजकुमार विश्वकर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने शुक्रवार को पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि गुरुवार की रात्रि में गुप्त सूचना मिली थी कि चटनीया डैम के समीप एक युवक हथियार लेकर घूम रहा है। सत्यापन के लिए जब पुलिस पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने युवक को दौड़कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान पुलिस उसके पास से एक छह चक्रीय देशी अवैध रिवाल्वर बरामद किया। युवक ने पुलिस को बताया कि केतार थाना क्षेत्र के बत्तों कला गांव के राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा पैसा लेकर उसे रिवाल्वर दिया गया है। रिवाल्वर की बिक्री करने के लिए वह ग्राहक का तलाश कर रहा था। उसने बताया कि राजकुमार विश्वकर्मा हथियार बनाकर बिक्री करने का काम करता है। बरामद हथियार का युवक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। हथियार के साथ पकड़े गये महबूब अंसारी के निशानदेही पर पुलिस बत्तों कला गांव पहुंचकर राजकुमार विश्वकर्मा के घर छापेमारी की। इस क्रम में हथियार बनाने में प्रयुक्त परंपरिक उपकरण, छेनी, हथौड़ा, प्लास, सड़सी, पेचकस,रेती, लोहा का भाथी, मशीन बरामद किया गया। पुलिस ने शेष पृष्ठ 11 पर

## आज | कल




## प्रधानमंत्री जमशेदपुर से कल देंगे छह वंदेभारत का तोहफा

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड आयेंगे। वह जमशेदपुर से वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात देंगे। साथ ही गोपाल मैदान में प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित सभा में शामिल होंगे। इस दौरान उनका रोड-शो भी होगा। प्रधानमंत्री झारखंड में लगभग छह घंटे रहेंगे। प्रधानमंत्री रविवार को सुबह 8:45 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। फिर सोनारी हवाई अड्डा से टाटानगर रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री यहां से झारखंड सहित अन्य राज्यों के लिए छह वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। साथ ही 21 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। जमशेदपुर में उनका आधे घंटे का रोड-शो होगा। रोड शो करते हुए प्रधानमंत्री गोपाल मैदान पहुंचेंगे और वहां सभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:45 बजे रांची लौटेंगे। इसके बाद अहमदाबाद चले जायेंगे। जमशेदपुर में प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर पुलिस मुख्यालय के स्तर से सुरक्षा की तैयारी पूरी कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा को लेकर आतंकवाद निरोधी दस्ते की हीट टीम के अलावा 3000 से अधिक पुलिस अफसरों और जवानों की तैनाती की गयी है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विभिन्न जिलों और प्रशिक्षण केंद्र से 115 इंस्पेक्टर, 650 सब इंस्पेक्टर और एएसआई, 2550 पुरुष लाठी बल, 250 महिला लाठी बल, 250 सशस्त्र बल, यातायात व्यवस्था के लिए 100 अतिरिक्त जवान, बीडीडीएस की दो टीम, आतंकवाद निरोधी दस्ता की तीन हीट टीम, टीयर गैस की दो टीम और दो कंपनी रैप की तैनाती की गयी है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी द्वारा प्रोटोकॉल तथा सुरक्षा मापदंडों को सुनिश्चित करने के लिए सीनियर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है।

## समस्या के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर मौजूद है पूरा सरकारी तंत्र : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को 733 योजनाओं का दिया तोहफा**



**बोकारो।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गांव-गांव पहुंच रही है। आपकी समस्याओं के समाधान के लिए आपके दरवाजे पर पूरा सरकारी तंत्र मौजूद है। आप आगे आएं और राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर अपने को सशक्त बनाएं। आपकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव हमारी प्राथमिकता है। आप अपना आशीर्वाद बनाए रखें। हम आगे भी आपके बीच कई नई कल्याणकारी योजनाओं को लेकर आएंगे। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित फुटबॉल मैदान में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक वैसा भी वक्त था जब आपको सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी दफ्तरों का बार-बार चक्कर लगाना पड़ता था। दलालों के चक्कर में पड़कर आप अपना पैसा भी गंवाते थे और योजना का लाभ भी नहीं मिलता था लेकिन हमारी सरकार ने इस तरह से नीतियां शेष पृष्ठ 11 पर

**इंडिया**

## अब नहीं मिलते करम डाइर करम गीतों को लील रहे डीजे



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

कभी एक समय था जब भादो एकादशी नु करम गड़ाय जैसे गीतों से गांवों के आखरा एक सप्ताह पहले से मांदर की सुरीली ताल पर लयबद्ध समूहिक नृत्य नयनाभिराम दृश्य उपस्थित करते थे और नाचने वाले के साथ करम राग के गीतों से दर्शकों के पांव भी थिरकने लगते थे । इन पंक्तिबद्ध समूह नृत्यों का क्रम रात भर चलता था और झारखंड के ग्रामीण कुछ दिनों के लिए अपना सारा गम सारा दुख भूल जाते थे । कौन आदिवासी कौन गैर आदिवासी गांवों में कोई नहीं जानता था। सभी को करम देवता पर विश्वास था कि उनका सलेया डहुरी गाड़ने से धान के खेतों को कोई नुकसान नहीं हो सकता। घरों में कीड़े मकोड़ों से लेकर बुराई तक नहीं आ सकती पर बहुत से गांवों में अब करम गीत बड़े बूढ़ों के साथ समाप्त होते जा रहे हैं। मांदर से ज्यादा आधुनिक बाइक और स्मार्ट फोन की दीवानगी ने आखरा को वीरान कर दिया है। गांवों में अब जाति पाती से ऊपर उठकर जीवन भर दोस्ती निभाने वाले करम डाइर नहीं मिलते क्योंकि करम परब के समय करम जोड़ाने की परंपरा ही समाप्ती पर है। पड़ोसी बिहार और यूपी की तरह जाति और धर्म के साथ हम हिंदू नहीं सरना जैसे भेदभाव में बंटे युवा किसी न किसी पार्टी से जुड़े हैं और उस पार्टी विशेष के वोट बैंक की राजनीति या सिद्धान्त से साफ-साफ प्रभावित हैं। झारखंड के अधिकांश गांवों पुराने लोग आज भी किसी को पानी पिलाने या बैठाने से पहले उसकी जाति नहीं पूछते क्योंकि जातिवाद या ऐसे भेदभाव यहां की परंपरा नहीं रही पर पड़ोसी बंगाल की तरह बहुत से गांवों में पार्टियों के कैडर तैयार हो रहे हैं जिन्हें विभिन्न पार्टियां चुनावी रणनीतिकारों की बनाई जीत की नीति के तहत तैयार कर रही हैं जिन्हें मतलब सिर्फ अपनों से है। सब कुछ इसी तरह चलता रहा तो विकास योजनाओं की रेलपेल से मालामाल सरकारी अफसरों और ग्रामीणों के बीच बिचौलियों का काम करने वाले राजनीतिक पार्टियों से जुड़े युवा दिखावे के लिए भले सरना झंडा लगा लें डीजे बाजा लें पर भाई बहन के प्यार का यह त्योहार जावा और करम डाइर जैसी हृदयस्पर्शी भावनाओं से दूर होते जाएंगे। बिहार के कैमूर और रोहतास के प्रायः घर घर में करम एकादशी बहुत ही श्रद्धा से मनाई जाती है जहां से उरांव जनजाति के पुरखे आए थे। बिहार के अलावा बंगाल, ओड़ीशा, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में भी प्रमुखता से करम परब मनाया जाता है। वैसे भादो एकादशी को व्रत रखने की परंपरा कई राज्यों में है जिसपर शोध की आवश्यकता है। भेदभाव की राजनीति, डीजे का शोर और आधुनिकता के जोर में प्रकृति को समर्पित यह परब अपने अस्तित्व को खो न दे इसके लिए इसके मर्म को समझने के लिए करम-धरम कथा को समझना आवश्यक है। कुछ बनावटी और दिखावटी करम परब मनाने वाले जो करें पर उरांव समाज के प्रबुद्ध लोगों को इसके मूल स्वरूप और पवित्रता को बनाए रखने के लिए आगे आना चाहिए। झारखंड सरकार और विशेषकर कला संस्कृति विभाग इस महान प्रकृति पर्व और सरहुल सोहराई जैसे अनूठे त्योहारों पर शोध करा सकती है और इसे राजस्थान के सांस्कृतिक पर्यटन उद्योग या हिमाचल प्रदेश के कुलु महोत्सव की तरह अंतरराष्ट्रीय रूप दे सकती है जिससे अनेक कलाकारों,वाद्य यंत्र निमार्ताओं से लेकर होटल और स्वागत सत्कार उद्योग तथा वाहन उद्योग को संरक्षण भी मिल सकता है और रोजगार के बड़े अवसर पनप सकते हैं जिसकी झारखंड को बहुत आवश्यकता है। इससे पलायन और उग्रवाद जैसी समस्याओं से भी मुक्ति मिल सकती है । झारखंड की संस्कृति और परंपराएं हमेशा से प्रकृति वनों और शांति की प्रतीक रहीं हैं जिन्हें बचाकर वोट की राजनीति से दूर रखना हर झारखंडी का भी कर्तव्य होना चाहिए क्योंकि यही इनकी मूल पहचान है।



## केंद्र ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्राचीन श्री विजय साम्राज्य से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दशार्ता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर शुक्रवार को गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। उन्होंने आगे कहा, श्री विजयपुरम नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दशार्ता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है।

## एक नजर

### पूर्व सरपंच स्व. युगेश्वर सिंह द्वार का विधायक ने किया उद्घाटन

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के बेनी खुर्द में पूर्व सरपंच स्व. युगेश्वर सिंह द्वार का उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने स्व. युगेश्वर सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी नेता मसरूर अहमद ने की। संचालन सचिदानंद सिंह ने किया। मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने समाजसेवा में अपना सबकुछ निछावर कर दिया, उन्हें सम्मान देना सभी का कर्तव्य बनता है। उनके नाम पर द्वार का निर्माण करा कर समाज को संदेश देने का प्रयास है कि निःस्वार्थ सेवा करने वाले सदा के लिए जनता के दिलों में रहते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों, समाजसेवियों व देश की रक्षा करने वाले लोगों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है। मसरूर अहमद ने कहा कि स्व युगेश्वर सिंह एक सच्चे समाजसेवी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में कभी किसी के साथ भेद भाव नहीं किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि युगेश्वर सिंह उनके साथी रहे हैं। उन्होंने अपने समाजसेवा की जो लकीर खींची है,उसे हमेशा याद रखा जाएगा। विधायक द्वारा उनके सम्मान में द्वार का निर्माण करा कर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मौके पर स्व. युगेश्वर सिंह के पुत्र रंजित सिंह एवं पंचम कुमार सिंह ने भी विधायक कमलेश कुमार सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, पंचम कुमार सिंह, हंसराज सिंह,विजय राजवंशी, बैरिस्टर सिंह,जयप्रकाश उपाध्याय, बबलू सिंह, लल्लू सिंह, अजय सिंह, रतन लाल, पंकज सिंह, रजनीश सिंह, विमलेश सिंह,बीजेपी नेता कामेश्वर कुशवाहा,रामप्रवेश सिंह, रविंद्र कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, संतोष सिंह, भुनेश्वर प्रसाद सिंह, भृगुनाथ सिंह, हीरा सिंह के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# विभिन्न स्थानों पर 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत लगाये गये शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी पंचायत में शुक्रवार को 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। इसमें अबुआ आवास योजना के लिए अन्य पंचायतों की अपेक्षा सबसे कम मात्र 181 फॉर्म ग्रामीणों ने जमा किया। जबकि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 23 के अलावा सर्वजन पेंशन के 10, वृद्धा पेंशन व राशनकार्ड के 1-1, राजस्व अभिलेख संशोधन के 3 व अन्य के 59 फॉर्म जमा किए गए हैं। शिविर में अंचलाधिकारी रणवीर कुमार, एपीओ उपेंद्र राम (डीआरडीए), झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामवचन बैठा, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम, प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, मुखिया अनीता देवी, प्रखंड व अंचल कर्मी नीरज कुमार, मनीष सिंह, मनोहर कुमार, ध्यानेन्द्र सिंह, सत्यम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



### ऑन स्पॉट ग्रामीणों को मिला लाभ

**नावाबाजार।** झारखंड सरकार की ओर से चलाई जा रही अति महत्वाकांक्षी योजना 'आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार' कार्यक्रम शुक्रवार को नावाबाजार प्रखंड के इटको पंचायत में संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया जोहरा बीबी व संचालन शैलेश कुमार ने किया। इसके पूर्व आयोजित शिविर का उद्घाटन शिविर में मुख्य अतिथि अंचलाधिकारी शैलेश कुमार, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम , मुखिया जोहरा बीवी, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ,सफीर आलम उप मुखिया संजू देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरूआत की।

### सीओ ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

सीओ शैलेश कुमार ने कहा कि सरकार की और से संचालित सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इस लक्ष्य बनाकर कार्य किया जा रहा है। पंचायत में आयोजित शिविर इसी का एक अहम हिस्सा है। जहां सभी विभाग के पदाधिकारी कर्मी एक साथ बैठकर सभी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने को कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि भूमि संबंधित किसी भी कार्य के लिए लोगों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। प्रत्येक दिन अंचल कार्यालय में बैठकर कार्य किए जा रहे हैं। म्यूटेशन, ऑनलाइन, रसीद कटवाने आदि के लिए संबंध राजस्व कर्मचारी से मिलकर कार्य कराएं।

### शिविर में आवेदन जमा करने के लिए लगी रही भीड़

**उंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत के उच्च विद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पोषण अभियान के जिला कॉर्डिनेटर जिशान अंसारी, बीडीओ सह सीओ आशा साहु,मुखिया कमला देवी व अन्य कर्मी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी- अपनी समस्या से पदाधिकारियों को अवगत कराया। शिविर में लगाए गए स्टॉल में कृषि, समाज कल्याण, स्वास्थ्य ,श्रम नियोजन, मनरेगा,पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना,अबुआ आवास, बिजली,मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट योजना,मनरेगा से संबंधित लोगों ने आवेदन दिया। शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास योजना से संबंधित आवेदन जमा किए गए। मुखिया श्रीमतल देवी ने कहा कि'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' में प्राप्त किए गए आवेदन का निष्पादन ससमय हो व ज्यादा से ज्यादा लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए वे प्रयासरत है। शिविर में उप मुखिया रूपेश सिंह, पंसस प्रतिनिधि काशीनाथ चौधरी, आवास कॉर्डिनेटर बिमलेश कुमार, राजस्व कर्मचारी खिरोधर रविदास सहित प्रखंड सह अंचल कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### अबुआ आवास के लिए 143 आवेदन आए

**पड़वा।** झारखंड सरकार का महत्वाकांक्षी शिविर 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' शुक्रवार को कजरी पंचायत सचिवालय में लगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया रंजना कुमारी सिंह, उप प्रमुख धर्मवीर सिंह व उप मुखिया रीमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया रंजना कुमारी सिंह ने कहा कि सरकार स्वयं चल कर आपके द्वार आयी है। सरकार की सोच है कि आप सभी को अपने कार्यों को ले इधर- उधर भटकना नहीं पड़े। आप सभी अपने आवश्यकता अनुसार अपना आवेदन का पंजीकरण संबंधित स्टोल से करा लें। मौके पर उप प्रमुख धर्मवीर सिंह ने कहा कि आप सभी जनता सरकार की योजना का लाभ लें, कोई भी परेशानी हो मैं हमेशा आप सभी के साथ हूं। मौके पर सीओ हलधर कुमार सेठी ने बताया कि आज प्रथम चरण का शिविर कजरी में समाप्त हुआ। पुनः सरकार के निर्देश पर शिविर 25 सितम्बर तक बढ़ाया गया है। इस मौके पर सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 143 आवेदन, वृद्धा पेंशन के लिए 26, विधवा पेंशन के लिए 2, सर्वजन पेंशन के लिए 27, विकलांग पेंशन के लिए 1 व अन्य 56 आवेदन पंजीकृत हुआ, जिसमें सभी आवेदन पेंडिंग हैं। इस मौके पर सीआई रणवीर ठाकुर, पंचायत सचिव मनोज कुमार मिश्रा, समाजसेवी महाराणा प्रताप सिंह, प्रधान सहायक बसंत राजू मिंज, अभिषेक सिंह, नाजिर संजीव गुप्ता, जितेन्द्र शुक्ला,चंदन कुमार, शमीम अंसारी,निलेश कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### शिविर में विभिन्न विभागों के लगाये गये थे स्टॉल

**हरिहरगंज।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड क्षेत्र के ढकचा पंचायत सचिवालय परिसर में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के लगाये गये स्टॉल के माध्यम से 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, राशन कार्ड आदि योजनाओं के सैंकड़ों आवेदन प्राप्त किये गये. वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से ग्रामीणों के बीच निःशुल्क दवा का वितरण किया गया। शिविर में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, मुखिया उषा देवी, प्रधान सहायक सरजू बैगा, अलीम अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि बलराम भुइयां, गुड्डू कुमार, बीटीएम सुशील मिश्रा, एआई कर्मी आंनद कुमार, राजस्व कर्मचारी संतोष कुमार, सहायक रंजन मनोज, पारसनाथ राम समेत प्रखंड सह अंचल कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी ने प्रखंड क्षेत्र के ग्राम फुलांग में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन फीता काट कर किया। ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से ग्रामीण लोग अंधेरे में थे। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि पूरे विधानसभा में जो भी समस्या होगी, उसे हर संभव दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे पांकी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर जले पड़े हैं, लेकिन विभाग के उदासीन रवैया के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। एक ओर जहां सरकार फ्री बिजली का वादा कर रहा हैं वही क्षेत्र में बड़ी संख्या में ट्रांसफार्मर जले रहने के कारण यह दावा खोखला साबित हो रहा है। वही केंद्र सरकार राज्य सरकार को हर संभव मदद को तैयार है, फिर भी राज्य सरकार को इस मूल भूत समस्या से कोई लेना देना नहीं है। मौके पर मंडल अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी,संतोष सिंह,श्रीकांत सिंह,शुभम सिंह,अमरजीत राम, सत्येंद्र सिंह, रौशन सिंह,निखिल सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

### छापेमारी में भारी मात्रा में भंडारित बालू जब्त

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल में अवैध बालू खनन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए लगातार छापेमारी अभियान जारी रखा है। एसडीओ पीयूष सिन्हा के आदेश पर अंचल अधिकारी पंकज कुमार और देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार की संयुक्त टीम ने सोन नदी के किनारे बुधुआ और बड़ेपुर गांव में छापेमारी कर पूर्व से ही भण्डारित लगभग 80-90 ट्रैक्टर बालू जब्त किया है। अभियान में पुलिस बल भी मौजूद था, जिसने बालू जब्ती में प्रशासन का पूरा सहयोग किया। इस संबंध में सीओ पंकज कुमार ने बताया कि पूर्व से भंडारित बालू की वजह से कुछ बालू माफिया उक्त बालू का उठाव कर बिक्री करने की फिराक में थे। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना उच्चाधिकारियों सहित उन्हें भी दूरभाष पर दी जाती थी। इस कारण भण्डारित बालू को वहां से हटाकर तहसील कचहरी परिसर में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जहां भी अवैध बालू का भंडार की सूचना प्राप्त होगी, उसे तत्काल जब्त किया जायेगा। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर भविष्य में उक्त जब्त बालू को सरकारी दर पर विकास योजनाओं से संबंधित लोगों को उपलब्ध कराया जायेगा।

### जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया : रामाशीष

**उंटारी रोड।** विश्रामपुर की जनता ने यहाँ के जनप्रतिनिधियों को विकास की आस में अपना पूरा समर्थन दिया। भारी मतों से उनकी जीत सुनिश्चित की, परंतु ये सभी सपने धरे के धरे रह गए। यहां की जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया। उनके साथ विश्वासघात किया गया। उक्त बातें जनसम्पर्क के दौरान भाजपा युवा नेता रामाशीष यादव ने कही। गरीब और गरीब एवं अमीर और अमीर होता चला जा रहा है। ऐसे में कैसे हम विकसित बिश्रामपुर का सपना देख सकते हैं? ज्ञात हो कि रामाशीष यादव पिछले दो महीनों से जनसम्पर्क यात्रा चला रहे हैं और लोगों संग संबंध स्थापित करते नजर आ रहे हैं। जनसम्पर्क के दौरान सतेंद्र चौबे, विनोद चौबे, अजय उपाध्याय, सुनील सिंह, सच्चिदानंद सिंह, मनोज दुबे, अरविंद सिंह, उदेश चौधरी, अखिलेश राम, पिंटू राज, सिकंदर प्रजापति, परशुराम, सुशील कुमार, प्रिंस ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, कमलेश यादव, नितेंद्र कुमार, मिथिलेश यादव, श्रीनाथ यादव समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में भी हुसैनाबाद में हुए हैं उल्लेखनीय कार्य : कमलेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने प्रखंड के दंगवार में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाने का काम किया। शुक्रवार को विद्यालय का विधिवत उद्घाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। इस मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि उन्होंने शिक्षा स्वास्थ्य सड़क समेत सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का काम किया है। हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र में उच्च विद्यालय व प्लस टू उच्च विद्यालय की अब कमी नहीं है। नामांकन को लेकर मारा मारी की समस्या इस वर्ष से खत्म हो गई। अब विद्यार्थियों का नामांकन आसानी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि दंगवार इलाके में उच्च विद्यालय की कमी महसूस की जाती थी, इसे प्राथमिकता के आधार पर कराने का काम उन्होंने किया है। आने वाले दिनों में प्लस टू उवि की मान्यता भी दिलाने का प्रयास करेंगे। साथ ही बगल के डिग्री कालेज में पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। घर का खाना खा कर विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एके सिंह डिग्री कालेज का पुनरोद्धार करने के साथ साथ क्षेत्र के कई विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय व प्लस टू उवि का दर्जा दिलाने का काम किया है। जिससे गांव के बच्चे-बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने घर से अधिक दूर नहीं जाना पड़े। मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, विनय पासवान,हेडमास्टर राम प्रवेश राम, शिक्षक विजय कुमार पासवान, मनोज गुप्ता, मुकेन्द्र चौधरी, हसन खलीफा ,अनुज गुप्ता, मनीष गुप्ता, डॉ. अखिलेश प्रसाद गुप्ता, हीरा सिंह, रजनीश सिंह, हंसराज सिंह,विजय राजवंशी,सतेंद्र सिंह,पप्पू सिंह, रतन लाल, रजनीश मिश्रा, अजय चंद्रवंशी, रामवृक्ष पासवान,पिंटू सिंह,दीपक,प्रभात सिंह, चंदन पासवान, इरसाद सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## अभियान का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पंहुचाना है : सीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर- पीतांबरपुर।** -प्रखंड क्षेत्र के पिपराखुर्द पंचायत सचिवालय सभागार में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह, मुखिया पूर्णिमा देवी, प्रखंड प्रमुख सुनील पासवान, बीएएचओ प्रमोद कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आलोक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । अंचल अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि इस विशेष अभियान का एक मात्र उद्देश्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का है।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया :** मुखिया पूर्णिमा देवी ने कार्यक्रम में आए अंचल सह प्रखंड कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को धन्यवाद दिया तथा बताया कि किसी व्यक्ति का कोई काम अगर छूट गया हो तो 24 तारीख को प्रखंड कार्यालय में लगने वाले शिविर में आप अपना काम करा सकते हैं। वहां पर सभी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। इस दौरान सोना-सोबरन योजना के तहत 65 लाभुकों के बीच धोती-साड़ी ,जेएसएलपीएस के तहत दीदियों को चेक,जल सहियाओं बीच पोशाक, विद्यालय में अध्ययन कर रहे 9 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया।

# अतिक्रमण के कारण सड़क किनारे सब्जी बेचने को विवश हैं किसान

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार का आकार अब धीरे-धीरे सिमटने लगा है। इसका सीधा असर सब्जी उपजा कर जीवन यापन करने वाले किसानों पर पड़ रहा है। मुख्यालय में स्थित सब्जी बाजार अब पूर्ण रूप से अतिक्रमण का भेंट चढ़ चुका है। जिसके कारण किसानों के पास अब कोई सब्जी बाजार के लिए जगह नहीं बच पायी है। बीते लगभग चार वर्षो से पशु चिकित्सालय के कैंम्पस में किसान सब्जी बेच रहे थे, लेकिन अब उस जगह पर वन विभाग द्वारा पूरे कैंम्पस में पौधारोपण कर घेराबंदी कर दी गई है। किसान चितिंत है कि अब सब्जी कहां पर बेचा जाए। हालांकि वर्तमान विधायक कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता द्वारा उस जगह पर पौधा लगाने से मना भी किया गया था। बावजूद पूरे कैंम्पस पौधा लगा दिया गया।




**विधायक ने रखा था गोवर्धन मैदान नाम :** मालूम हो कि उस मैदान का नाम भी विधायक मेहता के द्वारा गोवर्धन मैदान रखा गया था। जगह के अभाव के कारण ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी लेकर आने वाले किसान अब बाजार जाने से कतराने लगे हैं। कई किसान सब्जी लेकर बाजार तो पहुंच रहे हैं, पर यहां जगह नहीं मिल रही है। जगह नहीं रहने के कारण अब किसान सड़क किनारे ही बैठकर सब्जी की बिक्री करने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। शाम होने के बाद अगर कम दाम में ही सब्जी बेचकर घर जाना चाहते हैं, तो उसमें भी स्थानीय सब्जी दुकानदारों से तू-तू मैं-मैं की नौबत आ जाती है। स्थानीय दुकानदार कम दामों में सब्जी बिक्री करने नहीं देते है। आखिर में किसानों के पास सब्जी फेक कर घर जाने के अलावे कोई दूसरा उपाय नहीं सूझता है। यही कारण है कि सब्जी की खेती करने वाले किसानों की संख्या भी अब घट रही है।

**बाजार हुआ अतिक्रमण का शिकार :** जब प्रखंड मुख्यालय स्थित लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अतिक्रमण नहीं हुआ था, तब भारी संख्या में किसान सब्जी लेकर बाजार पहुंचते थे। धीरे-धीरे आधे से अधिक हिस्से में सब्जी के बाजार के जगह पर लोग घेराबंदी कर अपने पक्के दुकान का निर्माण कर लिया गया तो कहीं लोग झोपड़ीनुमा दुकान बनाकर जमीन का अतिक्रमण कर लिया गया है। हालांकि 2014 में अतिक्रमित जगह को खाली कराने के लिए अंचल कार्यालय द्वारा अतिक्रमण की जगह को तोड़कर खाली कराया गया था, लेकिन उस जमीन की जमाबंदी कर खरीद बिक्री भी शुरू करा दी गई। नतीजा अब किसी को सब्जी की टोकरी रखने की जगह भी लेस्लीगंज बाजार में नहीं मिल पा रही है। कई किसानों ने बताया कि जनप्रतिनिधि विकास के काम तो करते हैं, लेकिन स्थायी बाजार लगाने के लिए नहीं सोचते हैं। नतीजा है कि अब प्रखंड मुख्यालय में हम लोग को सब्जी बेचने के लिए भी जगह नहीं है। ज्ञात हो कि वर्तमान में सब्जी बेचने वाली जगह पर जनवरी-फरवरी माह में पशु मेला भी लगाया जाता रहा है।

### नई जगह का चयन किया जायेगा : अंचलाधिकारी

इस संबंध में अंचलाधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है, जल्द ही नई जगह का चयन कर सब्जी बाजार स्थानांतरित किया जाएगा।



## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर लगभग 12 बजे टेंपो व बाइक में टक्कर में होने से 52 वर्षीय शीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार शीला देवी बाइक से मेदिनीनगर से लेस्लीगंज जा रही थी। इस बीच टेंपो ने बाइक में टक्कर मार दी। मौके से टेंपो चालक टेंपो लेकर भागने में सफल रहा।

### पत्रकारिता के उद्देश्य विषयक चर्चा 16 को

**मेदिनीनगर।** समाज में विकासात्मक व सकारात्मक पत्रकारिता के उद्देश्य विषयक चर्चा कार्यक्रम लातेहार जिले के बेतला स्थित एनआईसी सभागार में सोमवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से निर्धारित किया गया है।

### 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा कचरा मुक्त भारत अभियान

# अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर जोर




**यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला जल एवं स्वच्छता समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाकर उपायुक्त ने जिले में 'स्वछता ही सेवा,कचरा मुक्त भारत अभियान' की शुरूआत की। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा। अभियान के दौरान ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन के विभिन्न घटकों के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम, गांव एवं सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छता कर्मियों के लिए हेल्थ चेकअप शिविर, दीवार लेखन, चित्रण, स्वच्छता चौपाल आदि गतिविधियों का संचालन किया जायेगा। साथ ही समुदाय को अपने गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने के लिए जन भागीदारी,अपशिष्ट प्रबंधन के उपायों को अपनाने व उपयोगिता शुल्क संग्रहण के प्रति विशेष रूप से उत्प्रेरित किया जाएगा।

**बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और जल स्रोतों की सफाई पर ध्यान**

इस वर्ष स्वभाव स्वच्छता,संस्कार स्वच्छता को थीम बनाया गया है। इसके तहत सभी सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, विभिन्न कार्यालय में अलग-अलग तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान में सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्ति पर विशेष रूप से जोर दिया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत गांव में कूड़ा-कचरा को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट को साफ करने, नालियों की साफ-सफाई,नदी पोखर, पईन एवं अन्य जल स्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। ज्यादा आवागमन वाले स्थलों के तहत बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सांस्कृतिक व धार्मिक स्थलों, हाट-बाजारों पर भी साफ-सफाई अभियान का संचालन किया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने सभी विभागों को आपस में समन्वय स्थापित करअभियान को सफल बनाने की अपील की। मौके पर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद,डीएसओ प्रीति किस्कु, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह, एनडीसी, पेयजल विभाग के विभिन्न सहायक अभियंता, स्वच्छ भारत मिशन के जिला कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र दुबे व मनोज राम समेत अन्य उपस्थित थे।

## भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने चलाया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पांडेय ने विश्रामपुर विधानसभा के अंतर्गत कजरु कला, कांडी, बसना समेत दर्जनों ग्राम का दौरा किया। उन्होंने बताया कि चुनाव नजदीक है तो हेमंत सोरेन को जनता की याद आई है। लुभावने वादे और लुभावने हरकतें दिखा रहे हैं। जो जनसेवा के लिए समर्पित रहता है वह निरंतर जनसेवा में जुटा रहता है। उन्होंने कहा कि कनहर के पानी के लिए, सिंचाई के लिए भाजपा सरकार ने जो योजनाएं स्वीकृत हुई थी, वह ठप पड़ी हुई हैं। किसान की बात करने वाले हेमंत सरकार को किसानों की सुध नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की। बताया कि पक्के मकान का सपना जिस तेजी से प्रधानमंत्री के कार्यकाल में पूरा हुआ वह कभी नहीं हुआ था। भारत सरकार के केंद्रीय बजट 2018 में आयुष्मान भारत की घोषणा की गई है, जिसके दो मुख्य स्तंभ रहे।

### बकाया बिजली बिल हो चुका माफ, इसे लेकर कहीं न जाएं उपभोक्ता : पंसस

**मोहम्मदगंज।** राज्य सरकार ने सभी उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ कर दिया है। बावजूद इसके इसे लेकर बरगलाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जरूरी कागजात के साथ फलां केंद्र में पहुंचकर ऑनलाइन आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बिल माफ करा लें। मगर बिजली बिल माफ कराने के लिए ऐसा कुछ भी नहीं कराना है। यह जानकारी पंसस ममता देवी और युवा समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने आधिकारिक तौर पर पड़ताल के बाद दी है। इसमें उन्होंने कहा है कि इसके लिए कोई कहीं नहीं जाएं। बिजली बिल माफ कराने के लिए न ही किसी को पैसा दें, क्योंकि ऊपर से ही सब का बिजली बिल जीरो हो चुका है। इस संबंध में उनकी बिजली विभाग के एसडीओ से भी बात हुई।

## युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं: अमृता सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समग्र शिक्षा अभियान के तत्वावधान में शुक्रवार को सीएम उत्कृष्ठ विद्यालय के मैदान में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अमृता सिंह, एपीओ मुत्थु कुमार, नोडल स्पोर्ट्स शिक्षक अरविंद दुबे ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। कार्यक्रम का संचालन मध्य विद्यालय पंसा के शिक्षक कमलेश दुबे ने किया। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है। विद्यार्थी खेल जगत में भी अच्छा कर सकते हैं। उन्होंने प्रदेश स्तर पर पलामू के विद्यार्थियों को नाम रौशन करने उम्मीद जतायी। एपीओ मुत्थु कुमार ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के अतिरिक्त खेल के क्षेत्र में भी अच्छी पहचान बना सकते हैं। उन्होंने कई राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को खेल के प्रति उत्साहित किया। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 बालक-बालिका वर्ग में एथलेटिक्स, खोखो, कबड्डी, फुटबॉल, कराटे, बैडमिंटन, साइकलिंग, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल आदि खेलों में खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। आयोजन के पहले दिन बालक-बालिका के सभी वर्गों का दौड़ प्रतियोगिता करया गया। सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के सैकड़ों स्कूली विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## शायरा बानो हत्याकांड का नहीं मिला सुराग पुलिस गिरफ्त से बाहर नामजद आरोपी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के कुंड मुहल्ला टीला निवासी शायरा बानो की धारदार हथियार से काटकर हत्या मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। महिला के बेटे रियाज अंसारी ने इस बाबत अपने पिता समेत सात अन्य लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। हत्या का मुख्य आरोपी शयरा बानो का पति शहाबू अंसारी घटना के बाद से ही फरार है। हत्या के पीछे की वजह जमीन विवाद बताई गई थी। शहाबू का अपनी पत्नी से पूर्व में भी कई बार विवाद हो चुका था। घटना के कुछ देर बाद ही स्टेशन शहाबू को उसके ऑटो चालक बेटे ने रात्रि एक बजे स्टेशन पर देखा था। अपने पुत्र से उसने बनारस जाने की बात कही थी। सुबह उठने के बाद परिजन ऊपर गए तो महिला को खून से लथपथ देखा। जानकारी के मुताबिक सहाबू और उसकी पत्नी दोनों में हाल के दिनों में संबंध अच्छे नहीं होने के कारण अलग-अलग रह रहे थे। शहाबू अपने बड़े भाई के बेटों के साथ रहता था। वह करीब 10-15 दिनों से अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। बीच-बीच में उसने कई बार जमीन के दस्तावेज में मांगा, लेकिन उसकी पत्नी ने इनकार कर दिया। रियाज ने अपने पिता शहाबू अंसारी, फिरोज अंसारी, अफरोज अंसारी, इम्तियाज अंसारी, असलम अंसारी, हजरत मियां माजीद मियां पर भी साजिश रच कर तेज धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

**पुलिस कर रही आरोपी की तलाश : आईओ**

इस संदर्भ में मामले के आईओ कलिका राम ने बताया कि महिला की हत्या में प्रथम दृष्ट्या उसके पति पर ही शक की सूई जा रही है। वह घटना के तुरंत बाद ही घर से फरार हो गया। स्टेशन पर बड़े बेटे से मिलने के बाद उसने अपना मोबाइल भी स्वीच ऑफ कर दिया। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उसे ट्रेस करने में टेक्निकल सेल का भी सहारा लिया जा रहा है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच करते हुए आगे बढ़ रही है।

## बीड़ी पत्ता चोरी मामले में एक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत 10 सितंबर को चिंयाकी स्थित हेरिटेज स्कूल के पीछे बीड़ी पत्ता गोदाम से 1400 सौ बोरा बीड़ी पत्ता चोरी मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। चोरी मामले में पुलिस ने देवघर जिला के मधुपुर थाना के ग्राम लालगढ़ से चोरी का 49 बोरा बीड़ी पत्ता को जब्त कर मकबूल हुसैन के 40 वर्षीय पुत्र अशरफ हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से मोबाइल भी जब्त की है। पुलिस ने अशरफ को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि बीड़ी पत्ता चोरी का मामला थाना में दर्ज होने के बाद से ही पुलिस आरोपी की पहचान कर छापेमारी अभियान चला रही थी। उन्होंने बताया कि चोरी की घटना में कौन-कौन शामिल रहा है। इसकी भी सुराग का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। छापेमारी अभियान में उनके साथ एसआई मनोज मुंडा, हवलदार राजमोहन राम, आरक्षी निरंजन कुमार, चालक रामलाल शर्मा साथ मौजूद थे।

## डायरिया से भाई-बहन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के रामगढ़ के केवाल गांव में डायरिया से भाई और बहन की मौत हो गई है। वहीं इस बीमारी से कई लोग संक्रमित हैं। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग के टीम मौके पर पहुंची है और बीमार लोगों का इलाज कर रही है। थाना क्षेत्र के रामगढ़ के केवाल गांव में मंगलवार को प्रदीप प्रजापति नामक व्यक्ति के छह वर्षीय बेटी अंजली कुमारी, अंजनी कुमारी और भाई रोहित कुमार को उल्टी और दस्त हो रही थी। इसके बाद देखते देखते तीनों बच्चों की हालत खराब हो गई। परिजनों तीनों का इलाज के लिए छतरपुर के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया। छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल से तीनों को इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## प्रकृति पर्व करमा आज, जेएन दीक्षित छात्रावास में कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रकृति पर्व करमा के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम जेएन दीक्षित छात्रावास में प्रमंडलीय आदिवासी छात्र संघ द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधि-विधान से पाहन के रूप में इंद्रदेव उरांव द्वारा नेतृत्व में पूजा अर्चना की जाएगी। अखाड़ा स्थल को झंडा से सजाया संवारा गया है। करम महोत्सव को लेकर खासा उत्साह है। अखड़ा की साफ-सफाई और साज-सज्जा अंतिम चरण में है। 14 सितंबर की शाम को अखड़ा में करम देव की स्थापना होगी, जिसके बाद पूजा की जायेगी। करम की कथा सुनायी जायेगी। अखड़ा में रात भर जागरण रहेगा। करम देव को लाने के लिए युवा सोमवार की शाम को ढोल, मांदर और नगाड़े के साथ नृत्य करते और गीत गाते निकलेंगे। डाली काटने के पूर्व करम वृक्ष की तीन बार परिक्रमा करेंगे और विधि-विधान से पूजा करेंगे। अर्पण, टीका-सिंदूर कर अरवा धागा लपेटेंगे। करमा पर्व भाद्र मास के एकादशी तिथि को मनाया जाता है। यहां के आदिवासी और राज्य के लोग बड़े धूमधाम से यह पर्व मनाते हैं।

### टेक्निकल सत्र | वाईएसएनएम कॉलेज का दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

# विद्यार्थियों के करियर में एनईपी के महत्व पर मंथन

**कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा सहभागिता प्रपत्र दिया गया**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज के तत्वावधान में एनईपी 2020 के तहत आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गया। कार्यशाला के दूसरे दिन प्रथम टेक्निकल सत्र की मुख्य वक्ता डीएचटीई रांची के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. विभा पांडेय थी। द्वितीय टेक्निकल सत्र के वक्ता एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉ. एमके दीपक थे। डॉ. विभा पांडेय ने एनईपी 2020, स्वयं पोर्टल व मूक्स पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों के करियर में एनईपी के महत्व के बारे में बताया। साथ ही शिक्षकों के जीवन में उनके ट्रेनिंग व प्रमोशन से संबंधित जो आवश्यक है उसे भी बताया। डॉ. एमके दीपक ने एनईपी 2020 पाठ्यक्रम के रूपरेखा, मूल्यांकन प्रक्रिया पर व्याख्यान दिया। एनपीयू में लागू पाठ्यक्रम के पूरे सिलेबस, क्रेडिट, विषय चयन के बारे में विस्तृत रूप से पीपीटी प्रस्तुत कर व्याख्यान की। कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा सहभागिता प्रपत्र दिया गया। मंच संचालन होम साइंस के सहायक प्राध्यापिका डॉ. मिनी व गणित के सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक कुमार पंडित ने संयुक्य रूप से किया। फिलॉसफी के सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित भगत ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यशाला का समापन किया। मौके पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोहिनी गुप्ता, डॉ. सुप्रिया सोनालिका, डॉ. मशरिक जहां, डॉ. जेनिफर, डॉ. शालिनी सहित शिक्षक व छात्राएं मौजूद थी।

### सड़क दुर्घटना में छात्रा घायल

**मेदिनीनगर।** छतरपुर थाना क्षेत्र के धोबीडीह गांव निवासी सुरेंद्र यादव की पुत्री रिया कुमारी उम्र 12 वर्ष प्राइवेट स्कूल वाहन से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया की शुक्रवार की सुबह रिया कुमारी प्राइवेट स्कूल वाहन से छतरपुर गोसाईडीह राजकीय उच्च विद्यालय पढ़ने के लिए जा रही थी। इसी बीच रास्ते में वाहन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई और बेहोश हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के बाद भी चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया।

## न्यूज बॉक्स

### सीताराम येचुरी का निधन, शोकसभा

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर पलामू पेंशनर समाज के कार्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता केडी सिंह की अध्यक्षता में शोकसभा का आयोजित की गई। संचालन शिक्षक नेता सुरेश ठाकुर ने किया। माकपा के जिला सचिव सचितानंद तिवारी उर्फ नेहरू ने कहा कि सीताराम येचुरी न सिर्फ माकपा नेता थे, वरण देश के ख्याति प्राप्त नेता थे। वह जीवन पर्यंत भारतीय जनगण के लिए संघर्ष करते रहे। बलराम तिवारी ने कहा कि उनसे मिलने का मौका मिला। वह मिलनसार व गांव-शहर को जानने का प्रयास करने वाले नेता थे। उनके निधन से भारतीय राजनीति को अपूरणीय क्षति हुई है। वामपंथी विचारों के वाहक नंदलाल सिंह ने कहा कि हरकिशन सिंह सुरजीत की परंपरा को आगे बढ़ाया। वह वाम एकता के पक्षधर थे। मजदूर आंदोलन की अग्रणी नेता थे। मार्क्सवादी जगत के साथ देश को उन पर नाज था। धनंजय सिंह अधिवक्ता ने कहा कि सीताराम येचुरी जैसा ईमानदार नेता की देश की जरूरत है। पेंशनर समाज के पूर्व अध्यक्ष झुबल राम ने कहा कि मजदूरों और दलितों के सर्वमान्य नेता थे। किसान प्रकोष्ठ के नेता ईश्वरी मेहता नेता, शिक्षक नेता राजेद्र शुक्ला, उमर अंसारी, रामरेश तिवारी, शिक्षक नेता भिखारी राम, पेंशनर समाज के पूर्व सचिव कुलदीप सिंह चेरो, बालकेश तिवारी,जनार्दन तिवारी, शिवप्रसाद महतो,राजदेव दुबे ने भी अपने विचार रखें। शोक सभा के अंत में सभी लोगों ने सीताराम येचुरी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के पुनः अध्यक्ष बने डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ

**मेदिनीनगर।** जिले के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ को एक बार फिर से लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर का अध्यक्ष चुन लिया गया। क्लब के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉ. सिद्धार्थ को फिर से अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव पारित किया। उनका कार्यकाल 2024-25 के लिए होगा। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय चिंयाकी स्थित द गुरूकुलम इंटरनेशनल स्कलू में किया गया था। बताते चलें कि डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संथापक अध्यक्ष भी थे। उनके क्लब के प्रति समर्पण और उत्साह को देखते हुए सदस्यों ने उनको एक और कार्यकाल के लिए निर्वाचित करने का फैसला किया है। साथ ही नीलेश चंद्र को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। डॉ. निशांत कुमार कोषाध्यक्ष का कार्यभार दिया गया है। क्लब के नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हो गया। कन्वेनर गुरबीर सिंह व मेंबरशिप चेयरपर्सन एडवोकेट लीली मिश्रा के साथ सभी पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों को लायंस क्लब की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फर्स्ट वीडी जी लायन संजय कुमार, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ समीर खन्ना, चेयरपर्सन उमेश अग्रवाल सहित रेड क्रॉस के सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, पलामू क्लब के सचिव सुधीर सिंह, फेब्स के अध्यक्ष एडवोकेट सीके मिश्रा व विभिन्न समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों की उपस्थिति थे। मौके पर डॉ. प्रवेश प्रियंका, आनंद साह, पुष्पा चंद्र, अनुराधा मिश्रा, डॉ. अभय, डॉ. अमित, डॉ. उदय, डॉ. गौरव विशाल, राघवेंद्र सिंह, नवीन पांडेय, ऋषिकेश दुबे, परिमल प्रसून, अमुक प्रियदर्शी, नीलेश चंद्र, गुरबीर सिंह, मुकेश अग्रवाल, रंजन अग्रवाल, फिरोजुद्दीन अंसारी, रंजीत कुमार मिश्रा मौजूद थे।

### बाबा गणिनाथ जयंती समारोह आज

**मेदिनीनगर।** मध्यदेशीय वैश्य हलवाई समाज द्वारा परम पूज्य बाबा श्री गणिनाथ जी का जयंती पूजन महोत्सव 14 को स्थानीय टाउन हॉल में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। समाज द्वारा इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। इस मौके पर कई कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के दिन शुक्रवार को सुबह 7:00 से लेकर 9:00 तक पूजा हवन यज्ञ समाज की महिलाओं द्वारा किया जायेगा। 9:30 बजे समाज का झंडोंत्तोलन, 10:00 बजे सामूहिक प्रसाद वितरण,11:00 बजे से शोभा यात्रा नगर भ्रमण करते हुए वापस टाउन हॉल पहुंचेगी। 1:00 बजे सामूहिक भोजन व खेलकूद प्रतियोगिता, 2:00 बजे मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत, 2:30 बजे अतिथियों का सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम, 4:00 बजे मैट्रिक में 80 प्रतिशत से ऊपर मार्क्स लाए समाज के सभी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा भी कार्यक्रम में भाग लिए सभी बच्चों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जयंती पूजन समारोह में पलामू प्रमंडल के पलामू, गढ़वा, लातेहार जिला के सभी प्रखंड पंचायत के समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे भाग लेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे जिले में निमंत्रण पत्र घर-घर दिया जा रहा है। यह जानकारी अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह बिनू ने दी।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज व गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के बीच ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गई है। मृतक की पहचान मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के नावाटोली निवासी सन्नी अंसारी के रूप में हुई है। सन्नी का शव कजरी व राजहरा के बीच बरामद किया गया है। पुलिस अनुसंधान कर रही है कि यह हादसा है या आत्महत्या। पंड़वा थाना की पुलिस ने सन्नी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज कर मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस ने सन्नी के पास एक रेलवे टिकट बरामद किया है, जिसमें डाल्टनगंज से डेहरी तक की यात्रा का जिक्र है। परिजनों के अनुसार सन्नी अंसारी गुरुवार की रात रांची सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस से डेहरी जाने की बात बोल घर से बाहर निकला था। सुबह पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि उसका शव रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। पंड़वा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना के आलोक में पंड़वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची थी। बाद में शव की पहचान मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रहने वाले सन्नी अंसारी के रूप में हुई।

### किसान बिजली और बारिश की दगाबाजी से परेशान, प्रशासन

**बिश्रामपुर।** कांडी प्रखंड में पिछले एक पखवारे से बारिश नहीं होने से यहां के किसान चिंतित हो उठे हैं। दूसरी तरफ पिछले एक माह से अधिक समय से बिजली की अनियमित आपूर्ति से कई किसानों की बिजली मोटर भी बेकार साबित हो रही है। अधिकतर किसान दोहरी मार झेलने को अभिशप्त हैं। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि वैसे तो पलामू प्रमंडल अकाल के लिए जाना जाता है, ,लेकिन सिंचाई परियोजना की बदहाल स्थिति इसके लिए पूर्णतया जिम्मेवार है। कई सुदूर प्रखंडों का लंबे समय से यही हाल है। इसपर राज्य की सभी सरकारों ने कभी इसपर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। श्री प्रसाद ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि खेतों में लगी मकई सहित अन्य फसलें पटवन के अभाव में सूखने लगी हैं। प्रसाद से मिलने आए कांडी के किसानों ने उन्हें बताया कि प्रखंड में बिजली की बदतर हालत और बारिश की दगाबाजी से ऊपरी क्षेत्र के धान की फसलों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रसाद ने बहुत जल्द बिजली विभाग और जिला कृषि पदाधिकारी से बात करने का आश्वासन दिया। मौके पर किसानों में प्रमुख रूप से अयोध्या केशरी, सुखदेव यादव, नवल किशोर विश्वकर्मा, रहमान कुरैशी, राम नारायण राम, कौशल चौधरी, रूपलाल कसेरा आदि शामिल थे।

## एक नजर

### स्कूल के बच्चों ने विद्यालय में प्रभात संगीत गायन किया

**मेराल** । बांका रोड स्थित एस जी एन मॉडर्न किंडर गार्टेन स्कूल के बच्चों ने शुक्रवार को विद्यालय प्रांगण में प्रभात संगीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के बच्चों ने प्रभात संगीत का गायन कर मनाया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गायन संगीत प्रस्तुत किया। मौके पर निदेशक धर्मेंद्र देव ने कहा कि प्रभात संगीत व्यक्तिगत एव परिवारिक जीवन में प्रगति के लिए महत्व पूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि सभी छात्र- छात्राओं को अपनी पढ़ाई शुरूआत करने से पहले एक प्रभात संगीत का गायन करना चाहिए, जिससे बच्चों का मानसिक एव आध्यात्मिक विकास होता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## डंडई पुलिस की अनूठी पहल

# रात में सिकड़ी बजाकर दो पहिया वाहनों को घर में रखवाया



**थाना प्रभारी ने नियम कानून के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी**

नवीन मेल संवाददाता

**डंडई।** पुलिस की ओर से गुरुवार रात्रि एक अनूठी पहल की गई है। लोगों के घरों के दरवाजे की सिकड़ी बजाकर बाहर रखे गए दो पहिया वाहनों को अंदर कराया गया। प्रखंड मुख्यालय के डंडई गांव पुरानी बाजार में बीती रात्रि पुलिस ने यह कार्रवाई की। रात्रि 11:30 बजे पुरानी बाजार पहुंचे थाना प्रभारी जनार्दन राउत के द्वारा सबसे पहले रंजन कुमार के दरवाजे की सिकड़ी बजाकर परिजनों को घर से बाहर बुलाया गया। उसके बाद नियम और कानून की जानकारी देते हुए उनके घर के बाहर लगाए गए वाहन को उन्हें अंदर ले जाने की सलाह दी गई । वहीं बिना देर किए रंजन का पुत्र अंकित के द्वारा अपने वाहन को घर के अंदर ले जाया गया । उसके बाद अन्य ग्रामीणों के घर का सिकड़ी बजा बाहर में लगाए गए दो सभी दुपहिया वाहन को भी उनके द्वारा बारी-बारी घर के अंदर कराने का काम किया गया।

### पुलिस की इस पहल की नागरिकों ने की सराहना

प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज के दिन में पढ़े-लिखे इंसान भी बेवकूफ बन बैठे हैं । उन्हें हर तरह की कानूनी जानकारी है बावजूद अपने-अपने वाहन को रात्रि में भी घर के बाहर लगाकर सो जा रहे हैं । थाना प्रभारी ने कहा कि वाहन चोरी हो जाने के बाद एक तो वे परेशान होते ही हैं। साथ ही पुलिस को भी बेवजह के परेशान होना पड़ता है । उससे बेहतर है की सुरक्षा की दृष्टिकोण से लोग अपने-अपने दो पहिया वाहन को शाम होते ही घर के अंदर लगा लें । साथ ही उन्होंने कहा कि आज पहला दिन सभी को रात्रि में जगा-जगा कर दो पहिया वाहन को घर के अंदर लगाने का निर्देश दिया गया है । निर्देश के बाद भी अगर अमल नहीं किया गया तो वैसे लोगों के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई करना शुरू कर दी जायेगी। । इस बीच कई लोगों ने पुलिस पदाधिकारियों की पहल की काफी सराहना की उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टिकोण से घर के अंदर ही दो पहिया वाहन को लगाना काफी उचित है।

## न्यूज बॉक्स

### फर्जी एप से धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा

**विशुनपुरा** । थाना ने फर्जी फोन पे ऐप की मदद से लोगों से धोखाधड़ी करने वाले दो युवक आयुष दुबे, उम्र करीब-20 वर्ष,पता-सूर्य मंदिर,पानी टंकी और हर्षित कुमार तिवारी, उम्र-करीब 19 वर्ष, पता-हरिनामाड़, दोनों थाना- चैनपुर, जिला-पलामू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आरोपी सीएसपी से नगद और दुकानों से सामान खरीद कर क्यूआर कोड स्कैन करता और फिर फर्जी ट्रांजैक्शन कर दुकानदारों से फर्जीवाड़ा करते थे। जानकारी के अनुसार 12 सितंबर दिन गुरुवार को आरोपी लड़को ने सीएसपी, दुकानदार के क्यूआर कोड स्कैन किया और फर्जी ट्रांजैक्शन कर रसीद दिखाकर धोखाधड़ी की। दुकानदार की शिकायत पर विशुनपुरा थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने तुरन्त संज्ञान में लेते हुए दोनों युवकों को पकड़ कर पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि वह दुकान पर जाकर क्यूआर कोड स्कैन कर दुकानदार को ट्रांजैक्शन मैसेज दिखा देते थे और सामान या पैसा ले लेते थे। वे नकली यूपीआई ऐप के जरिये क्यूआर कोड स्कैन करते है और फिर पेमेंट करके फर्जी स्क्रीन शॉट शो करता है। इस ऐप्स में पेमेंट करने के बाद साउंड नोटिफिकेशन भी आता है, जो बिल्कुल रियल ऐप की तरह लगता है। ऐसे में साउंड और स्क्रीन शॉट से दुकानदार या लोगों को लगता है कि पेमेंट हो गई है और वह इस तरह स्कैम में फंस जाते थे।

### 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान सफलतापूर्वक संपन्न

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत खरौंधी, पंचायत मझिगावां में शुक्रवार को 'एक पौधा माँ के नाम' बीडीओ रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में शुरुआत की गई। इस अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और समाज में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसे संरक्षित करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ पर्यावरण मिल सके। कार्यक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अंकित कुमार, कनिय अभियंता अविनाश कुमार, अंचल निरीक्षक मोजिब खान, प्रधान सहायक संजय सक्सेना समेत पंचायत की ग्रामीण जनता भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधारोपण किया और वृक्षों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

### जिला परिषद की भूमि का सीमाकंन कर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

**भवनाथपुर।** झारखंड जिला परिषद सदस्य महासभा के संस्थापक सह भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा को पत्र लिखकर गढ़वा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि को स्थानीय व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किए जाने के मामले में यथाशीघ्र सीमांकन कराते हुए हो रहे अतिक्रमण से बचने की निवेदन की है। रंजनी शर्मा ने कहा है कि जिला के सभी प्रखंडों में जिला परिषद की भूमि का अतिक्रमण स्थानीय व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है, जो कि अवैध है। उन्होंने उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद गढ़वा से अनुरोध किया है कि वे यथाशीघ्र सीमांकन कराते हुए हो रहे अतिक्रमण से बचने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

### शिविर में सबसे अधिक अबुवा आवास का आवेदन

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत खुरी पंचायत सचिवालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चिनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी अंचल अधिकारी उमेश्वर यादव, प्रमुख सुनैना देवी, पंचायत के मुखिया समुद्री देवी झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की । वही कार्यक्रम में कल 771 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसमें अबुआ आवास के 355, केसीसी 15, मुख्यमंत्री पशुधन से संबंधित 24, बिजली से संबंधित एक,राशन कार्ड 33,श्रमदान पोर्टल नया पंजीकरण 22,15वे वित्त आयोग से एक, राजस्व एवं अन्य एक, मनरेगा एवं अन्य 171, सर्वजन पेंशन योजना 107, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास बोर्ड एक, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 37, व भूमि संरक्षण विभाग से तीन आवेदन सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल से प्राप्त हुए । मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने कहा कि आप अधिक से अधिक आवेदन देकर लाभ प्राप्त करें। वहीं प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने भी झारखंड सरकार के द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में बताया एवं योजनाओं को लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में ऐसा कभी भी देखने को नहीं मिला है कि गांव में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर यहां के अंतिम लोगों की बात को सुना जा सके।

## महिलाओं को रोजगार के लिए 8 लाख का चेक दिया गया



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** सिंदुरिया पंचायत के रेलवे साइडिंग दुर्गा मंदिर परिसर में शुक्रवार को 'आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रखंड प्रमुख शोभा देवी,बीडीओ नंदजी राम, उप प्रमुख पिंटू टोपनो,पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह,मुखिया नंदलाल पाठक, उप मुखिया वैश खान, बीडीसी संजू देवी,ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि 'आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार' अभियान चलाया जा रहा है। ताकि कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहे। इस मौके प्रमुख, बीडीओ, उप प्रमुख,मुखिया,उप मुखिया, बीडीसी ने सयुक्त रूप से जेएसएलपीएस सखी मंडल की महिलाओं को रोजगार के लिए 8 लाख का चेक दिया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम राकेश कुमार ने किया।इस मौके पर सीआई इंतिखाब आलम,कल्याण पदाधिकारी राजगीर राम,पंचायत सेवक अजित सिंह,नवनीत कुमार, जेएसएलपीएस के बीपीएम मोनिका डोडराय, अशोक कुमार, कौशल कुमार सिंह, गौरव कुमार, श्रम मित्र नंदू राम, पंकज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रदीप गुप्ता, मुकेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### यौन शोषण के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**डंडई।** पुलिस ने थाना कांड संख्या 58/2024 के आरोपी मकसूद आलम को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया है। थाना प्रभारी जनार्दन राउत ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को निवास स्थान रारो गांव से गिरफ्तार किया गया है । उन्होंने कहा कि शादी का झांसा देकर आरोपी पर यौन शोषण का आरोप था। उसी के आरोप में गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा गया है।

## मध्य विद्यालय घाघरा के बच्चों ने आठ मेडल जीते



नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** खेलो झारखंड प्रतियोगिता प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम में पी एम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के बच्चों ने अपना परचम लहराया। 5 गोल्ड सहित कुल 8 से अधिक मेडल प्राप्त किए। जिसमे 200 मीटर की दौड़ में कृष्णा यादव, लड़की में नंदनी कुमारी, 800मीटर की दौड़ में अभिषेक टोप्पो,उच्ची कूद में संजू कुमारी ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। वहीं कबड्डी में भी गोल्ड मेडल मिला। टीम की कैप्टन गुलनाज परवीन थी। 100मीटर की दौड़ में गुलनाज परवीन ,लंबी कूद में पूजा कुमारी,100मीटर दौड़ में लक्की कुमार ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया । गुरुवार को प्रार्थना सभा में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार चौबे ने किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी, रामनंदन बैठा, सहायक शिक्षक राकेश कुमार चौबे,उदय कुमार उपस्थित थे।

## महासभा का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति और भाषा की रक्षा करना है: मिंज

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़** । अखिल भारतीय आदिवासी महासभा केंद्रीय कमिटी द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्रीय अध्यक्ष जे. पी. मिंज ने कहा कि अखिल भारतीय आदिवासी महासभा एक सामाजिक संगठन है। इसका मुख्य उदेश्य आदिवासी सभ्यता संस्कृति भाषा एवं दर्शन की रक्षा करना, आदिवासियों के मुख्य समस्याओं को दूर करने के लिये संघर्ष करना तथा चुनाव के समय आदिवसियों को उचित दिशा- निर्देश देना हैं। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के संविधान के अनुसार चुनाव में सीधी भागीदारी अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का कतई नहीं हैं। किन्तु हाल के दिनों में अखिल भारतीय आदिवासी महा सभा के कुछ वरिष्ठ सदस्य केंद्रीय कमिटी के निर्णय एवं महासभा के संविधान का उल्लंघन करते हुए चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं तथा वे विभिन्न प्रखंडो में जा कर अपनी पार्टी का कमिटी गठन कर रहे हैं । अतः हम आदिवासियों को सचेत करना चाहते हैं कि वे इस तरह के नयी पार्टियों के षडयंत्र का शिकार न हों। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव फिलिप कुजूर ने कहा कि संविधान के अनुसार अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का कोई भी सदस्य अपने नाम के साथ अखिल भारतीय आदिवासी महासभा का नाम लगा कर चुनाव नहीं लड़ सकता है। ऐसा करना महासभा के संविधान के खिलाफ होगा ,अगर महासभा का कोई सदस्य चुनाव लड़ना चाहता है तो वह अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के सदस्यता से इस्तीफा देकर ही चुनाव लड़ सकता हैं।

### लाभुकों का आरोप, दो तराजू से होता है खाद्यान्न वितरण

## जांच कर की जाएगी नियम संगत कार्रवाई : डीएसओ



नवीन मेल संवाददाता

**डंडई** । डंडई पंचायत में खाद्यान्न वितरण में अजीबो गजब का हाल देखा जा रहा है । पंचायत के कुछ जन वितरण दुकानदारों के द्वारा सरकारी मानक के अनुसार बिना कटौती के लाभुको के बीच खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है तो कुछ दुकानदारों के द्वारा बेबाक रूप में उनके आहार में प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कठौती कर ली जा रही है । वहीं विरोध करने के बाद भी उक्त दुकानदारों के ऊपर उसका कोई असर नहीं पड़ रहा है । लाभुक नसीरूद्दीन अंसारी, इस्लामुद्दीन अंसारी,छठु प्रजापति, कासिम अंसारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हम लोगों को प्रति किलो 100 ग्राम कटौती कर दुकानदार के द्वारा प्रत्येक माह खाद्यान्न दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सितंबर महीना ही नहीं दुकानदार के द्वारा जब भी हम लोगों को खाद्यान्न दिया गया है उसमें प्रति किलो 100 ग्राम खाद्यान्न की कटौती कर ही ली गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि खाद्यान्न कटौती का हम सभी काफी विरोध भी करते हैं, लेकिन उसका असर उन पर तनिक भी नहीं पड़ता है । यहां तक की उसकी शिकायत हम सभी विभागीय पदाधिकारियो के साथ-साथ स्थानीय जन प्रतिनिधियों के पास भी करते हैं, लेकिन उनमें कोई भी दुकानदार के दुकान पर आना मुनासिब नहीं समझते हैं । नतीजन हम लोगों को दुकानदार के अनुसार ही 100 ग्राम प्रति किलो कटौती करा कर खाद्यान्न लेना पड़ता है । लाभुको ने बताया कि दुकानदार के द्वारा सिर्फ सरकारी तराजू ही नहीं, बल्कि एक अपना तराजू यानी कुल दो तराजू के माध्यम हम लोगों को खाद्यान्न देने का काम किया जाता है। लाभुकों ने कहा कि सरकारी तराजू से टैग ईपोश मशीन में शुरूआती दौर में हम लोगों का अंगूठा लगाया जाता है, उसके बाद अपना निजी तराजू पर तौलकर हम लोगों को उनके द्वारा प्रति किलो 100 ग्राम की कटौती कर खाद्यान्न देने का काम किया जाता है। लाभुकों ने राशन कार्ड के संख्या का उदाहरण देते हुए बताया कि कार्ड में पांच व्यक्तियों का नाम है तो उसके अनुसार 25 किलो खाद्यान्न मिलना चाहिए, लेकिन उसमें ढाई किलो की कटौती कर मात्र 22.500 ग्राम ही दुकानदार के द्वारा खाद्यान्न दिया जाता है जो लगभग सप्ताह दिन का खुराक छिन जाता है। मामले में पूछने पर डीएसओ रामगोपाल पांडे ने कहा कि जांच कर वैसे जन वितरण दुकानदारों के खिलाफ नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

## प्रोजेक्ट रेल परीक्षा विद्यालयों में सफलता पूर्वक सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी।** झारखंड काउंसिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग रांची द्वारा आयोजित प्रोजेक्ट रेल परीक्षा शुक्रवार को खरौंधी प्रखंड के सभी विद्यालयों में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। इस परीक्षा में कक्षा प्रथम से बारहवीं तक के छात्रों ने भाग लिया। बीपीएम नवीन प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास करना और शिक्षा में सुधार लाना है। परीक्षा के दौरान छात्रों को विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए, जिसमें गणित,अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, और भाषा के साथ-साथ सामान्य ज्ञान पर भी जोर दिया गया। प्रोजेक्ट रेल परीक्षा को लेकर बच्चों और शिक्षकों में काफी उत्साह देखा गया। इस पहल से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। नवीन प्रकाश ने आगे बताया कि इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे उनकी मेहनत को प्रोत्साहन मिलेगा। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की व उम्मीद जताई कि इस प्रकार की परीक्षाएं भविष्य में भी जारी रहेंगी, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आएंगे।

### मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का हुआ गठन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के चेचरिया स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में प्रबंधन समिति का पूर्ण गठन निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पूर्णगठन हेतु विद्यालय प्रांगण में आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता विद्यालय के निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया। आम सभा में उपस्थित अभिभावक के आपसी सौहार्द्र के माहौल में 12 सदस्य समिति का गठन किया गया। प्रबंधन समिति का अध्यक्ष मुबारक खलीफा, उपाध्यक्ष रिंकी देवी एवं संयोजका सुषमा देवी को चयन किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति का पूर्णगठन के लिए पर्यवेक्षक के रूप में बीआरपी श्रीकांत चौबे देखरेख में संपन्न हुआ।

## मझिगावां में 'सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम में 772 आवेदनों में से 237 का हुआ त्वरित समाधान



नवीन मेल संवाददाता

खरौंधी। प्रखंड के मझिगावां पंचायत में ₹सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार किया गया। जिसका उद्घाटन बीडीओ रविन्द्र कुमार,प्रमुख आभा रानी,बीपीओ अंकित कुमार, मुखिया बिंदा देवी,बीडीसी कृष्णा राम ने संयुक्त रूप से किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता को सरकार की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं से अवगत कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान मझिगावां पंचायत के ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किए। शिविर में कुल 772 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 237 आवेदनों का त्वरित समाधान मौके पर ही किया गया। बीडीओ रविंद कुमार ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान होती है और जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से हो पाता है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा और उनमें से कई को मौके पर ही निपटाया गया, जिससे लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा। प्रमुख आभा रानी ने शिविर में भाग लेने वाले ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय-समय पर ऐसे शिविरों में भाग लेकर अपनी समस्याओं का समाधान कराएं।

**प्रदर्शन** — कॉलेजकर्मी लंबित मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से दे रहे धरना

## पूर्व मंत्री ने धरने पर बैठे शिक्षकों से की बातचीत, कहा - न्याय होगा

**शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के सचिव पर लगाए गंभीर आरोप**




नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज महदेईया में शासी निकाय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव और कालेज कर्मियों के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कॉलेज के कर्मियों ने अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर पिछले 20 दिनों से कॉलेज गेट पर धरना दे रहे हैं। वहीं, शासी निकाय के सचिव शिक्षकेतर कर्मियों को बेवजह बदनाम करने का आरोप लगा रहे हैं। हड़ताल पर बैठे कॉलेज कर्मियों का कहना है कि जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। इसी क्रम में क्षेत्रीय विधायक सह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भानू प्रताप शाही ने गुरुवार को एसपीडी कॉलेज पहुंचे। जहां उन्होंने धरने पर बैठे शिक्षकों से बातचीत की। बातचीत के क्रम में कालेज कर्मियों ने बारी- बारी से अपनी परेशानियों को विधायक के समक्ष साझा किया। शिक्षकों ने विधायक को बताया कि शासी निकाय के सचिव राज राजेंद्र प्रताप देव के द्वारा कॉलेज के बड़ा बाबू के साथ धक्का मुक्की की गई। जब इसकी शिकायत थाना में की गई तो पुलिस द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि आवेदन को दबा दिया गया। इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य राजू प्रसाद को मनमाने तरीके से बिना शासी निकाय के सूचना और अनुमति के हटाकर डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य कृष्णा जायसवाल को बना दिया गया। साथ ही राजू प्रसाद राज एवं मदन सिंह का जनवरी माह से वेतन भी रोका गया है। इस अवसर पर विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि शासी निकाय के खिलाफ पिछले कई दिनों से शिक्षक अनिश्चितकाल धरना पर बैठे हैं।

## भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन की हवा चल पड़ी है: पूर्व विधायक




नवीन मेल संवाददाता

**रमना।** शुक्रवार को पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव बहियार खुर्द पंचायत के आदिवासी बाहुल्य सपही में करमा पूजा से पूर्व ग्रामीणों से मिलकर झारखंड सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं के बारे में बताया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अनंत प्रताप देव ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार प्रदेश वासियों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। इनमें से एक है 'मंईयां सम्मान योजना' इस योजना के तहत 18 से 49 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए का सम्मान राशि सीधे लाभुक के खाते में दे रही है। चार करोड़ से अधिक घरेलू बिजली उपभोग्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ कर बड़ी सौगात दी है। छात्राओं को सावित्री बाई फूले योजना का लाभ मिल रहा है। सरकार द्वारा झारखंड और यहां के निवासियों की बेहतरी के लिए किए जा रहे प्रयास से विपक्षी बौखला गये हैं । उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भी परिवर्तन की हवा चल पड़ी है। यहां के विपक्षी,ग्रामीणों को जाति और धर्म में बाटना चाहते हैं, लेकिन उनका यह मंसूबा सफल नही होगा। सभा को मानवेद्र प्रताप देव,मुक्तेश्वर पांडेय,प्रदीप सिंह, ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जगदीश यादव,नरेश साह,राजेंद्र उराव रोहित वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### फरार अरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

**महुआडांड़।** पुआनि पारस मुनी के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के फरार अभियुक्त जोगेन्द्र उरांव, पिता-रंजित उरांव, पता-गढ़गांव, थाना सेन्हा, जिला लोहरदगा के घर पर इश्तेहार चिपकाया गया। इश्तेहार न्यायलय के आदेश पर चिपकाया गया है। मौके पर पुलिस बल मौजूद रहें।

### आदिम जनजाति परिवारों के बीच खाद्यान्न का वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के बीच शुक्रवार को खाद्यान्न का वितरण किया गया। खाद्यान्न का वितरण गोदाम प्रबंधक चितरंजन शर्मा द्वारा किया गया। बताया गया कि 13 बिरहोर परिवारों को 35-35 किलोग्राम चावल व नमक दिया गया। जबकि तीन परिवारों को पांच-पांच किलोग्राम चावल व नमक उपलब्ध कराया गया।यह खाद्यान्न सितंबर 2024 माह का दिया गया। खाद्यान्न देने के पश्चात बिरहोर परिवारों को वर्षा के इस मौसम में ताजा भोजन करने की सलाह दी गई। जबकि साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने की अपील किया गया।वितरण के मौके पर चितरंजन सर्मा,सहित कई लाभुक उपस्थित थे।

### मुखिया संघ ने उपायुक्त से आवंटन में सुधार की मांग की

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास के पंचायतवार आवंटन का मुखिया संघ ने विरोध किया है। इस बाबत मुखिया संघ ने उपायुक्त को पत्र प्रेषित कर आवंटन में सुधार करने की मांग की है। बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास निर्माण को लेकर जिला से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 83 आवास का आवंटन प्राप्त हुआ है। जिसमें पहरा पंचायत को 41, बारियातु को 21, द्वारी को आठ,गिद्धौर को तीन, मंझगांवा व बारिसाखी को पांच पांच आवास निर्माण का आवंटन प्राप्त हुआ है। जो कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। मुखिया संघ ने जनसंख्या व लक्ष्य के अनुरूप आवंटन देने की मांग की है। विरोध करने वालों में गिद्धौर मुखिया निर्मला देवी, बारिसाखी के सुमीरा कुमारी, द्वारी के जगदीश यादव व मंझगांवा के सरिता देवी शामिल हैं।

### शिविर में लाभुकों को मिला लाभ

**चंदवा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रखंड के मालहन पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को बीडीओ चंदन प्रसाद,मुखिया जतरु मुंडा,प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग के कर्मियों ने स्टॉल लगाकर पंचायत के लोगों की समस्या सुनी व ऑन द स्पॉट कई समस्याओं का निष्पादन भी किया। शिविर में मंईयां सम्मान योजना,अबुआ आवास योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप योजना,जाति,आय,जन्म, मृत्यु,दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राजस्व से जुड़े मामले,सर्वजन पेंशन योजना,सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,किसान क्रेडिट कार्ड योजना,आधार कार्ड संबंधित आवेदन प्राप्त किये गए। शिविर में कई विभागों के स्टाल लगाए गए थे। मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि ग्रामीण अपनी समस्या व अधिकार के प्रति जागरूक हो और अपने अधिकार को इस शिविर के माध्यम से प्राप्त करे। मौके पर सीआई महेश सिंह,लव कुमार,रोहित मेहता,रितेश कुमार,बालदेव गंझू,एतवा भगत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण व लाभुक मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरा को लेकर उपायुक्त ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 19 को गढ़वा लातेहार में

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** आगामी 19 सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का गढ़वा व लातेहार का संयुक्त एक दिवसीय कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार गढ़वा में प्रस्तावित है। कार्यक्रम को सफल संचालन व अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने समीक्षा के क्रम में कहा कि योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं और शत-प्रतिशत लाभुकों को उक्त योजनाओं के तहत आच्छादित करें। साथ ही सभी विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर कार्यों को गति के साथ करें, ताकि उक्त कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाए। उपायुक्त ने लाभुकों के बीच वितरित किए जाने वाले परिसंपत्तियों की जानकारी प्राप्त की। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना, स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जाति आवास, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, धोती, साड़ी लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, आयुष्मान कार्ड समेत अन्य योजनाओं के तहत प्रखंड वार शिविरों में प्राप्त हुए आवेदनों व अब तक निष्पादित किए गए आवेदनों की समीक्षा की। इस दौरान लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने व योजनाबद्ध तरीके से लाभुकों को लाभ देने के संबंध में कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कम डिस्पोजल वाले प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अधिक से अधिक निष्पादन करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार द्वारा जिन मुख्य योजनाओं को चिन्हित किया गया है उनमें सभी अधिकारियों का यह दायित्व है कि उन सभी योजनाओं में शत प्रतिशत योग्य लाभुक योजना का लाभ लें। इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता पूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आमजनों को सरकार की सभी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ मिले इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, जिला भू अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनि टोपनो, जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनाथ चौरसिया, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, डीपीएम, खरछढर एवं संबंधित अधिकारी व कर्मी तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## करमा पूजा को लेकर विधि व्यवस्था का लिया जायजा



**महुआडांड़।** नेतरहाट में शनिवार को कर्मा पूजा महोत्सव मनाया जा रहा है। करमा पूजा के विधि व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नेतरहाट थाना प्रभारी अरविंद हेरेंज ने भम्रण कर जायजा लिया। शुक्रवार को कर्मा पूजा करने वाली ग्रामीण महिलाओं को थाना प्रभारी अरविंद हेरेंज द्वारा साड़ी और वस्त्र दिया गया। साथ कर्मा पूजा हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मानने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा पर्व आपसी सहयोग के साथ मनाना है। मौके पर नेतरहाट के पूर्व पंसस अजय प्रसाद, राजू यादव, मुकेश किसान, तेजनारायण किसान, दीपक कुमार एवं समाज के अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

### युवक को हाइवा ने रौंदा, मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-चतरा मुख्य मार्ग पर हिसरी गांव के समीप शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को रौंद डाला। जिससे घटनास्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। दुर्घटना के संबंध में बताया जाता है कि बाइक सवार युवक चंदवा से बालुमाथ कि ओर जा रहा था, इसी क्रम में हाइवा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव व वाहन को अपने कब्जे में लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई है। हालांकि खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

## नि:शुल्क आंख जांच शिविर 176 ग्रामीणों को मिला चश्मा



**नवीन मेल संवाददाता**

**गारू।** गारू पूर्वी वन क्षेत्र के अंतर्गत कबरी सामुदायिक भवन में वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे के तत्वावधान में सेसा संस्था द्वारा निःशुल्क मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड के कई गांव के ग्रामीणों की आंखों की निशुल्क जांच की कर जिन्हें जरूरत थी, उन्हें मौके पर ही चश्मा वितरित किया गया। शिविर में डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमृत ने निःशुल्क अपनी सेवाएं दी। कुल 176 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें कई मरीजों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं। डॉक्टरों ने उनकी आंखों का सावधानी पूर्वक परीक्षण कर उन्हें तत्काल मौके पर ही चश्म प्रदान किया। मौके पर सेसा के सचिव सतीश कौशिक, अध्यक्ष डॉ. जसवीर बग्गा को ग्रामीणों ने धन्यवाद दिया। मौके पर वनरक्षी रोहित कुमार समेत कई स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रजगृह व मतगणना केंद्र का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** आगामी झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज,लातेहार स्थित ब्रजगृह व मतगणना केंद्र बनाये जाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मुलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को बज्रगृह सह मतगणना केंद्र नियमित रूप से निरीक्षण करने एवं पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मुलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मौके पर परियोजना निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## भारतीय किसान संघ का जिला कमेटी गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** भारतीय किसान संघ का जिला सम्मेलन मानस भवन में संपन्न हुई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश अध्यक्ष जय कुमार सिंह मौजूद थे। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष जय सिंह ने कहा कि किसानों की समस्या का समाधान तभी होगा जब किसान संगठित होंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रदेश मंत्री मनधिरण महतो ने कहा कि आज समय आ गया है कि सभी किसानों को संगठित हो। संगठन एक बैनर तले कार्य करने से एक दूसरे को मजबूती मिलेगी। किसानों के बारे में केवल बात की जाती है, उनके लिए कुछ नहीं किया जाता। यह संगठन किसानों के हित के लिए कार्य करती है। मौके पर संगठन मंत्री आचल ने संगठनात्मक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी समस्या का निजात तभी मिल सकता है जब किसान संगठित होंगे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला महामंत्री बबन मांझी ने कहा कि जिले में किसानों को कई समस्याएं हैं। इसके समाधान के लिए सभी को मिलकर एक योजना के तहत कार्य करना होगा, तभी किसान खुशहाल हो पाएंगे।

**जिला अध्यक्ष राजेश सिंह बने :** लातेहार जिला कमेटी की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महामंत्री बबन मांझी, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार पांडेय, महिला प्रमुख सुरजमानी देवी,सह महिला प्रमुख सोनी देवी की दायित्व की घोषणा की गई। मौके पर विशाल शर्मा, सुनील सिंह, महेंद्र कुमार, सुरेंद्र सिंह, सरयू प्रसाद, कजरू सिंह, कामेश्वर उरांव, मुनेश्वर यादव, प्रखंड अध्यक्ष सुमन उड़ाओ, कपीश्वर राम, मनोज उरांव, लक्ष्मण सिंह, शंभू सिंह, जमित कुमारी, गिनी देवी, चांदनी देवी पस्थित थे।

### सरकार आपके द्वार शिविर में ग्रामीणों मिला कई योजनाओं का लाभ

**गारू (लातेहार)।** गारू प्रखंड के मायापुर पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मायापुर पंचायत के मुखिया सुभाष कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष बैठा व अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर पहुंचाना था। मुखिया सुभाष कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके। शिविर में अबुआ आवास योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना,आधार कार्ड, राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड,जैसी कई योजनाओं के आवेदन और तत्काल लाभ प्रदान किए गए। अंचलाधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि सरकार हर नागरिक तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। शिविर में बीपीओ मुकेश कुमार, जिप सदस्य जिरा देवी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक समेत अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## डीएमएफटी प्रबंधन समिति ने 10 योजनाओं को पारित किया

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) प्रबंधन समिति की बैठक में कुल 10 योजनाओं को प्रबंधकीय समिति में अनुमोदन किया गया। इस दौरान प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी समीर कुल्लू ने बताया कि एक करोड़ से अधिक व पांच करोड़ रुपए तक की डीएमएफटी के प्रबंधकीय समिति द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति ग्राम सभा से पारित योजनाओं को दिया। प्रबंधकीय समिति में अनुमोदन के लिए प्रस्तावित उच्च प्राथमिकताओं में लातेहार जिला अंतर्गत जिला खेल स्टेडियम लातेहार के पास बस स्टैंड पब्लिक का अधिष्ठापन, लातेहार जिला अंतर्गत पब्लिक लाइब्रेरी का अधिष्ठापन एवं पुस्तकों का क्रय, उच्च विद्यालय धनकरा में 10 अतिरिक्त कक्षा का निर्माण, सभी दिव्यांग जनों के लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी का क्रय एवं आपूर्ति, सभी प्रखंडों के आंगनबाड़ी केंद्रों में प्री स्कूल एजुकेशन किट एंड चाइल्ड फ्रेंडली बुक का क्रय, लातेहार आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्लाई इंस्टॉलेशन ऑफ एंटेनेटल केयर चेक अप किट एंड एएनसी कॉर्नर फर्नीचर आइटम का क्रय, बालूमाथ आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्लाई इंस्टॉलेशन ऑफ एंटेनाटल केयर चेक अप किट एंड एएनसी कॉर्नर फर्नीचर आइटम का क्रय, सद्गुरु सदाफल देव आदर्श गौशाला लुकैया, प्रखंड- चंदवा में गौशाला एवं पीसीसी पहुंच पथ का निर्माण, लातेहार जिले में विभिन्न ट्रेडों के तहत युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण, जिला अंतर्गत सुरक्षा के लिए ड्रोन की आपूर्ति एवं क्रय शामिल है। बैठक में डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि की खर्च करने में कौन-कौन सी योजनाओं को लिया जा सकता हैं, उसकी विस्तृत चर्चा कर निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी की राशि खनन से प्रभावित पंचायत क्षेत्रों (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से) प्रभावित हो रहा हैं वहीं किया जाना है। इसके लिए ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन किया जाता है। बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी, प्रभारी पदाधिकारी एससीए श्रेयांश उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### नायक समाज के प्रदेश युवा संयोजक बने रामप्रवेश



**बालूमाथ।** नायक (घासी) समाज के बालूमाथ प्रखंड निवासी रामप्रवेश नायक को झारखंड प्रदेश का युवा संयोजक बनाया गया है। लातेहार जिला के महुआदाड़ प्रखंड के डॉक्टर इंद्रजीत रामनायक को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। यह जानकारी देते हुए रामप्रवेश नायक ने बताया कि नायक समाज युवा कल्याण समिति झारखंड की बैठक रांची स्थित रिंग रोड तुपुदाना गढ़ खटंगा में हुई थी। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उन्हें जिम्मेदारी सौंप गई है। दोनों के मनोनयन पर लातेहार जिला नायक समाज ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में नायक समाज के जिला अध्यक्ष रिंकू नायक, अमित नायक, पप्पू नायक, कुलदीप नायक, पिंटू नायक, महावीर नायक सहित दर्जनों नायक समाज के लोगों का नाम शामिल हैं।

### येचुरी के निधन पर झामुमो ने शोक व्यक्त की

**चंदवा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के लातेहार जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव व जिला प्रवक्ता दीपू कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। नेताद्वय ने कहा है कि स्व येचुरी एक सच्चे राष्ट्रभक्त वामपंथी नेता थे। उन्होंने आजीवन गरीबों, मजदूरों, किसानों, निर्धनों तथा मेहनतकशों की लड़ाई छात्र जीवन से ही लड़नी शुरू कर दी थी।

### अवैध बालू के भंडारण को एसडीएम ने किया जब्त

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली परियोजना स्थित होन्हें में शिवपुर -कठौतिया रेलवे ब्रिज निर्माण कार्य में जुटी रॉयल इंफ्रा कंस्ट्रक्शन कंपनी पर शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई है। अवैध तरीके से 85 ट्रैक्टर भंडारित बालू को एसडीएम सिमरिया सनी राज व सीओ विजय दास ने विभागीय कार्रवाई करते हुए जब्त कर दिया। सूत्रों की मानें तो बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध बालू भंडारण की गुप्त सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई की गई। ग्रामीणों की मानें तो प्रतिदिन तीन हजार सीएफटी से भी अधिक बालू का उत्खनन स्थानीय नदियों से बेखौफ होती है। वहीं भंडारण करने वाले दर्जनों कंपनियों के प्रतिनिधि बिहार से बालू मंगवाने की संदेहास्पद बातें कहते हैं जिसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग अब होने लगी है।बहरहाल, अवैध बालू के भंडारण करने वाले कंपनियों में उक्त कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। अभियान में एएसआइ रामजी सिंह,शिवानी पासवान मदन समेत अन्य मौजूद थे।
रेंजर ने हाथियों की क्षति का जायजा लिया

### हाथियों को घने जंगल में भगाने एवं क्षतिपूर्ति की आश्वासन दी



**बालूमाथ।** रेंजर नंदकुमार महतो ने शुक्रवार को वन क्षेत्र अंतर्गत हाथी प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया। इस क्रम में रेंजर ने कोमर, बुकरू,चमरेगा आदि वन क्षेत्र इलाकों का दलबल के साथ जायजा लिया व क्षतिपूर्ति का आकलन किया। रेंजर ने गुरुवार रात्रि को बालूमाथ कंजाइन फैक्ट्री पर हाथियों द्वारा हुए क्षतिपूर्ति का भी जायजा लिया। मौके पर ग्रामीणों से रेंजर रूबरू होते हुए कहा कि डीएफओ लातेहार के निर्देशानुसार क्षतिपूर्ति का जायजा लिया जा रहा है। जल्द ही हाथियों से निजात मिलेगी। वरीय अधिकारियों के पहल पर बंगाल से टीम जल्द ही आ जाएगी और लोगों को हाथियों से निजात मिल जाएगा। रेंजर ने लोगों से यह भी कहा कि किसानों को जो भी नुकसान हुआ है उसका विभाग सरकारी नियमानुसार उचित मुआवजा देगी। मौके पर रेंजर नंदकुमार महतो, अमित कुमार, धनंजय कुमार, सहित फॉरेस्ट गार्ड, किसान अशोक साहू, गोपाल सिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।


## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 26 वर्ष 2024–25
**D.M.F.T मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 20.09-2024(अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21.09.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :–जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय केसमक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– 21.09.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम कुरूंद में नवीन के घर से सिबरियुस कुजूर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 14,23,700 | 28500 | 2500 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम नवाटोली में मेन रोड से कोल्वन कुजूर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,10,600 | 22500 | 2500 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत महुआडांड ग्राम महुआडांड में पानी टंकी से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 17,15,400 | 34500 | 5000 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम सिदरा में गिरजा घर से कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 18,87,100 | 38000 | 5000 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम कुरूंद में गिरजा घर से जलमीनार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 11,69,900 | 23500 | 2500 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत हामी ग्राम मिरगी में फेकनी नगेसिया के घर से आंगनबाडी केन्द्र तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 19,31,500 | 39000 | 5000 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम कुरूंद में मेन रोड से कुशल कुजूर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,90,000 | 50000 | 5000 | 03 माह |
| 8 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम गंसा में पंखराज नगेसिया के घर से गेदेश्वर नगेसिया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 13,53,400 | 27500 | 2500 | 03 माह |
| 9 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत अक्सी ग्राम सरनाडीह मध्य विद्यालय का चाहरदिवारी निर्माण। | 16,44,100 | 33000 | 5000 | 06 माह |
| 10 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत चम्पा ग्राम सिदरा में बिल्टु आम से बिरेन्द्र के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 5,81,500 | 12000 | 1250 | 02 माह |
| 11 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत डेमू ग्राम निन्दिर में निन्दिर स्कूल से कालीकरण रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 24,95,200 | 50000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो जिला अभिंयता, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक भाग लेंगे।
12. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
13. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.335686 Rural Development(24-25):D

# करमा पर्व प्राकृतिक पूजा का संदेश देता है : राधा तिकी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा।**

प्रखंड मुख्यालय स्थित संत मार्क्स पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया.आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के बच्चो द्वारा करमा गीत गया कर प्रारम्भ किया गया।इस बीच विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कर्मा और धर्मा सहित सात भाईयों पर आधारित कहानी को नाटक के माध्यम से मंचन कर दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जिसको अभिवावको और शिक्षको ने खूब सराहा। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा की करमा पर्व प्रकृति का पूजा का संदेश देता है। साथ ही कहा कि विधार्थियो को सभी पर्व त्यौहार की जानकारी रखनी चाहिए सभी पर्व त्यौहार अपनी अपनी विशेषता को बतलाते हुए कुछ न कुछ सिख देता है।अन्य तरह की शिक्षा से ज्ञान की प्राप्ति होती है।सभी लोग भेद भाव को भूल कर आपसी सौहार्द और भाईचारा के साथ मिल जुल कर पर्व त्यौहार मनायें। वही करमा पूर्व संध्या कार्यक्रम में विद्यालय के सभी जाति समुदाय के बच्चे बच्चियों ने करमा पूर्व संध्या में भाग लेकर भारत की एकता और अखंडता का मिशाल पेश किया।

**शिक्षक दिवस सह करमा पर्व पूर्व संध्या मनाया गया**

# कल्हेपाट स्थित बिरसा पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट स्थित बिरसा उराँव पब्लिक स्कूल में करमा पर्व पर पूर्व संध्या मनाया गया.कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा गीत संगीत नृत्य के मध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया गया.शिक्षक दिवस सह करमा पुर्व संध्या कार्यक्रम से पूर्व विद्यालय के संचालक कर्मदेव उराँव तथा अथितियों व अविभावकों द्वारा डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन एवं स्वर्गीय मेजर बिरसा उराँव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम किया गया. आयोजित कार्यक्रम के दौरान नन्हे मुन्हें स्कूली छात्र छात्रों द्वारा स्वागत गान हे मां सरना,के बोल से आरम्भ हुआ.इसके ततपश्चात नदिया किनारे मोर गांव,करम जावा फुल आदि आदिवासी गाना पर बच्चों ने अपना कला का प्रदर्शन किया.जबकि इससे पूर्व बच्चों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक शिक्षिकाएं को समान्नित किया गया.तथा नृत्य,झूमर गीत प्रस्तुत कर शिक्षक शिक्षकाओं के सम्मान में प्रस्तुत किया गया.इस मौके पर विद्यालय संचालक कर्मदेव उरांव ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से बच्चों का मानशिक व बौद्धिक विकास के साथ साथ कला के क्षेत्र में ज्ञान अर्जित करने का अवसर प्राप्त है.वही बताते हुए कहा कि करमा पर्व भाई बहनों का प्रेम के प्रतीक का त्यौहार है. साथ ही उन्होंने कहा पुर्वजों के समय से आदिवासी समाज प्राकृतिक को पूजते आ रहें है. और यह परंपरा को कायम रखने पर आज भी जोर दिया जा रहा है।

**संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त ने की बैठक**

# किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी 21 सितंबर (शनिवार) व 22 सितंबर (रविवार) 2024 को आयोजित होनेवाली परीक्षा झारखण्ड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2023 को लेकर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आज शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में ऑब्जर्वर, सभी पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, इनविजीलेटर, सेंटर सुपरिटेंडेंट आदि को अपने-अपने कार्यों के दायित्वों से अवगत कराया गया। संबंधित पदाधिकारियों को विभिन्न चरणों में वीडियोग्राफी कराने का निदेश दिया गया। परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी को सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच कर सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा सभी पुलिस पदाधिकारियों को परीक्षा केंद्र में अभ्यर्थियों के प्रवेश के समय अच्छी तरह जांच कर लिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मोबाईल/स्मार्टफोन/इलेक्ट्रॉनिक गैजेट परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने की सख्त मनाही होगी। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी मुख्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, सभी स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सभी केंद्राधीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।



**20 परीक्षा केंद्र पर होगी परीक्षा**

जेएसएससी की परीक्षा के लिए लोहरदगा जिला में कुल 20 परीक्षा केंद्र निर्धारित किये गये हैं जिनमें राजकीयकृत प्लस टू चुन्नही लाल उच्च विद्यालय, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, उसुलाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, उसुर्लाईन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, मंजूरमति उच्च विद्यालय, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय कैमो, लुथेरन उच्च विद्यालय, मधुसूदन लाल अग्रवाल इंटर महिला महाविद्यालय, संत स्तानिसलास उच्च विद्यालय कैमो, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, बलदेव साहू महाविद्यालय, लिवेंस अकादमी, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल सेन्हा, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल, राजकीयकृत कस्तूरबा बालिका मध्य विद्यालय, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा, केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय और एकलव्य मॉडल बालिका आवासीय विद्यालय कुजरा शामिल है। इन परीक्षा केंद्रों में दो दिन मिला कर कुल 11592 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा तीन पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 8.30 बजे से 10.30 बजे तक, दूसरी पाली 11.30 बजे से 1.30 बजे तक और तीसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी।

**अबुआ आवास योजना के चयन में जारी है गड़बड़ी**

# लाभुकों के चयन और जिओ टैगिंग में धांधली का लग रहा है आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना में से एक है। इसके बावजूद अबुआ आवास योजना के चयन को लेकर गड़बड़ी का आरोप थम नहीं रहा है। भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत के सेमरा गांव मे लाभुकों के चयन व जिओ टैग में धांधली की शिकायत ग्रामीणों ने शुक्रवार को उपायुक्त डा. वाघमारे प्रसाद कृष्ण से की है। गडरपो पंचायत के सेमरा गांव के प्रतिक्षा सूची लाभार्थी रश्मि मिंज ने ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन उपायुक्त को सौंपा है। जिसमें ग्रामीणों ने अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में अनियमितता बरतने की बात कही है। ग्रामीणों ने पंचायत के जनसेवाक प्रभात कुमार व आवास मित्र पर अनियनिता का आरोप लगाते हुए मोटी राशि लेने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि अबुवा आवास की सूची में जिनका नाम निचे अंकित है। उन लोगो का जिओ टैग किया जा रहा है। जबकि जो लाभुक का नाम प्राथमिकता सूची मे ऊपर है। पैसा नहीं देने पर उनका जिओ टैग नहीं किया जा रहा है। साथ ही आवास मित्र सुजीत उरांव की जगह उसके पिता बंदे उरांव आवास मित्र का काम कर गरीब जनता से मोटी रकम ले रहे है।

## अवैध खनन में लगे दो हाइवा को किया गया जब्त



**गुमला।** जिला खनन कार्यालय गुमला द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुमला जिला के सिसई थानांतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में यथार्थ झटनिटोली, करकरी, लकेया में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की गई। 13 सितंबर 2024 को गुप्त सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी एवं सशस्त्र पुलिस बल के द्वारा औचक छापेमारी के दौरान सिसई बसिया रोड में देर रात लगभग 1:00 बजे अवैध रूप से खनिज लदे दो हाइवा को जब्त किया गया। ये वाहन बिना उचित दस्तावेजों के परिवहन कर रहे थे। पकड़े गए वाहनों में लगभग 600-600 घन फीट लदे बालू खनिज लोड थे, जो बिना किसी वैध कागजात के अवैध रूप से निकाला और परिवहन किया जा रहा था।इस कार्रवाई के दौरान, दो वाहनों का पंजीकरण क्रमशः जेएच 07एच-0525 और जेएच 07जी-8188 पाया गया।

## मुख्यमंत्री लघु- कुटीर विकास बोर्ड, लोहरदगा जिला को बना रहा है आत्मनिर्भर

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, लोहरदगा , झारखण्ड एवं छोटानागपुर डेवलपमेन्ट सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान कौशल उन्नयन योजना के तहत लाभुकों के डॉल व खिलौना के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभ उद्घाटन सदर प्रखंड के ग्राम बाराटपुर में जिला उद्यमी समन्वयक लोहरदगा सूरज कुमार द्वारा किया गया। इसी प्रकार कौशल यूनियन हेतु ग्राम हिरही प्रखंड लोहरदगा में डोकरा आर्ट का प्रशिक्षण शुभारंभ किया गया। साथ ही स्फूर्ति क्लस्टर कुडु में भारत सरकार द्वारा संचालित एसएफयूटीआई हनी यूनिट में सॉफ्ट इंटरवेंशन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। कौशल उन्नयन योजना के तहत खिलौने के लाभुकों के कौशल विकास हेतु 25 दिवसीय प्रशिक्षण को सफल बनाने में छोटानागपुर डेवलपमेन्ट सोसाइटी प्रशिक्षण एजेंसी के द्वारा कराया जा रहा है। जिला उद्यमी समन्वयक लोहरदगा ने अपने संबोधन में कहा कि इस 50 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कर विकास कर क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाना, आय सृजन करना एवं समुदाय को स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है ताकि क्षेत्र से प्रवास को रोका जा सके। प्रशिक्षण के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर लोगों को आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक रूप से पूर्णरूपेण सशक्त बनाना है।

# नाबालिक युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

थाना क्षेत्र के भौरो मलंग टोली गांव में शुक्रवार को एक नाबालिक युवती ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गांव के गुजीन उरांव की पुत्री सुमति उरांव (16) के रूप में हुई है। सूचना पर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एसआई राजीव कुमार ने घटना की छानबीन शुरू कर दी है। मृतक के पिता गुजीन उरांव ने बताया कि गुरुवार को सुमति देर शाम घर आयी तो उसकी माँ ने दिन भर घूमने के कारण डाटते हुए घर के कामों मे हाथ बटाने की बात कही. इस पर सुमति रूठ गई. और अपने कमरे मे चली गई. सुबह जब सुमति को उठाने परिजन गये तो वह बांस के बल्ली में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली थी. परिजन के हल्ला किया तो आसपास के लोग आए। किसी तरह से उसे नीचे उतारा गया। तब तक वो मर चुका थी ।स्थानीय चौकीदार की सुचना पर पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमाटम के लिए शव को लोहरदगा सदर भेज दिया. इधर जवान बेटी की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की करवाई में जुटी है। आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट जानकारी पता नहीं चली है, पुलिस जाँच कर रही है. जबकि कुछ ग्रामीणों ने आत्महत्या को प्रेम प्रसंग भी बता रहे है।

## कोयल नदी से नग्न अवस्था में अज्ञात महिला का शव बरामद

**सेन्हा लोहरदगा।** चितरी घाघ मेला स्थल के समीप दक्षिणी कोयल नदी स्थित चट्टान में फंसा अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में सनसनी फैल गया. विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के चितरी मेला स्थल के समीप कोयल नदी में पत्थर चट्टान में फंसा अज्ञात महिला का नग्न अवस्था में पुलिस ने शव बरामद किया.जानकारी के अनुसार बताया जाता है.गांव के लोग कोयल नदी में नहाने के क्रम में चट्टान में फंसा हुआ शव देख इसकी सूचना गांव वासियों को दिया गया.शव मिलने की सूचना पर गांव के ग्रामीण देखने पहुंचे और सेन्हा थाना प्रभारी को शव मिलने का सूचना दिया गया. कोयल नदी से शव बरामद होने के उपरांत ग्रामीणों के बीच विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा का विषय बना हुआ है. जबकि कुछ लोगो का कहना है.कि शव कहि दूसरे जगह से बह कर आया होगा.और चट्टान में फंस गया है. वहीं दो चार दिन पूर्व का शव होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के अरु ढोढा के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल बॉक्साइड लोडेड ट्रक में जा घुसा। दुर्घटना में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों व पुलिस के सहयोग से इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। विदित हो कि अरु जगन ढोंढा के समीप लोहरदगा गुमला मुख्य मार्ग पर देर शाम हुई सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल जे एच 08 एच 8749 में सवार दो युवकों को गम्भीर चोटें आई है. दोनो घायल को प्राथमिक उपचार के उपरांत एक युवक का स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों द्वारा सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया गया. वही घायल की पहचान सेन्हा गोकुल नगर निवासी स्वर्गीय सुनील मिंज के पुत्र जेम्स मिंज तथा लसन माझी का 18 वर्षीय पुत्र धीरज मांझी के रूप में किया गया है।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान**

## संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय में 175 छात्र-छात्राओं ने ली सुरक्षा की शपथ



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप और सड़क सुरक्षा प्रबंधन टीम द्वारा संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय, गुमला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 175 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के महत्व पर जानकारी दी गई और शपथ ग्रहण करवाई गई। अभियान के दौरान हेलमेट, सीट बेल्ट और मोबाइल के उपयोग न करने जैसी सावधानियों पर बल दिया गया। साथ ही, गुड समरिटन योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की मदद करने वालों को पुरस्कृत करने की जानकारी दी गई। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिकाएं और पैंपलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक, सड़क सुरक्षा प्रबंधक और अन्य अधिकारियों की प्रमुख उपस्थिति रही।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत लोहरदगा में बस का परिचालन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

समाहरणालय परिसर से शुक्रवार को मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत एक बस का परिचालन शुरू किया गया। यह बस पेशरार के मुर्मू से लोहरदगा रेलवे स्टेशन तक जाएगी। बस को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण तथा जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार के द्वारा हरी झंडी दिखाकर उद्घाटन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि योजना से जिले के ग्रामीण जनता को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों को सब्सिडी दी जाएगी. इससे बसों का किराया कम हो जाएगा और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए शहरों तक या मुख्यालयों तक पहुंचना आसान हो जाएगा. योजना के तहत बस संचालकों को वाहन खरीद पर सब्सिडी मिलेगी. बसों के परिचालन में परेशानी न हो, इसके लिए सभी वाहनों को रोड टैक्स से 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी. इसके अलावा योजना के तहत राज्य सरकार हर बस को प्रति किलोमीटर 10 रुपए की सब्सिडी दे रही है. इस सब्सिडी के कारण बसों का किराया लगभग आधा हो जाएगा । मौके पर डीटीओ संजय कुमार ने बताया कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाले बसों को सब्सिडी प्रदान कर रही है। आवागमन में सुविधा होने से गांव और शहरों के बीच की दूरी कम हो जाएगी।

## सीओ- बीडीओ ने काला बिल्ला लगाकर कार्य का किया निष्पादन



**भंडरा ।** झारखंड प्रशासनिक सेवा संघ की मांग पुरी नहीं होने से नाराज भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार ने काला बिल्ला लगाकर कार्य का निष्पादन किया। साथ ही मांग पूरी नहीं होने को लेकर नाराजगी जाहिर की है। पदाधिकारियों ने बताया कि संघ की ओर से सरकार से 13 सूत्री मांग की गई है। जो साल भर से लंबित है। सरकार से केवल आश्वासन मिल रहा है। मांग पर गंभीरता से विचार नहीं किए जाने को लेकर पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। सरकार के उदासीन रवैया के खिलाफ सांकेतिक रूप से 12 व 13 सितंबर को काला बिल्ला लगाकर प्रदर्शन किया गया है। इसके बावजूद मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो संघ के पदाधिकारी चरणबद्ध आंदोलन को बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि झारखंड प्रशासनिक सेवा की सेवा पुनर्गठन के नाम पर बिहार प्रशासनिक सेवा का हू-ब-हू मॉडल हम पर थोपा जा रहा है। संघ झारखंड प्रशासनिक सेवा का पुनर्गठन चाहती है, लेकिन यह बिहार मॉडल पर आधारित नहीं होना चाहिए। संघ विरोध कर रही है। तथा कैबिनेट के निर्णय को निरस्त करने की मांग करता है। इन सेवाओं के पदाधिकारी अब मात्र 17 वर्ष में भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रोन्नति हो जाएंगे।

## नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन की बैठक आयोजित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनकोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला में नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों व युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। इसमें नशा करनेवालों द्वारा नशे के विभिन्न तरीकों के इस्तेमाल व उनकी उपलब्धता पर चर्चा की गई और नशीली चीजों पर रोक लगाने हेतु आवश्यक अभियान चलाये जाने का निदेश पुलिस विभाग को दिया गया। नशीली वस्तुओं के बिक्री पर नियंत्रण लगाने हेतु आवश्यक निदेश सिविल सर्जन, लोहरदगा व ड्रग इंस्पेक्टर को दिये गये। जिला में नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव पर विचार करते हुए इसके लिए नगर परिषद क्षेत्र में चिन्हित भवन, उसमें चिकित्सकों की उपलब्धता का प्रावधान आदि पर चर्चा की गई और आवश्यक जिला निदेश समाज कल्याण पदाधिकारी को दिये गये। जिला शिक्षा पदाधिकारी को भी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशा के प्रति आवश्यक रूप से जागरूक करने का निदेश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, वन प्रमण्डल पदाधिकारी अभिषेक कुमार, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डालसा सचिव राजेश कुमार, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी अभिनीत सूरज समेत अन्य संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# प्रखंड परिसर में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है : यादव बैठा**

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

चैनपुर प्रखंड परिसर में शुक्रवार को आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जेएसएलपीएस की दीदी के द्वारा नृत के अतिथि का स्वगत किया गया वा कार्यक्रम का शुभारंभ चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा, मुखिया शोभा देवी तथा जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की कार्यक्रम में प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टाल लगाए गए थे जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए अपना आवेदन जमा किए शिविर में स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग,सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना,अबुआ आवास,बाल विकास, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृध्दि योजना के स्टाल लगाकर सभी ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए उनका आवेदन लिया गया मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा ने ग्रामीणों को अपने संबोधन में कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें आप अपने ही गांव घर में लगे शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं वहीं उन्होंने लोगों से अपील करते हुए। कहा कि आप मईया समान योजन की तिथी विस्तार किया गया है। जो की 18 वर्ष से फॉर्म भरा जायगा। अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र जाकर आप अपना अवेदन जमा कर के सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले। वहीं लगने वाले शिविर में जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजना से संबंधित दस्तावेज के साथ अपना आवेदन दें वही चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि हमारे राज्य के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन की सोच है कि अंतिम व्यक्ति भी विकास योजना से न छुटे जिसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है आप यहां पर आकर स्वास्थ्य जांच से लेकर जाति,आय,पेंशन सहित अन्य प्रकार की योजनाओं का का लाभ उठा सकते हैं।

**अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र जाकर आप अपना अवेदन जमा कर के सरकार के महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लें**

## समाज कल्याण विभाग ने की राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला समाज कार्यालय लोहरदगा को ओर से राष्ट्रीय पोषण माह की शुरूआत नगर भवन लोहरदगा में की गई। कार्यक्रम की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा समेत अन्य पदाधिकारी की उपस्थिति में कार्यक्रम की संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना 1 सितंबर से 30 सितंबर तक पोषण माह की थीम एनीमिया टेस्ट ट्रीट एंड टॉक, विकास निगरानी, पूरक आहार पोषण भी पढ़ाई, ऊपरी आहार तथा बेहतर प्रशासन के लिए प्रौद्योगिकी पर आधारित स्टाल लगाए गए थे। जिसमें आंगनबाड़ी वर्कर्स द्वारा गर्भावस्था, शैशवावस्था बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था के जीवन चक्र को प्रदर्शित करते हुए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बनाए गए व्यंजनों का भी स्टॉल लगाया गया था। इस मौके पर उपविकास आयुक्त ने कहा है कि हम लोगों को एनीमिया जिला से दूर करना है जिसमें आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ लोगों को भी जागरूकता होने की आवश्यकता है।

# संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर को मिला प्रथम स्थान



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर**

सूर्यनाथ साहू सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर टोटो में गुरुवार को वनवासी कल्याण केंद्र झारखंड प्रदेश की ओर से संकुल स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि टोटो थाना प्रभारी उदेश्वर पाल, प्रांत शिक्षा सदस्य सुभाष चंद्र राय, प्रांत शिक्षा प्रमुख वनवासी कल्याण केंद्र सुभाष चंद्र दुबे, जगमोहन बड़ाइक, दिनेश उरांव ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओम, भारत माता एवं सरना माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रचलित कर किया। उपस्थित अतिथियों का परिचय दीपक कुमार गुप्ता ने कराया इस प्रतियोगिता में कुल 11 विद्यालय के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें मनोरमा सरस्वती शिशु मंदिर चैनपुर प्रथम स्थान, सलगी शिशु मंदिर द्वितीय स्थान, गारू शिशु मंदिर तृतीय स्थान व शिवनगर शिशु मंदिर विद्यालय को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।

श्री सुभाष चंद्र राय जी ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रतियोगिता से हमारी शैक्षणिक प्रगति के मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है इससे हमें आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थाना प्रभारी उदय पाल ने कहा कि आज बच्चे गलत दिशा की ओर बढ़ रहे हैं उन्हें उचित शिक्षा के माध्यम से उनमें सद्गुणों को भरने का प्रयास करना चाहिए जिससे राष्ट्र निर्माण संभव हो सके। वही प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दुबे ने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर समाज के सहयोग से चलने वाला विद्यालय है ऐसे विद्यालयों को खड़ा करने में समाज के कई लोगों का योगदान है इसके माध्यम से हम जनजाति क्षेत्र के बच्चों को बुद्धिमान वह चरित्रवान बनने का कार्य करते हैं यहां से पढ़कर का यह भैया बहन आज अच्छे-अच्छे पदों पर आसीन है शिक्षा के क्षेत्र में भारत प्राचीन काल से ही वैभाशाली रहा है इस प्रकार की प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होता है।

## तिसरी में सैकड़ों महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से वंचित

# ना आवेदन का पता चल रहा, ना पहली किस्त का कोई अता पता

- *महिलाएं चक्कर लगाने को हैं मजबूर*
- *जल्द ही सभी महिलाओं को मिलेगी पहली किस्त : बीडीओ*



**नवीन मेल संवाददाता**

**तिसरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए झारखंड सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लागू किया गया है। जिसके तहत पहले 21 वर्ष और अब 18 वर्ष से 49 वर्ष तक की महिलाओं को प्रतिवर्ष ₹12000 यानि महीने के हजार रूपए देने की कवायद शुरू की गई है। इसकी शुरूआत बीते 3 अगस्त से की गई थी और प्रत्येक माह के 15 से 20 तारीख तक इसकी राशि महिलाओं के खाते में पहुंच जानी है। इसको लेकर तिसरी प्रखंड में प्रथम बार जब इस मंईया सम्मान योजना के लिए कैंप लगाई गई तब सैकड़ों महिलाओं का आवेदन जमा लिया गया परंतु कई महिलाओं को अब तक मंईया सम्मान योजना की एक किस्त भी नहीं मिल पाई है।

मिली जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत केवल तिसरी पंचायत में 1100 से अधिक आवेदन आए थे लेकिन केवल 400 के आस - पास आवेदन ही ऑनलाइन किया गया है। बाकि के बचे 700 से ज्यादा आवेदनों को गदाल खातों में फेंक दिया गया। हालांकि यह डेटा ऑफिसियल नहीं है। अब इसमें किसकी लापरवाही है या किसकी जिम्मेवारी है इसका तो पता नहीं लेकिन इस लापरवाही के कारण सैकड़ों महिलाओं को अब तक मंईया सम्मान नहीं मिल पाया है।

### एक पंचायत का यह हाल है तो प्रखंड में इसकी स्थिति क्या होगी?

शुक्रवार को तिसरी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर में कई महिलाएं इसको लेकर इधर - उधर चक्कर काटते मिली। पिंकी देवी,देवंती देवी, खुशी भारती, सपना कुमारी,आरती कुमारी,निर्मला देवी सहित सहित कई महिलाओं ने एक ही बात कही कि जब इस योजना की शुरूआत की गई थी तो हम लोगों ने लाइन लगाकर पंचायत भवन में फॉर्म जमा किया था लेकिन ना ही हमारा पहला किस्त मिला और ना ही आवेदन का कुछ पता चल रहा है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि और पदाधिकारी

जब इसकी जानकारी तिसरी पंचायत के मुखिया किशोरी साव से लिया गया तो उन्होंने कहा कि यहां पर जो फार्म जमा किया गया है वह प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से प्रखंड कार्यालय में जमा किया जा चुका है बाकी बचे आवेदनों को ऑनलाइन किया जा रहा है।कैम्प में उपस्थित झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल ने कहा कि सरकार से दबाव है कि सभी महिलाओं को मंईया सम्मान योजना की पहली किस्त मिलनी चाहिए। इनका कहना है कि बीडीओ साहब अपना डोंगल से छोड़े हैं या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। लेकिन महिलाओं को हर हाल में मंईया सम्मान योजना की किस्त मिलनी चाहिए। इधर बीडीओ मनीष कुमार ने कहा कि हमारी तरफ से सभी का ऑनलाइन किया जा रहा है जल्द ही सभी को पहली किस्त मिल जाएगी।

## सिरी गांव में लाखों की सम्पति पर चोरों ने किया हाथ साफ

**गावां गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के माल्डा पंचायत के सिरी गांव में अज्ञात चोरों ने लगभग 4-5 लाख रुपये की सामानों की चोरी कर ली। प्रिंस कुमार के घर मे गुरुवार की रात में अज्ञात चोरों ने घर मे घुसकर सोने चांदी के जेवर व 20 हजार रुपये नगद चोरी कर ली। चोरी गए सामानों सोने के चैन दो लॉकेट दो जोड़ा कान बाली चांदी का बाला दो जोड़ा पायल लरछा व चांदी के हँसुली समेत अन्य घरेलू सामानों की चोरी कर ली। चोरों ने घर से कुछ दूरी पर कपड़ा बक्सा आदि को फेक दिया। रात्रि में सभी परिवार घर से कुछ दूरी पर आयोजित करमा महोत्सव में भाग लेने गए थे। जब वे देर रात को लौट कर आए तो घर के सभी सामान बिखरे पड़े थे। अहले सुबह भुक्तभोगी के द्वारा गावां थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की गई। घटना की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव भुक्तभोगी के घर पहुँचे व परिजनों को सान्तवना दी। कहा कि क्षेत्र में चोरी आदि की घटनाओं में वृद्धि हुई है। प्रशासन को इसके रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। मामले में थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## गिरिडीह सदर विधायक से घर लौटे 14 प्रवासी मजदूरों ने की मुलाकात

**गिरिडीह।** रोजगार की तलाश में सऊदी अरब गए 14 प्रवासी मजदूरों की शुकवार को वतन वापसी हुई। सभी मजदूर शुक्रवार को सदर विधायक सुदीप्य कुमार सोनू के आवास पहुंचे। बताया गया कि 14 मजदूरों की वतन वापसी में विधायक सोनू की खास भूमिका रही। मजदूरों के अगुवा सिकन्दर अली ने कहा कि सउदी अरब से लौटे मजदूरों को विधायक ने शीघ्र स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया था।

## नवाचार बूट कैंप में गोड्डा के शिक्षकों ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गोड्डा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सौजन्य से जमशेदपुर के आरबीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों और छात्रों के लिए नवाचार, डिजाइन और उद्यमिता पर आधारित बूट कैंप का गुरुवार शाम को समापन हो गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटी) के अध्यक्ष और शिक्षा मंत्रालय के प्रोफेसर टीजी सेथाराम ने बुधवार क किया। इस कार्यक्रम में गोड्डा जिले से भी चार शिक्षकों ने भाग लिया, जिनमें पीएम श्री आदर्श मध्य विद्यालय महागामा में पदस्थापित सहायक शिक्षक विनोद कुमार गुप्ता प्रमुख रूप से शामिल हुए। गुप्ता ने अपने शैक्षणिक अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के बूट कैंप शिक्षकों और छात्रों के लिए नए कौशल और नवाचार को अपनाने का एक महत्वपूर्ण साधन साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल छात्रों में, बल्कि शिक्षकों में भी रचनात्मकता और उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।

# नशे की शिकार बच्ची को डालसा ने किया धनबाद स्टेशन से रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**



**धनबाद।** धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत शुक्रवार को धनबाद स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 7 से नशे की शिकार एक 13 वर्षीय बच्ची को पीएलवी अरविन्द कुमार और प्राणनाथ ने रेस्क्यू किया। बच्ची डेंड्राइट ग्लू का नशा कर रही थी। जिससे वो लगभग बेहोशी की अवस्था में चली गई थी। इस संबंध में अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने बताया कि बच्ची का मेडिकल कराया जायेगा जिसके बाद उसे बालिका गृह भेजा जायेगा। उन्होंने बताया कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को पुलिस सीडब्ल्यूसी, चाईल्ड हेल्पलाइन की सहायता से रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनके नशे की लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने हेतु प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है। इसके तहत इस बच्ची के अलावे अब तक पांच बच्चों को रेस्क्यू कर उसे मुख्य धारा में लाने के लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं।


## JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, GARHWA
Regd.office :- Kuchery Road , Nawada more, Garhwa, 822114, Email: esegarhwa@yahoo.in

**Very Short Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 139/PR/JB VNL/24-25 | Repair and maintenance of water supply system & Sanitary system of Qno- E1 to E4 at garhwa under electric supply circle, Garhwa. | 342400.00 | ( 03 ) THREE MONTHS | 6850.00 | 885.00 ( Including 18% GST ) | 24/09/2024upto 12:00 PM | 24/09/2024at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till the one day before the date of submission of tender in working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Manager (F&A), Electric Supply Circle, Garhwa in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फी नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
DGM (Tech)
Electric Supply Circle, Garhwa

PR 335671 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

## Office Of the Executive Officer Nagar Parishad, Garhwa
Urban Development & Housing Developement
Govt. of Jharkhand

**Quotation/Expression of Interest Notice Inviting Tender**

**कोटेशन आमंत्रण सूचना/ईच्छा की अभिव्यक्ति संख्या 01/2024–25, नगर परिषद गढ़वा को कार्यालय व्यवहार हेतु निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है।**

**सामग्रियों की सूची**

| क्र0 सं0 | समग्रियों का नाम | संख्या | कम्पनी का नाम |
|---|---|---|---|
| 01 | LED Light 36/45W | 01 अदद | Havels/ Sturlight |
| 02 | LED Light 50/60W | 01 अदद | Havels/ Sturlight |
| 03 | LED Light 90/100W | 01 अदद | Havels/ Sturlight |
| 04 | 06A Switch | 01 अदद | Anchor, Cona |
| 05 | Single Arm With clamp | 01 अदद | Anchor, Cona |
| 06 | Double Arm With clamp | 01 अदद | Anchor, Cona |
| 07 | PVC Tape | 01 अदद | Steelgrip, Condor |
| 08 | 10 Sqmm 02 Core Cable | 01 अदद | Havels/ Paraflex |

इच्छुक निर्माता/आपूर्तिकर्ता/विक्रेता से इस सामग्रियों के आपूर्ति हेतु दर आमंत्रित किया जाता है, वे दिनांक 24.09.2024 को 02:00 बजे अपराहन् तक सिल बन्द लिफाफा में अपना दर उदृत कर नगर परिशद कार्यालय के Tender Box में डालेंगे तथा प्राप्त दर उसी दिन 03:00 बजे अपराहन् दर दाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा एवं निविदा निस्तार समिति द्वारा निस्तार किया जाएगा। दाखिल कोटेशन के लिए महत्वपूर्ण दस्तावेजों को संलग्न करना अनिवार्य होगा। जिसके तकनीकी रूप से सफल दरदाताओं पर वित्तीय बिड में विचार किया जायेगा।

**नोटः– कोटेशन के सभी नियम व शर्तें सूचना पट् पर देखना अनिवार्य है।**

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 335730 Urban Development (24-25)_D

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक ............... दिनांक .......................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 07/2024–25**

मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत निर्मित आश्रय गृह संद्दिक मंजिल चौक, स्टेशन रोड़ एवं मेडिकल कॉलेज पोखराहा हेतु सामग्री क्रय की आवश्यकता है। सामग्री क्रय हेतु आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता / आपूर्तिकर्ता/संवेदक मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में निविदा/कोटेशन दिनांक 21.09.2024 को 1:00 बजे अपराह्न तक लिखित सहमति पत्र सभी कागजातों (ITR, GST,अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 5,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन उसी दिन अपराह्न 2:00 बजे नगर निगम कार्यालय में e-procurementसमिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। क्रय हेतु सामग्री निम्नवत् है :–

| क्र0 | सामग्री का नाम | अदद | क्र0 | सामग्री का नाम | अदद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Stabilizer-15 KV (Microtek/Luminous or Any Brand) | 04 Pc. | 9- | Almirah- Approx 90 cm W x 195 cm H x 51 cm D (Godrej/ Neelkamal) | 04 Pc. |
| 2. | Battery-220 AH (Exide/Microtek/ Luminous) | 06 Pc. | 10- | Mink Blanket- 300 GSM and above (Single Bed size) nn | 100 Pc. |
| 3. | Inverter-1100 VA or above that support 02 Battery (Microtek/Luminous/Exide) (Wiring required) | 03 Pc. | 11- | Water Purifier- 8 L and above, RO + UV + UF + TDS Control (Kent/Aquaguard/Livpure) | 03 Pc. |
| 4. | Iron frame Bed with Box (6"x3") | 100 Pc. | 12- | Fiber Chair with Arm Rest (Supreme/Nilkamal/Cello) | 30 Pc. |
| 5. | 02 Rod Halogen Room Heater (Usha/Havells/Bajaj) | 30 Pc. | 13 | Wooden Table with atleast 02 drawer(6"x3") (Godrej/Neelkamal/Cello) | 06 Pc. |
| 6. | Curtain (Window– 04 feet height & 03 feet width. Door- 07 feet height & 03 feet 09 inch width), Quote Per Pc. | | 14- | Steel Pipe for Mosquito Net (05 feet) | 600 Pc. |
| 7. | Curtain Pipe, Side Holder & Fittings (Quote per Window & Door) | | 15- | Mesh Revolving Chair Godrej/Nilkamal/Cello/Any Brand) | 03 Pc. |
| 8. | Fire Extinguisher- 06 KGand above | 12Pc. | 16- | LED Bulb -12 watt (Philips/Wipro/Bajaj) | 150 Pc. |

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.335673 District(24-25):D

## जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महानिदेशक–सह–महासमादेश्टा, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय, झारखण्ड, राँची का आदेश ज्ञापांक–1393/आपूर्ति, दिनांक–05.07.2024 द्वारा दिये गये आदेशानुसार झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू के अन्तर्गत टूटे–फूटे/Unserviceable सरकारी उपस्कर एवं कार्य योग्य नहीं रह गये Uniform Items की सामग्रियों की नीलामी हेतु स्थानीय इच्छुक क्रेता/खरीदार से बन्द लीफाफे में कोटेशन लिया जाना है। नीलामी हेतु सरकारी उपस्कर एवं कार्य योग्य नहीं रह गये Uniform Items की सामग्रियों की सूची निम्नवत् है :–

| क्रमांक | समानों का नाम | संख्या | क्रमांक | समानों का नाम | संख्या | क्रमांक | समानों का नाम | संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हमीफल क्रम | 01 | 25. | पीतल परात बड़ा | 01 | 49. | कुलर | 01 |
| 2. | चैन टेकल | 02 | 26. | पीतल परात छोटा | 05 | 50. | कैश बॉक्स | 01 |
| 3. | वायर गज | 01 | 27. | कढ़ाही बड़ा | 10 | 51. | लोहे का फहसुल | 01 |
| 4. | मोंची का निहाई | 01 | 28. | कढ़ाही छोटा | 07 | 52. | कुदाल | 02 |
| 5. | लोहे का रेक बड़ा | 17 | 29. | खल्ल | 02 | 53. | स्वतंत्रता पदक | 2735 |
| 6. | लोहे का रेक छोटा | 06 | 30. | थरमा हाईट मीटर | 01 | 54. | फायर बाल्टी | 02 |
| 7. | लोहे का रेक तीन खाना | 01 | 31. | हण्डा बड़ा | 06 | 55. | रायफल बैनेट फ्रॉक | 647 |
| 8. | लकड़ी का रेक बड़ा | 04 | 32. | ढक्कन बड़ा | 06 | 56. | जनरेटर 05 kb | 01 |
| 9. | गोदरेज अलमीरा बड़ा | 02 | 33. | हण्डा छोटा ढक्कन सहित | 02 | 57. | ताला | 09 |
| 10. | गोदरेज अलमीरा छोटा | 05 | 34. | मैगजीन स्टैंड | 01 | 58. | छेनी | 01 |
| 11. | तावा बड़ा | 12 | 35. | गालीज | 97 | 59. | ऑल बोतल ब्रश | 07 |
| 12. | तावा छोटा | 04 | 36. | वी0आई0पी0गोदरेज टेबुल | 10 | 60. | फुल थ्रू कोड डब्बल | 19 |
| 13. | चेमरन स्टिक | 29 | 37. | ऑटोकट स्टेप्लाईजर | 01 | 61. | फुल थ्रू कोड सिंगल | 283 |
| 14. | चूटा | 17 | 38. | ओटोमेटिक स्टेप्लाईजर | 01 | 62. | ऑफिर टेबुल | 01 |
| 15. | बेसिन लैट्रिंग | 02 | 39. | लकड़ी का अलमीरा | 02 | 63. | स्टुल उडेन | 04 |
| 16. | घण्टा पाइप | 03 | 40. | लकड़ी का रेक छोटा | 01 | 64. | रिक्को फोटो कॉपी मशीन | 01 |
| 17. | घण्टा | 01 | 41. | सीढ़ी बड़ा | 07 | 65. | ऑल–इन–वन कम्प्यूटर | 01 |
| 18. | झंझरा छोटा | 04 | 42. | हॉकी स्टिक | 35 | 66. | प्रिंटर | 01 |
| 19. | झंझरा बड़ा | 07 | 43. | बिगुल | 01 | 67. | फैक्स मशीन | 01 |
| 20. | डब्बू कल्छूल बड़ा | 05 | 44. | टेबुल पुराना | 01 | 68. | पीतल लोटा | 251 |
| 21. | छोलनी बड़ा | 02 | 45. | टेबुल लकड़ी का | 05 | | | |
| 22. | छोलनी छोटा | 05 | 46. | लकड़ी का कुर्सी | 09 | | | |
| 23. | रायफल सिलिंग रड | 11 | 47. | बक्सा बड़ा | 01 | | | |
| 24. | ट्रैफिक हेलमेट | 22 | 48. | बक्सा छोटा | 01 | | | |

अतः उपरोक्त सामग्रियों के नीलामी हेतु इच्छुक क्रेता/खरीदार से बन्द लिफाफे में दिनांक–20.09.2024 तक कोटेशन जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू में मांगी जाती है। दिनांक–20.09.2024 के पश्चात् जमा किये गये कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा।

ह0/– जिला समादेष्टा,
झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

PR.NO.335654 Police(24-25):D

## कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर
Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com

**Corrigendum-I**

कार्यालय नगर परिशद्, बिश्रामपुर अंतर्गत प्रकाशित PR.NO.334361 District(24-25)#D में अतिअल्पकालिन आमंत्रण सूचना सं0 NPB-24/2024-25 में निविदा जमा करने की अवधि को 18.09.2024 अपराह्ण 01:00 बजे तक विस्तार की जाती है, एवं खोलने की तिथि को अपराह्ण 04:00 बजे तक संशोधित पढ़ा जाए। शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर।

PR.NO.335676 District(24-25):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई–निविदा संख्या – 18/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक– 09.09.2024 जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में PR No. 335159 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था, में आंशिक संशोधत किया जाता है जो इस प्रकार है –

1. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय 19.09.2024 अपराहन 5:00 बजे के स्थान पर 23.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक पढ़ा जाय।
2. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे के स्थान पर 25.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 335727 Rural Work Department(24-25)D

## कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू, मेदिनीनगर

**(जिला चौकीदारी नियुक्ति कोषांग)**

**चौकीदारी नियुक्ति (विज्ञापन सं0 01/24) संबंधी लिखित परीक्षा हेतु आवश्यक सूचना**

चौकीदारी बहाली विज्ञापन सं0 1/2024 की लिखित परीक्षा 18.09.2024 को निर्धारित किया गया है। स्वीकृत आवेदन–पत्रों के संबंध में जानकारी अभ्यर्थी पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट palamu.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं। स्वीकृत आवेदन–पत्र के अभ्यर्थी जिले के अधिकारिक वेबसाईट से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश–पत्र के साथ संलग्न अनुदेश–प्रपत्र में उल्लेखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

उपायुक्त, पलामू

PR 335706 Palamu (24-25)_D

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा।
आवश्यक सूचना।
चोरी गई वाहन

( हिरो स्पेलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल, रंग– काला)



गढ़वा थाना कांड सं0–461/2024 दिनांक–04.09.2024 धारा–303(2) बी0एन0एस0 2023 में चोरी गयी हिरो स्पेलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH14J5379 चेचिस नं0–MBLHAW129MHM93686 इंजन नं0–HA11EYMHMA5442 का दिनांक–03.09.2024 को गढ़वा कचहरी कमपाउंड के बाहर रोड किनारे से अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR 335736 Police(24-25)D

## जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार।

**'इच्छा की अभिव्यक्ति' हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा लातेहार जिला अन्तर्गत स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड राँची के राज्यादेश सं0 04रा0 (वि0) दिनांक 30.05.2024 के आलोक में समेकित मात्स्यिकी को बढ़ावा देने हेतु जलाशय मत्स्य का विकास योजना अन्तर्गत जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 में मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प एवं ग्रास कार्प के तीन इंच से बड़े आकार के मत्स्य अंगुलिकाओं की आवश्यकता है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में लातेहार जिले को जलाशयों में संचयन हेतु भारतीय मेजर कॉर्प 13 लाख एवं ग्रास कार्प 02 लाख मत्स्य अंगुलिकाओं के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है।

इच्छुक स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिकाओं की आपूर्ति हेतु 'इच्छा की अभिव्यक्ति' हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन **दिनांक 28.09.2024 के अपराह्न 4.00 बजे** तक कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निम्न शर्तों के साथ स्वीकार किया जाएगा।

**आवश्यक शर्तें:–**

1. आपूर्तिकर्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) को जलाशयों/आर0 एफ0 एफ0 तक मत्स्य अंगुलिकाओं को अपने खर्च पर जीवित तथा स्वस्थ अवस्था में आपूर्ति करना होगा।
2. भारतीय मेजर कार्प मत्स्य अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 750 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) तथा ग्रास कार्प अंगुलिकाओं का सरकार द्वारा निर्धारित दर मो0 1500 रू0 प्रति हजार (परिवहन सहित) है।
3. एक मत्स्य बीज उत्पादक से न्यूनतम 50 हजार तथा अधिकतम 2 लाख मत्स्य बीज ही क्रय किए जाएंगे।
4. आपूर्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के द्वारा जिस तालाब में मत्स्य अंगुलिकाएँ तैयार किया जा रहा है, उस तालाब का पूर्ण विवरण एवं पता से कार्यालय को अवगत करना अनिवार्य होगा, जिससे संचयन के पूर्व उनकी जाँच की जा सके, साथ ही मत्स्य अंगुलिकाओं की उपलब्धता का भी उल्लेख करना होगा।
5. समान्य मूल्य दर पर स्थानीय मत्स्य बीज उत्पादकों/प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
6. आपूर्त्तिकर्त्ता (मत्स्य बीज उत्पादक) के 'इच्छा की अभिव्यक्ति' के आलोक में प्राप्त आवेदन को जाँचोपरांत स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने एवं बिना कारण बताये किसी भी आवेदन को रद्द/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
लातेहार।

PR 335643 (Fish) 24-25 (D)

संपादकीय

# औपचारिकता बनता हिंदी दिवस और बढ़ती अंग्रेजी

हमें इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि मल्टीनेशनल कंपनियों, कॉनवेंट स्कूलों और सुप्रीम कोर्ट-हाई कोर्ट में हिंदी बोली तकरीबन सिमट गई है। वैसे, हिंदी की जो दुर्दशा है, उसका बड़ा कारण, खुद हिंदी समाज ही है। उसका पाखंड, उसका दोहरा मापदंड और उसका उनींदापन? सच ये भी है कि पश्चिमी भाषाएं कितनी भारतीयों पर हावी क्यों न हो? पर हिंदी आज भी आमजन और पिछड़े वर्गों का निर्माण करती है। शिक्षित वर्ग धीरे-धीरे हिंदी से अलग हो जाता है। लाज सिर्फ ग्रामीणों ही बचा पा रहे हैं। वो अब भी हिंदी को पूजते, मानते और बोलते हैं। हिंदी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसकी आड़ में हिंदी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए। वैश्वीकरण और उदारीकरण में हिंदी अपने बुरे दौर से गुजर रही है। हिंदी दिवस हो या कोई अन्य आयोजन, कागजी तौर पर बेशक हिंदी को बढ़ावा देने की बातें कहीं जाती हों, पर हिंदी एक सीमित वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। गरीब, कामगार व ग्रामीणों तक ही सीमित होती जा रही है। वहीं, अंग्रेजी का जिस तेज गति से विस्तार बीते एकाध दशकों में हुआ है उसने हिंदी के समझ मानो कांटे बिछा दिए हैं। 2014 में जब केंद्र में नई कुहूमत आई, तो उसने हिंदी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाए। सभी मंत्रालयों में हिंदी को अपनाने का आदेश दिया। बड़ा अभियान छेड़ा गया। कुछ महीनों तक इस अभियान का जोर सरकारी विभागों और मंत्रालयों में दिखाई पड़ा, लेकिन जैसे-जैसे समय बीता, अभियान भी फीका पड़ गया। पर, कोशिशें ईमानदार और बेहतरीन थीं, लेकिन उसे यथावत नहीं रखा जा सका। दरअसल, धनाढ्य और विकसित वर्ग ने जबसे अंग्रेजी को संपर्क भाषा के तौर पर अपनाना शुरू किया, तभी से हिंदी के दिन लदने शुरू हुए। इसमें किसी और का दोष नहीं, हम खुद जिम्मेदार हैं।अंग्रेजी की बढ़ती धमक से अब एक दैनिक दिहाड़ी मजदूर भी वाकिफ है। तभी, वह भी अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ाना चाहता है। ये ऐसा फर्क है, जिसे आसानी से कम नहीं किया जा सकेगा। करीब 9 वर्ष पूर्व केंद्र सरकार की पहल पर जब वित्त मंत्रालय जैसे विभागों में अंग्रेजी के जगह हिंदी में कामकाज होना शुरू हुआ, तो देखकर आश्चर्य हुआ। लेकिन बाद में फिर वही 'ठाक के तीन पात' साबित हुए। हिंदी को सहेजने और उसे बचाने के लिए केंद्र सरकार के अभियान के साथ-साथ समाज को भी गंभीर होना होगा। अभियान को जन आंदोलन में तब्दील करना होगा। सरकारी स्तर पर तकरीबन मंत्रालयों में बोलचाल व पठन-पाठन में हिंदी का इस्तेमाल हो। हिंदी बोलने में किसी को शर्म न आए, क्योंकि ये हमारी देशी भाषा है। इस भाषा को बढ़ाने के लिए सभी को आगे आना होगा। आज 'हिंदी दिवस' है, सभी संकल्पित हों, सिर्फ रस्म अदायगी तक सीमित न रहे ये खास दिवस। दूसरी बात एक ये? शुद्ध हिंदी बोलने वालों को देहाती व गंवार न समझा जाए।बीपीओ व बड़ी-बड़ी कंपनियों में हिंदी जुबानी लोगों के लिए नौकरी नहीं हैं, होनी चाहिए ऐसी व्यवस्थाएं बनें। इसी बदलाव के चलते आजकल देश का हर दूसरा आदमी अपने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने को मजबूर है। इस प्रथा को बदलने की आवश्यकता है।

> हिंदी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसकी आड़ में हिंदी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए।

# सहकारी क्षेत्र में नई जान फूंकेंगे पैक्स




दुनिया भर में 'अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025' के स्वागत की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। यह ऐसे समय में हो रहा है जब भारत का सहकारिता क्षेत्र मजबूत स्थिति में है और देशभर में नई, मजबूत और तेजी से उभरती हुई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का प्रसार हो रहा है। आर्थिक और प्रशासनिक सुधारों से लैस ये पैक्स अब ग्रामीण और कृषि प्रधान भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सहकार से समृद्धि' के सपने को साकार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

यद्यपि भारत में सहकारिता का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन कुप्रबंधन, संकट के समय पर्याप्त सरकारी समर्थन की कमी और आवश्यक सुधारों की अनुपस्थिति के कारण इसके विकास में रुकावट आई है। हालाँकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल में सहकारिता मंत्रालय का गठन करने और अपने भरोसेमंद सहयोगी अमित शाह को इसकी कमान सौंपने के तुरंत बाद सहकारिता क्षेत्र में बदलाव की बयार बहने लगी।

गुजरात में सहकारिता आंदोलन को नया आकार देने वाले सुधारों के प्रणेता के रूप में विख्यात सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कार्यभार संभालने के तुरंत बाद राष्ट्रीय सहकारिता परिदृश्य में बड़े पैमाने पर सुधार किए, जिससे दुनिया इस क्षेत्र की ओर उम्मीद से देखने लगी। सहकारिता की क्षमता को अब देश के भविष्य को आकार देने वाले क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय के साथ हुए बजट परामर्श में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई) ने प्रमुख क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को बढाने के लिए सहकारी समितियों के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाने की सिफारिश की।

सहकारिता क्षेत्र के पुराने जानकार अमित शाह सहकारिता क्षेत्र के विकास में बाधा डालने वाली वजहों से अच्छी तरह परिचित हैं। इन बाधाओं में पैक्स के विविधीकरण की कमी थी, जिसने उन्हें लगभग अव्यवहार्य बना दिया।। श्री शाह ने पैक्स के लिए जो सबसे महत्वपूर्ण कार्य किया, वह उनके बायलॉज यानी उप-नियमों में बदलाव लाना था। पैक्स की समस्याओं से छुटकारे के लिए मॉडल बायलॉज लाकर उन्हें बहुउद्देश्यीय बनाने पर जोर दिया जा रहा है। इससे उन्हें अपने व्यवसाय को 25 से अधिक व्यावसायिक गतिविधियों से जोड़ कर विविधता लाने में मदद मिली है। अब वे कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के रूप में काम कर रहे हैं, जो ग्रामीण भारत में 300 से अधिक ई-सेवाएं, जैसे - बैंकिंग, बीमा, आधार नामांकन/अपडेशन, स्वास्थ्य सेवाएं, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी/बस/हवाई टिकट आदि सेवाएँ प्रदान कर रहे हैं। अब तक 35,000 से अधिक पीएसीएस ने ग्रामीण नागरिकों को सीएससी सेवाएं प्रदान करना शुरू कर दिया है। साथ ही, अब उन्हें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र (पीएमकेएसके), जल समितियों, एलपीजी वितरकों, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानों, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) आदि के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाया जा रहा है। पीएसीएस अब गांवों में सस्ती दरों पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाओं के वितरण के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेएके) के रूप में भी काम कर रहे हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराते हुए आय का एक और स्त्रोत पैदा हो रहा है। ये सभी प्रयास पैक्स की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने के लिए किए जा रहे हैं।

आज की बात



श्री शाजी के वी
अध्यक्ष, नाबार्ड

सहकारिता मंत्रालय का अगला महत्वपूर्ण कार्य इस क्षेत्र में लोगों का विश्वास जीतना था, जो दशकों से कुप्रबंधन से ग्रस्त था। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 63,000 पैक्स का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है। अब तक 23 हजार से अधिक पैक्स को एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग (ईआरपी) सॉफ्टवेयर के साथ एकीकृत किया जा चुका है। पैक्स के कम्प्यूटरीकरण से उन्हें सीधे राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) से जोड़ा जा सकेगा। कॉमन अकाउंटिंग सिस्टम (सीएएस) और मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) से संचालन में एकरूपता आएगी। इससे पैक्स संचालन में जनता का विश्वास बढ़ेगा।


सहकारिता क्षेत्र में हुई अनूठी पहलों से यह क्षेत्र अब नए आत्मविश्वास के साथ पूरे देश में संगठित रूप में काम कर रहा है, जो इसके लिए बहुत फायदेमंद है। सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारी क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों से जिला सहकारी बैंकों में बैंक खाते खोलने का आह्वान किया है ताकि उन्हें व्यवहार्य बनाया जा सके। उनके अनुसार, सहकारी समितियों के बीच सहयोग (Cooperation amongst Cooperatives) एक मजबूत आर्थिक सिद्धांत है जो मजबूत सहकारी क्षेत्र के निर्माण के लिए जरूरी है। साल 2024 में सहकारिता मंत्रालय का दूसरी बार कार्यभार संभालते हुए अमित शाह ने जमीनी स्तर पर नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करके इस क्षेत्र को मजबूत करने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा था कि उनके पिछले कार्यकाल में नीतिगत ढांचा बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया था और वर्तमान कार्यकाल में उनकी प्राथमिकता इन नीतियों को जमीनी स्तर तक ले जाने की होगी।

सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई सबसे महत्वपूर्ण पहल में से एक सहकारी क्षेत्र में 'विश्व का सबसे बड़ा विकेंद्रीकृत अनाज भंडारण कार्यक्रम' है। इस योजना का उद्देश्य पीएसीएस स्तर पर अनाज भंडारण के लिए विकेंद्रीकृत गोदाम, कस्टम हायरिंग सेंटर, प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयाँ और अन्य कृषि अवसंरचनाएँ बनाना है। कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना (एएमआई), कृषि यंत्रीकरण पर उप-मिशन (एसएमएएम), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों का औपचारिकीकरण (पीएमएफएमई) आदि सरकार की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना का उद्देश्य देश के लिए एक विशाल भंडारण क्षमता का निर्माण करना है। इससे खाद्यान्न की बबार्दी और परिवहन लागत में कमी आएगी, किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिलेंगे और विभिन्न कृषि जरूरतों को पैक्स स्तर पर ही पूरा किया जा सकेगा।

चूंकि पैक्स ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, इसलिए इनके सुदृढ़ीकरण और पुनरुद्धार से बहुत जल्द ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास को बढ़ावा मिलेगा। पैक्स से जुड़ी गतिविधियों के बढ़ने से जहां मौसमी बेरोजगारी खत्म होने की उम्मीद है, वहीं इससे करीब 1 लाख पैक्स से सीधे जुड़े 13 करोड़ किसानों को विशेषरूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय सृजन में फायदा होगा।

देश की बात

# राहुल गांधी की सत्ता के लिए व्यग्रता और नेहरु



कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

इस बार राहुल गांधी भारत के प्रधानमंत्री बनना चाहते थे। इस वाक्य को एक दूसरे प्रकार से भी कहा जा सकता है कि इस बार कुछ देशी-विदेशी शक्तियां राहुल गान्धी को आगे करके, उनकी आड़ में अपनी व्यक्तिगत या अन्य प्रकार की स्वार्थ सिद्धि प्राप्त करना चाहती थीं। इसके लिए उन सब ने मिल कर पूरा जोर भी लगाया। लेकिन दुर्भाग्य से उनकी योजना या इच्छा पूरी नहीं हुई। वैसे केवल स्पष्टीकरण के लिए राहुल गान्धी को प्रधानमंत्री बनाने के पीछे देशी और विदेशी ताकतों का उद्देश्य अलग भी होता है। देशी शक्तियां या फिर वे लोग जो राहुल गान्धी को घेरे हुए हैं, उनका स्वार्थ तो ज्यादा से ज्यादा उतना ही होता है कि राहुल प्रधानमंत्री होंगे तो सत्ता में कुछ हिस्सा उनको भी नसीब होगा। इसलिए इसको व्यक्तिगत स्वार्थ ही कहा जा सकता है। लेकिन विदेशी शक्तियों का मामला दूसरा है। उन्होंने भारत में सत्ता प्राप्त नहीं करनी, लेकिन उन्हें भारत को कमजोर करना है ताकि वह विश्व राजनीति और सभ्यताओं के संघर्ष में झांकने की भी हिम्मत न करे। इसके लिए अमरीका व कनाडा सरकार पिछले कुछ दशकों से कार्यरत हैं। इन दोनों देशों में पंजाब के कुछ लोगों को भारत के खिलाफ संगठित किया जा रहा है। भारतीय दूतावासों पर हमले होते हैं। इंदिरा गान्धी के हत्यारों को महिमामंडित करते हुए सार्वजनिक झांकियां निकाली जाती हैं। भारत को तोड़े के संकल्प लिए जाते हैं। उत्तरी अमरीका की सरकारें इन सभी भारत विरोधी शक्तियों को प्रत्यक्ष-परोक्ष सहायता देती हैं। उत्तरी अमरीका के इन देनों देशों की सांस्कृतिक, मजहबी और राजनीतक पूंछ इंग्लैंड से जुड़ी रहती है, क्योंकि ब्रिटिश उपनिवेशों को संगठित करके ही इन देशों का गठन हुआ था। अपने समय में इंग्लैंड सरकार भी, देश छोड़े से पहले भारत को विभाजित करने वाली ताकतों को संगठित कर रही थी। इसके लिए मोहम्मद अली जिन्ना उसके मोहरे बने हुए थे। लेकिन ब्रिटिश सरकार जानती थी कि कांग्रेस को विश्वास में लिए बिना देश को विभाजित नहीं किया जा सकता। अन्ततः कांग्रेस इंग्लैंड के माऊंटबेटन और श्रीमती माऊंटबेटन के चंगुल में फंस ही गई और उसने बाकायदा दिल्ली में पार्टी की विशेष बैठक बुला कर 14 जून 1947 को भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया। उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरु की उम्र 57 साल के आसपास थी। बहुत से इतिहासकार आज भी इस रहस्य को सुलझाने की कोशिश करते रहते हैं कि आखिर खान अब्दुल खान के सख्त विरोध के बावजूद नेहरु भारत विभाजन के पक्ष में कैसे खड़े हो गए? इसका उत्तर नेहरु ने स्वयं ही परोक्ष रूप से दिया है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आप की बात

# राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में एमएड और अंगीभूत कॉलेजों के शिक्षकों को नियमित करे सरकार



प्रो. मो. तनवीर युनूस
शिक्षाविद, झारखंड

शिक्षा के क्षेत्र में बदलाव और सुधार की प्रक्रिया निरंतर जारी रहती है, और हाल ही में लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नीति देश भर में शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर सुधार का संकल्प करती है। हालांकि, झारखंड में शिक्षक शिक्षा की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। झारखंड के सरकारी विश्वविद्यालयों में एम.एड. और 22 अंगीभूत महाविद्यालयों में बी.एड. पाठ्यक्रम पिछले 19 वर्षों से स्ववित्तपोषित योजनाओं के तहत चल रहे हैं। इन संस्थानों में कार्यरत शिक्षक न्यूनतम वेतन पर काम कर रहे हैं, जबकि विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क के रूप में लाखों रुपये चुकाने पड़ते हैं। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के लिए चुनौतीपूर्ण है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए भी आर्थिक रूप से कठिनाईपूर्ण है। झारखंड के विभिन्न अध्यापक शिक्षा संघ अपनी मांगों को लेकर जनप्रतिनिधियों से मिल रहे हैं। हाल ही में, झारखंड राज्य बी.एड.-एम.एड. प्राध्यापक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री रामदास सोरेन से मुलाकात की और अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। श्री सोरेन ने आश्वासन दिया कि सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और अंगीभूत महाविद्यालयों में शिक्षा विभाग खोले जाएंगे और प्राध्यापकों की नियमित किया जाएगा। लेकिन इस दिशा में अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। झारखंड की स्थिति में सुधार लाने के लिए सरकार को कई महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, मौजूदा स्ववित्तपोषित विभागों को सरकारीकरण की दिशा में कदम उठाने की जरूरत है। इससे न केवल शिक्षकों को नियमित वेतन मिलेगा, बल्कि शिक्षण शुल्क में भी कमी आएगी, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए एक बड़ी राहत होगी। इसके साथ ही, यह कदम झारखंड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा और उन्हें शिक्षक बनने के सपने को साकार करने में मदद करेगा। दूसरे, शिक्षा के बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए आवश्यक भौतिक संसाधनों की व्यवस्था की जानी चाहिए। स्थायी शिक्षक और बेहतर भौतिक संसाधन एक प्रभावी शिक्षण वातावरण को सुनिश्चित करेंगे, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। एक अच्छी शिक्षा प्रणाली केवल शिक्षण से ही नहीं, बल्कि शोध और विकास के लिए भी जरूरी है। स्थायी और प्रशिक्षित शिक्षकों के साथ, झारखंड में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर गुणात्मक शोध को बढ़ावा मिलेगा, जो राज्य के विकास में सहायक होगा। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है। आप विश्वास करने की चाहत रख सकते हैं, यहाँ तक कि आप सोच भी सकते हैं कि आपको विश्वास है, परन्तु यदि आप वास्तव में विश्वास करते हैं, तो परिणाम तत्काल होंगे।

# ईश्वर में निष्ठा विकसित करना



श्री श्री परमहंस योगानंद

ईश्वर में सम्पूर्ण, निर्विवाद निष्ठा तात्कालिक रोग निवारण की उच्चतम विधि है। उस निष्ठा को जाग्रत करने के लिए निरन्तर प्रयास करना मानव का उच्चतम एवं अत्यधिक लाभप्रद कर्तव्य है। ईश्वर में विश्वास और ईश्वर में निष्ठा भिन्न है। विश्वास महत्त्वहीन है यदि आप उसकी परख नहीं करते और उस पर आचरण नहीं करते। विश्वास को अनुभव में परिवर्तित करने से वह 'निष्ठा' बनता है। आप विश्वास करने की चाहत रख सकते हैं, यहाँ तक कि आप सोच भी सकते हैं कि आपको विश्वास है, परन्तु यदि आप वास्तव में विश्वास करते हैं, तो परिणाम तत्काल होंगे। निष्ठा का खण्डन नहीं किया जा सकताः यह सत्य का अन्तज्ञार्नात्मक दृढ विश्वास है, और इसे विरोधी तथ्यों से भी नहीं हिलाया जा सकता।... आप तो यह अनुभव भी नहीं करते कि यह महान शक्ति कितने अद्भुतपूर्ण ढंग से कार्य करती है। यह गणित की तरह काम करती है। इसके बारे में कोई 'शर्त' नहीं होती है। और निष्ठा का यही अर्थ बाइबल में हैः यह अगोचर वस्तुओं का प्रमाण है। सदा सशंयरहित विश्वास करें कि आपके विचारों, प्रार्थनाओं, और प्रबल धारणाओं के ठीक पीछे ईश्वर की शक्ति आपके भीतर आपको अनन्त शक्ति प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है।... अपने भीतर हर क्षेत्र में कार्यरत उनकी कार्यशीलता को मान्यता दें और आप उन्हें सदा अपने साथ पाएँगे। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

Rama Shankar Singh
4h

आँखों से दिखाई नहीं देता अपने साथ गाइड को लेकर दौड़ती है फिर भी जीत ली देश के लिए सोना , शाबाश बेटी भारत की





27 · 6 comments 1 share

X से

Ravi Prakash
@Ravijharkhandi

कुछ देर पहले भारत वापस लौटा। कल फिर एडमिट होना है। डॉक्टर्स ने मुझे मेडिकली दुरुस्त करके US भेजा था, ताकि वहाँ कोई इमरजेंसी नहीं हो और हम सही-सलामत वापस आ गए। शुक्रिया डॉक्टर्स। इस ट्रिप के प्रायोजक, अवार्ड प्रदाता @IASLC का भी शुक्रिया।#LivingWithLungCancerStage4WithBrainMets

Translate post



Post your reply

अलग बात

# हिंदी है भारत के मस्तक का तिलक



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

सम्पूर्ण भारत में 1953 से 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों महसूस हुई और आज इस दिवस की अधिक प्रासंगिकता क्यों उभर रही है? क्योंकि हमारे देश में दिन-प्रतिदिन हिंदी की उपेक्षा होती जा रही है। राजनीतिक कारणों से हिन्दी को विवादों एवं संघर्षों का सामना करना पड़ रहा है। हिंदी की राह में यूं तो कई बाधाएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी बाधा शासन में उसकी उपेक्षा और अंग्रेजीदां नौकरशाही का वर्चस्ववादी रवैया है। हिन्दी पर अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। हिन्दी राष्ट्रीयता की प्रतीक भाषा है इसलिये हिन्दी को उचित सम्मान देते हुए, उसको राजभाषा बनाने एवं राष्ट्रीयता के प्रतीक के रूप में प्रतिष्ठापित करना हिन्दी दिवस की प्राथमिकता होना ही चाहिए। आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद हिन्दी को उसका उचित स्थान न मिलना विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत से ठीक दो वर्ष पहले 17 अगस्त 1945 को इंडोनेशिया डच शासन से मुक्त हुआ और अपनी भाषा 'बहासा इंडोनेशिया' को राष्ट्रभाषा के रूप में लागू कर दिया। कुछ इसी तरह 23 अक्टूबर 1923 को जब आधुनिक तुर्की गणराज्य की स्थापना हुई, तो तत्काल तुर्की भाषा को राजकाज की भाषा के रूप में लागू कर दिया। आज हिन्दी विश्व की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली तीसरी भाषा है, विश्व में हिन्दी की प्रतिष्ठा एवं प्रयोग दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है, लेकिन देश में उसकी उपेक्षा एक बड़ा प्रश्न है। सच्चाई तो यह है कि देश में हिंदी अपने उचित सम्मान को लेकर जूझ रही है। राजनीति की दूषित एवं संकीर्ण-स्वार्थी सोच का परिणाम है कि हिन्दी को जो सम्मान मिलना चाहिए, वह स्थान एवं सम्मान राष्ट्र में अंग्रेजी को मिल रहा है। भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाने लगा क्योंकि भारत और अन्य देशों में 120 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते, पढ़ते और लिखते हैं। पाकिस्तान की तो अधिकांश आबादी हिंदी बोलती व समझती है। बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, तिब्बत, म्यांमार, अफगानिस्तान में भी लाखों लोग हिंदी बोलते और समझते हैं। फिजी, सुरिनाम, गुयाना, त्रिनिदाद जैसे देश तो हिंदी भाषियों द्वारा ही बसाए गये हैं। हिन्दी का हर दृष्टि से इतना महत्व होते हुए भी भारत में प्रत्येक स्तर पर इसकी इतनी उपेक्षा क्यों? हिंदी की राह आजादी के बाद ज्यादा जटिल बनी है। आजादी से पहले ज्यादा बाधाएं नहीं थीं। इसी कारण भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के सूत्रधार महात्मा गांधी स्वयं हिंदी के हिमायती थे। उनके पहले केशव चंद्र सेन, लोकमान्य तिलक जैसी हस्तियां भी देश के हृदयों को नजदीक लाने में हिंदी को ही सक्षम एवं प्रभावी मानते थे। स्वतंत्रता संग्राम के इन महानायकों ने भावी भारत की भाषायी जरूरतों के लिहाज से हिंदी को तैयार करने की कोशिश भी की। लेकिन आजाद भारत में हिन्दी की दशा एवं दिशा ज्यादा चिन्ताजनक बनी है। महात्मा गांधी ने अपनी अन्तर्वेदना प्रकट करते हुए कहा था कि भाषा संबंधी आवश्यक परिवर्तन अर्थात हिन्दी को लागू करने में एक दिन का विलम्ब भी सांस्कृतिक हानि है। मेरा तर्क है कि जिस प्रकार हमने अंग्रेज लुटेरों के राजनैतिक शासन को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया, उसी प्रकार सांस्कृतिक लुटेरे रूपी अंग्रेजी को भी तत्काल निर्वासित करें। हिन्दी के लिये इस तरह का दर्द, संवेदना एवं अपनापन हर नागरिक में जागना जरूरी है। वर्तमान में हिन्दी की दयनीय दशा देखकर मन में प्रश्न खड़ा होता है कि कौन महापुरुष हिन्दी को प्रतिष्ठित करने का प्रयत्न करेगा? हिन्दी राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र का प्रतीक है, उसकी उपेक्षा एक ऐसा प्रदूषण है, एक ऐसा अंधेरा है जिससे छांटने के लिये ईमानदार प्रयत्न करने होंगे। क्योंकि हिन्दी ही भारत को सामाजिक-राजनीतिक-भौगोलिक और भाषायिक दृष्टि से जोड़नेवाली भाषा है। हिंदी को दबाने की नहीं, ऊपर उठाने की आवश्यकता है। राष्ट्र भाषा सम्पूर्ण देश में सांस्कृतिक और भावात्मक एकता स्थापित करने का प्रमुख साधन है। भारत का परिपक्व लोकतंत्र, प्राचीन सभ्यता, समृद्ध संस्कृति तथा अनूठा संविधान विश्व भर में एक उच्च स्थान रखता है, उसी तरह भारत की गरिमा एवं गौरव की प्रतीक राष्ट्र भाषा हिन्दी को हर कीमत पर विकसित करना हमारी प्राथमिकता होनी ही चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में हिन्दी को राजभाषा एवं राष्ट्रभाषा के रूप में स्कूलों, कॉलेजों, अदालतों, सरकारी कार्यालयों और सचिवालयों में कामकाज एवं लोकव्यवहार की भाषा के रूप में प्रतिष्ठा मिलनी चाहिए। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

हिंदी दिवस, 14 सितबंर पर विशेष




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# जेल से बाहर आए केजरीवाल नहीं जा सकेंगे सीएम कार्यालय

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को आबकारी नीति मामले में उन्हें जमानत दे दी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइंया की पीठ ने उन्हें सशर्त जमानत दी है। मतलब साफ है कि जेल से बाहर आए सीएम केजरीवाल कोई भी बड़ा कदम नहीं उठा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीएम केजरीवाल को 10 लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री कार्यालय और दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते हैं, इसके अलावा वो सरकारी फाइलों पर तब तक हस्ताक्षर नहीं करेंगे जब तक कि दिल्ली के उपराज्यपाल की मंजूरी/अनुमोदन प्राप्त करने के लिए ऐसा करना आवश्यक न हो। वह दिल्ली शराब से जुड़े मामले में अपनी भूमिका के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। साथ ही किसी भी गवाह से बातचीत नहीं करेंगे। उधर दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद सीएम केजरीवाल ने कहा, मैंने जिंदगी में बहुत संघर्ष किया है। जिंदगी में बहुत मुसीबतें झेली हैं लेकिन हर कदम पर भगवान ने मेरा साथ दिया। ऊपर वाले ने मेरा साथ दिया, क्योंकि मैं सच्चा था, मैं सही था इसलिए भगवान ने मेरा साथ दिया। बता दें कि कथित शराब घोटाले में अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार किया गया था।




## सुप्रीम कोर्ट ने माना, अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध : बांसुरी स्वराज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के इस बयान पर भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने हमला बोलते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल एक लापरवाह सरकार के लापरवाह सीएम हैं। बांसुरी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है, वो बरी नहीं हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई मामले में यह पाया कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी वैध थी। इसका मतलब यह है कि जांच एजेंसी के पास पर्याप्त सबूत और पर्याप्त सामग्री थी, जिससे यह निष्कर्ष निकला कि अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना उचित था। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में बांसुरी स्वराज ने कहा कि अगर जमानत की शर्तों को देखा जाए तो अरविंद केजरीवाल को किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करने और सीएम कार्यालय में प्रवेश करने से रोक दिया गया है।

## एक बार फिर सत्य की हुई जीत : आम आदमी पार्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने पर आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को भाजपा और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट की सीबीआई पर तल्ख टिप्पणी के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा दे देना चाहिए। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हम बार-बार कह रहे थे कि केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और कोर्ट ने उस पर मुहर लगा दी है। जितने मामले अंडर ट्रायल हैं, उनमें एक को छोड़कर बाकी सबको जमानत मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि हम लोग दो साल से लगातार जो कह रहे थे, लगभग वही बातें सुप्रीम कोर्ट ने कहीं हैं। यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है।

### स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 की मौत

# मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने की पीड़ित परिवारों को आर्थिक मदद की घोषणा



**एजेंसी। कोलकाता**

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में प्रशिक्षु महिला डॉक्टर की दुष्कर्म व हत्या के विरोध में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों पर राज्य सरकार ने दबाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दावा किया स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के आश्रित को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की। मुख्यमंत्री ममता ने एक्स पोस्ट में कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित होने से 29 लोगों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि राज्य को बेशकीमती जानों का नुकसान हुआ है। यह दुखद घटना लंबे समय से चल रही जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल के कारण हुई है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार मृतकों के परिजनों की मदद के लिए दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करेगी।

## आरजी कर मामला: सीबीआई ने संजय रॉय की नार्को जांच की अनुमति मांगी

**कोलकाता ।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोलकाता की एक विशेष अदालत से पिछले महीने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के आरोपी संजय रॉय की नार्को जांच करने की अनुमति मांगी है। उसका पॉलीग्राफ टेस्ट पहले ही किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई अब पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट का नार्को-एनालिसिस रिपोर्ट से मिलान करना चाहती है, बशर्ते इसके लिए उन्हें अदालत की अनुमति मिल जाए। पॉलीग्राफ परीक्षण और नार्को एनालिसिस के बीच एक बुनियादी अंतर है। पॉलीग्राफ परीक्षण व्यक्ति के रक्तचाप, नाड़ी और श्वसन जैसी शारीरिक प्रतिक्रियाओं को मापता है। इसका आधार यह है कि जब कोई व्यक्ति झूठ बोल रहा होता है तो उसकी शारीरिक प्रतिक्रियाएं अलग होती हैं। दूसरी ओर, नार्को एनालिसिस में पूछताछ करने वाले व्यक्ति को सोडियम पेंटोथल का इंजेक्शन दिया जाता है, जिसे आम तौर पर "सत्य औषधि" या "ट्रूथ सीरम" कहा जाता है, जो संबंधित व्यक्ति को सम्मोहन अर्ध चेतना की अवस्था में डाल देता है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसमें व्यक्ति केवल सच ही बोलता है। कोई भी परीक्षण उस व्यक्ति की सहमति के बिना नहीं किया जा सकता जिस पर वे किए जा रहे हैं। सीबीआई अधिकारियों ने बुधवार शाम को रॉय के दांतों के निशान एकत्र किए थे। सूत्रों ने बताया कि बलात्कार या बलात्कार और हत्या के मामलों में किसी भी जांच के मामले में आरोपी के दांतों के निशान को अक्सर महत्वपूर्ण सबूत माना जाता है; और चूंकि रॉय इस मामले में अब तक गिरफ्तार एकमात्र आरोपी है, इसलिए जरूरी कार्रवाई की गई है।

# मिथुन नाई को राहुल गांधी ने भेजा स्पेशल गिफ्ट



▸ लोकसभा चुनाव के दौरान कटवाए थे दाढ़ी और बाल

**एजेंसी। रायबरेली**

रायबरेली में मिथुन (नाई) सैलून चलाते हैं। परिवार में चार भाई-तीन बहन और माता-पिता हैं। मिथुन का कहना है कि एक वक्त था, जब उनके सैलून पर सीमित कस्टमर ही आते थे, लेकिन, अब तीन गुना ज्यादा कस्टमर आते हैं। यह सब राहुल गांधी की वजह से हुआ है। दरअसल, रायबरेली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी ने चुनाव के दौरान मिथुन (नाई) की सैलून में दाढ़ी और बाल कटवाए थे। अब राहुल गांधी ने मिथुन के लिए खास तोहफा भी भेजा है। इसमें एक शैंपू चेयर, दो हेयर कटिंग चेयर व एक इनवर्टर बैटरी शामिल है। राहुल की ओर से मिले इन खास गिफ्ट से मिथुन खुश हैं। मिथुन ने कहा, अब तक हम सैलून में बैठे हैं, नहीं तो पहले इस समय घर चले जाते थे। जब से राहुल गांधी हमारी सैलून की दुकान में बाल और दाढ़ी कटवा कर गए हैं, तब से काम में काफी बढ़ोतरी हुई है, करीब तीन गुना काम बढ़ गया है। राहुल गांधी हमारी छोटी सी सैलून में आएंगे, हमने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। उनके आने से हमें बहुत खुशी हुई थी। हालांकि, उनके आने से ऐसा लगा कि मैं सपना देख रहा हूं, लेकिन, वह हकीकत था। लालगंज में सैलून साल 2021 में शुरू किया था। इसके बाद सैलून को बृजेंद्र नगर लेकर आए थे।

## गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान डूबने से 8 लोगों की मौत, 2 लापता

**गांधीनगर।** जिले की देहगाम तहसील के वासणा सोगठी गांव के पास मेश्वो नदी में शुक्रवार को गणपति विसर्जन के दौरान 10 लोग डूब गए। इनमें 8 लोगों का शव बरामद किया गया है। बाकी 2 लोगों की तलाश जारी है। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि 8 शवों को पोस्टमार्टम के लिए निकटवर्ती अस्पताल में ले जाया गया है। पिछले 6 दिन के दौरान गणपति विसर्जन के दौरान डूबने की यह चौथी घटना है, जिसमें अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को पाटण में 4, नडियाद में 2 और जूनागढ़ में एक युवक की मौत हो गयी थी। वासणा सोगठी गांव के समीप मेश्वो नदी में गणपति प्रतिमा का विसर्जन करने लोग गए थे। इसी दौरान 10 लोग पानी में डूबने लगा। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय तैराकों समेत फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई। एनडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गयी है।

# तमिल व्यापारी की सीतारमण से माफी का वीडियो वायरल, कांग्रेस हमलावर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और तमिलनाडु के एक व्यापारी के बीच हुई निजी चर्चा सुर्खियों में है। इस निजी चर्चा को एक भाजपा कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया। इसी मुद्दे पर राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस हमलावर है और वित्तमंत्री से माफी की मांग कर रही है। वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी कार्यकर्ता की ओर से माफी मांगी है। तमिलनाडु के कोयंबटूर में आयोजित एक कार्यक्रम में अन्नपूर्णा भोजनालय के निदेशक श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से जीएसटी से संबंधित परेशानियों को उठाया था। उन्होंने खाद्य वस्तुओं के विभिन्न अवस्थाओं पर लगने वाले अलग-अलग जीएसटी को परेशानियों का कारण बताया था। बाद में श्रीनिवासन ने वित्त मंत्री से अलग से निजी मुलाकात की और अपने व्यवहार के लिए क्षमा मांगी। इसी को भाजपा के एक कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में साझा किया जो वायरल हो रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने अपने कार्यकर्ता के व्यवहार पर क्षमा मांगी है। उन्होंने कहा कि वे अपने पदाधिकारी के कार्यों के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं जिन्होंने एक सम्मानित व्यवसायी और वित्त मंत्री के बीच निजी बातचीत को साझा किया। इस अनपेक्षित उल्लंघन के लिए खेद व्यक्त करने के लिए उन्होंने रेस्तरां अन्नपूर्णा श्रृंखला के मालिक श्रीनिवासन से बात की। श्रीनिवासन तमिलनाडु के व्यापारिक समुदाय का स्तंभ हैं, जो राज्य और देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वे सभी से इस मामले को उचित सम्मान के साथ शांत करने का अनुरोध किया। दूसरी ओर कांग्रेस और द्रमुक ने इसे तमिलनाडु के व्यापारियों के सम्मान का विषय बनाते हुए राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस विषय को उठाया है। पार्टी ने इस विषय पर पत्रकार वार्ता भी की है। राहुल ने कहा कि कोयंबटूर में अन्नपूर्णा रेस्तरां जैसे छोटे व्यवसाय का मालिक हमारे लोकसेवकों से सरलीकृत जीएसटी व्यवस्था की मांग करता है तो उसके अनुरोध पर अहंकार भरा व्यवहार किया जाता है।

# जेल में बंद सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी अटैच

**एजेंसी। रायपुर (छत्तीसगढ़)**



छत्तीसगढ़ के चर्चित कोयला घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य प्रशासनिक सेवा की विवादास्पद अधिकारी सौम्या चौरसिया की 50 से ज्यादा प्रॉपर्टी को अटैच कर दिया है। बताया जा रहा है कि अटैच की गई संपत्तियों में सौम्या चौरसिया का भिलाई स्थित सूर्या अपार्टमेंट का निवास भी है। ये बेनामी संपत्ति के तौर पर अटैच की गई है। विभागीय जानकारी के अनुसार अटैच की गई प्रॉपर्टी में रियल एस्टेट प्रॉपर्टीज, बैंकों में जमा राशि शामिल हैं। पिछली कांग्रेस की सरकार में ताकतवर और प्रभावशाली अफसर रहीं सौम्या चौरसिया पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश सरकार की डिप्टी सेक्रेटरी भी रह चुकी हैं। उन्हें कोयला घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने 2 दिसंबर 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वे सेंट्रल जेल रायपुर में बंद हैं। ईडी की जांच में सामने आया था कि सौम्या चौरसिया ने कोयला घोटाले के जरिए अवैध तरीके से प्रॉपर्टी बनाई थी। ईडी ने कोयला घोटाले में 500 करोड़ रुपये की अवैध उगाही को लेकर जांच शुरू की थी। जिसके बाद मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया गया था। वसूली के लिए नियमों में बदलाव किया गया था। इस लेवी से हासिल राशि से चल-अचल संपत्तियां अर्जित की गईं, जिनमें कई बेनामी भी हैं। ईडी ने इस मामले में सूर्यकांत तिवारी, कोल वॉशरी संचालक सुनील अग्रवाल, आईएएस समीर बिश्नोई, आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया समेत अन्य को अलग-अलग तारीखों पर गिरफ्तार किया था। छत्तीसगढ़ की राजनीति और नौकरशाही में पिछले सालों में सौम्या चौरसिया, सबसे चर्चित नाम रहा है। मंत्री-विधायक और अफसरों से जुड़े हर छोटे-बड़े प्रशासनिक और राजनीतिक निर्णयों को सौम्या चौरसिया से जोड़ा जाता रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# नौसेना ने लगातार दूसरे दिन दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज मिसाइलें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

▸ भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे- कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया। दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने समुद्र से आने वाले हवाई खतरे की नकल करते हुए उच्च गति वाले कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई इस मिसाइल को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है।

# गांधीनगर में चौथे रि-इन्वेस्ट मीट का पीएम 16 को करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी। अहमदाबाद**




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्रीय नवीन व नवीनीकरण ऊर्जा मंत्रालय की ओर से आयोजित चौथे रि-इन्वेस्ट ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी मीट एंड एक्सपो (रि-इन्वेस्ट) का 16 सितंबर को उद्घाटन करेंगे। तीन दिवसीय यह कार्यक्रम गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय नवीन व नवीनीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा वित्त एवं ऊर्जा मंत्री कनुभाई देसाई उपस्थित रहेंगे। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक इस समिट में 40 से अधिक सत्र, 5 प्लेनरी चचाएं और 115 से अधिक बिजनेस टु बिजनेस (बीटुबी) मीटिंग्स का आयोजन होगा। इनमें 140 देशों के 25,000 प्रतिनिधि व 200 से अधिक वक्ता भाग लेंगे। इस कार्यक्रम के सहयोगी देश हैं ऑस्ट्रेलिया, डेनमार्क, जर्मनी तथा नॉर्वे, जबकि सहयोगी राज्यों में आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं तेलंगाना शामिल हैं। इसके अलावा; यह कार्यक्रम भारत तथा विश्वभर के अग्रणी वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, स्टार्टअप्स एवं रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों को एक मंच पर लाएगा। 17 सितंबर को गुजरात के ऊर्जा मंत्री कनुभाई देसाई रि-इन्वेस्ट 2024 समिट में मुख्य वक्तव्य देंगे। वे भारत के रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में गुजरात के नेतृत्व पर बल देंगे।

# राजभाषा हीरक जयंती में डाक टिकट और सिक्का जारी किया जाएगा

▸ अमित शाह अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**एजेंसी। नई दिल्ली**






केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली में राजभाषा हीरक जयंती समारोह एवं चौथे अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। राजभाषा विभाग हिंदी के राजभाषा बनने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14-15 सितंबर को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चौथा अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन आयोजित कर रहा है। राजभाषा हीरक जयंती के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री राजभाषा भारती पत्रिका के हीरक जयंती विशेषांक का विमोचन करेंगे। हीरक जयंती को यादगार बनाने के लिए अमित शाह एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। गृह मंत्री इस अवसर पर राजभाषा गौरव और राजभाषा कीर्ति पुरस्कार भी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही कुछ और पुस्तकों और पत्रिकाओं का विमोचन भी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री भारतीय भाषा अनुभाग का भी शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार हिंदी और भारतीय भाषाओं के विकास तथा उनके बीच बेहतर समन्वय पर जोर देते रहे हैं। संविधान की मंशा और प्रधानमंत्री के निर्देश को ध्यान में रखते हुए हिंदी के साथ-साथ भारतीय भाषाओं के प्रयोग को बढ़ावा देने और उनके बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग ने भारतीय भाषा अनुभाग की स्थापना का प्रस्ताव रखा था। दो दिवसीय चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में पिछले 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति पर गहन चर्चा होगी। सम्मेलन के पहले दिन 14 सितंबर को भोजनोपरांत सत्र में 'राजभाषा हीरक जयंती - 75 वर्षों में राजभाषा, जनभाषा और संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की प्रगति' पर चर्चा होगी। जबकि दूसरा सत्र 'भारत की सांस्कृतिक विरासत और हिंदी' होगा, जिसे लोकप्रिय हिंदी कवि और वक्ता डॉ. कुमार विश्वास संबोधित करेंगे। 15 सितंबर को सम्मेलन के तीसरे सत्र में देश के प्रसिद्ध भाषाविद् और कोशकार 'भाषा शिक्षण में शब्दकोष की भूमिका और देवनागरी लिपि की विशेषता' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

# प्रधानमंत्री डोडा में आज चुनावी रैली को करेंगे संबोधित

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को जम्मू-कश्मीर का चुनावी दौरा करेंगे। विधानसभा चुनावों की घोषणा के बाद केंद्र शासित प्रदेश में उनका पहला चुनावी कार्यक्रम होगा। प्रधानमंत्री मोदी डोडा जिले में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करेंगे, जहां 18 सितंबर को चिनाब घाटी के तीन जिलों की आठ विधानसभा सीटों के लिए मतदान होना है। पुंछ और राजौरी जिलों के कुछ हिस्सों में भी 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान होने जा रहा है।

# ज्ञानवापी मामले में तहखाने की छत पर नमाज रोकने से अदालत का इनकार

**वाराणसी।** वाराणसी की अदालत ने ज्ञानवापी मामले में शुक्रवार को हिंदू पक्ष की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें यह मांग की गई थी कि व्यास जी तहखाने की छत पर मुस्लिमों के नमाज अता करने पर रोक लगाई जाए। हिंदू पक्षकारों ने कमजोर छत को अपनी मांग की वजह बताते हुए तर्क दिया था कि छत किसी भी वक्त क्षतिग्रस्त हो सकती है। व्यास जी के तहखाने में हिंदू जहां पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं मुस्लिम पक्ष उसकी छत पर नमाज अता करता है। ऐसे में यह जगह दोनों ही समुदायों के लिए आस्था के साथ-साथ कानूनी लड़ाई का भी अखाड़ा बन गया है। सिविल जज हितेश अग्रवाल की अदालत द्वारा याचिका खारिज करने पर हिंदू पक्ष ने निराशा जाहिर की। उसने अदालत से कहा कि याचिका तो खारिज कर दी गई।

# स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया : चंपत राय

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री चंपत राय और योगगुरु स्वामी रामदेव ने शुक्रवार को पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय युवा धर्म संसद का शुभारंभ किया। युवा धर्म संसद के पहले दिन वक्ताओं ने युवाओं का आह्वान किया कि वह राष्ट्र भावना को सर्वोपरि रखते हुए जीवन में आगे बढ़ें। शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए स्वामी विवेकानंद के ऐतिहासिक उद्बोधन को लक्ष्य कर सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित युवा धर्म संसद में देश के 24 राज्यों के युवा भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महामंत्री तथा विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने स्वामी विवेकानंद के शिकागो धर्म सम्मेलन में दिए गए भाषण का उल्लेख करते हुए कहा कि उस वक्त स्वामी विवेकानंद ने सनातन संस्कृति का लोहा पूरी दुनिया में मनवाया था।

# कुमारस्वामी ने हिंसा प्रभावित मांड्या का दौरा

**मांड्या (कर्नाटक)।** केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने शुक्रवार को मांड्या जिले के नागमंगला कस्बे के हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया, जहां गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक जुलूस पर हमला हुआ था और झड़पें हुई थीं। गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान बुधवार रात शहर में हिंसा और दंगे हुए। जनता दल (एस) कुमारस्वामी ने आग में जली दुकानों और शोरूम का दौरा किया और गिरफ्तार लोगों के परिवारों से भी बात की। दौरे के बाद नागमंगला में पत्रकारों से बात करते हुए कुमारस्वामी ने आशंका जताई कि हो सकता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को पद से हटाने के लिए हिंसक घटना की साजिश रची गई हो। उन्होंने याद दिलाया कि जब दिवंगत मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल सत्ता में थे, तब कांग्रेस नेताओं ने रामनगर और चन्नपटना शहरों में सांप्रदायिक हिंसा की साजिश रची थी।


योगेश कथुनिया

# सबके लिए पीएम मतलब प्रधानमंत्री हमारे लिए 'परम मित्र'

## प्रदर्शन में निरंतरता टॉप्स और खेलो इंडिया के कारण

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दो बार के पैरालंपिक रजत पदक विजेता डिस्कस थ्रोअर योगेश कथुनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक नई उपाधि दी, पीएम के आवास पर बातचीत के दौरान उन्हें परम मित्र कहा। मई में विश्व पैरा-एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ56 श्रेणी में रजत पदक जीतने वाले कथुनिया ने हाल ही में संपन्न पेरिस पैरालंपिक में पुरुषों की डिस्कस थ्रो - एफ56 स्पर्धा में 42.22 मीटर का सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो दर्ज किया और रजत पदक जीता। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने आवास पर भारत के पैरालंपियनों से मुलाकात की और उन्हें पेरिस पैरालंपिक खेलों में 29 पदकों के रिकॉर्ड-तोड़ प्रदर्शन के लिए बधाई दी और पैरा-एथलीटों से अपने पैरालंपिक अनुभव साझा करने के लिए कहा। कथुनिया ने पीएम मोदी से कहा, (प्रदर्शन में) निरंतरता आपकी वजह से आई है, यह आपके द्वारा शुरू की गई योजनाओं जैसे कि टॉप्स, खेलो इंडिया आदि की वजह से आई है। सबके लिए पीएम का मतलब प्रधानमंत्री होता है लेकिन हमारे लिए आप हमारे 'परम मित्र' हैं। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, मुझे इस पद पर गर्व है और मैं भी आप सभी के साथ 'मित्र' के तौर पर काम करना चाहता हूं।

### कोच सत्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी को बताया साथी कोचों को लगा कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं : सत्यपाल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर बातचीत करते हुए, भारतीय पैरा-एथलेटिक्स कोच सत्यपाल सिंह ने खुलासा किया है कि एक समय था जब नेहरू स्टेडियम के कोचों को लगा कि मैं पैरा एथलीटों को प्रशिक्षित करने में समय बर्बाद कर रहा हूं। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता सत्यपाल ने कहा, मैंने इस क्षेत्र में कड़ी मेहनत की है और मैं बहुत खुश हूं। आने वाले समय में मैं आपसे वादा करता हूं कि हम 29 पदकों पर नहीं रुकेंगे, बल्कि इतनी मेहनत करेंगे कि हम 50 पदक जीतेंगे। सिंह ने पीएम मोदी से कहा, 2005-06 में मैंने पैरा-एथलीटों को प्रशिक्षण देना शुरू किया तो मेरे साथी कोचों को लगता था कि मैं अपना समय बर्बाद कर रहा हूं। आज, वही कोच जो मेरी आलोचना करते थे, अब पैरा-एथलीटों को प्रशिक्षण देना चाहते हैं।''

## जब गोल्ड मेडलिस्ट के लिए जमीन पर बैठे मोदी



### नवदीप ने पीएम को भेंट की टोपी

भारत के भाला फेंक खिलाड़ी नवदीप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक टोपी भेंट की। नवदीप ने धीरे से पीएम मोदी के सिर पर टोपी पहनाई और पीएम मोदी जमीन पर नीचे बैठ गए। उन्होंने पीएम मोदी से अपनी जैकेट के बाएं हिस्से पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा, पीएम मोदी ने नवदीप के बाएं हाथ पर ऑटोग्राफ दिया। पीएम मोदी ने नवदीप से उनकी जीत के बाद वायरल हुए वीडियो के बारे में भी पूछा।






# सीनियर एक्वाटिक चैंपियनशिप का खिताब फिर कर्नाटक के पास

एजेंसी

**मंगलौर।** 77वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप 2024 का आखिरी दिन बहुत ही रोमांचक रहा, जिसमें कर्नाटक ने फिर से चैंपियन का खिताब जीता। कर्नाटक ने 17 गोल्ड, 12 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल जीतकर खिताब अपने नाम किया। महाराष्ट्र ने 6 गोल्ड, 4 सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। कर्नाटक के अनीश एस गौड़ा को पुरुषों की श्रेणी में व्यक्तिगत चैंपियन घोषित किया गया, जिन्होंने 4 गोल्ड मेडल जीते। वहीं, महिलाओं की श्रेणी में कर्नाटक की हाशिका रामचंद्रा ने 3 गोल्ड और 1 सिल्वर मेडल के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। कर्नाटक के लिए सबसे बड़ी खुशी तब आई जब पुरुषों की 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में उन्होंने नया रिकॉर्ड बनाया। पृथ्वी एम, कार्तिकेयन नायर, आकाश मणि और श्रीहरी नटराज ने 3:28.09 समय दर्ज कर 2023 में बनाए गए 3:28.16 के रिकॉर्ड को तोड़ा। सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के उन्नीकृष्णन एस, विकास प्रभाकर, विनायक विजय और आनंद एएस ने 3:28.93 समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।

महिलाओं की 4x100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड की शिवांगी शर्मा, आस्था चौधरी, कन्या नय्यर और अवंतिका सुधीर चव्हाण ने महाराष्ट्र के 2023 में बनाए 4:02.24 के रिकॉर्ड को 4:01.83 समय के साथ तोड़ा। कर्नाटक की शिरीन, विहिता नयना लोगनाथन, शालिनी आर दीक्षित और हाशिका रामचंद्रा 4:02.62 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। महिलाओं की 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले में कर्नाटक की थन्या शदाक्षर ने शुरुआती 100 मीटर बटरफ्लाई में बढ़त बनाई, लेकिन महाराष्ट्र की सान्वी देशवाल ने अगले 100 मीटर बैकस्ट्रोक में उन्हें पीछे छोड़ दिया।



### धुलिपुडी वार्षिथ और युग चेलानी के बीच जोरदार मुकाबला

एसएससीबी के विनायक विजय ने 400 मीटर इंडिविजुअल मेडले के पहले 100 मीटर बटरफ्लाई में बढ़त बनाई। उनके साथ तेलंगाना के धुलिपुडी वार्षिथ और राजस्थान के युग चेलानी थे। अगले 100 मीटर बैकस्ट्रोक में धुलिपुडी और युग ने विनायक को पीछे छोड़ दिया, लेकिन ब्रेस्टस्ट्रोक में विनायक ने फिर से बढ़त पाने की कोशिश की। अंतिम 100 मीटर फ्रीस्टाइल में युग चेलानी और आंध्र प्रदेश के मोंगम थीरधु समदेव ने बाजी पलटते हुए क्रमशः 4:36.39 और 4:36.44 समय के साथ पहले और दूसरे स्थान पर कब्जा किया। महिलाओं की 200 मीटर बैकस्ट्रोक में ओडिशा की प्रत्यासा रे ने शुरुआती 50 मीटर में बढ़त बनाई, लेकिन बंगाल की सौब्रिटी मंडल ने अपनी रफ्तार बढ़ाई और पहले स्थान पर 2:21.76 समय के साथ रेस पूरी की, जबकि प्रत्यासा 2:24.29 समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक में तमिलनाडु के नितिक नथेला और महाराष्ट्र के ऋषभ अनुपम दास के बीच कड़ी टक्कर रही।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी: पाकिस्तान के खिलाफ हाई वोल्टेज मुकाबले के लिए भारतीय हॉकी टीम तैयार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के अपने आखिरी ग्रुप चरण मैच में 14 सितंबर को चीन के हुलुनबुइर में मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगा। जहां शीर्ष ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व में भारत टेबल टॉपर के रूप में मैच में उतरेगा, वहीं अम्माद बट के नेतृत्व वाला पाकिस्तान अंक तालिका में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के रूप में भारत से भिड़ेगा। गत चैंपियन ने टूर्नामेंट को पसंदीदा के रूप में खेला



है और प्रत्येक मैच जीता है। भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराया, दूसरे मैच में जापान को 5-1 से हराया, तीसरे मैच में मलेशिया को 8-1 से हराया और पिछले मैच में कोरिया के खिलाफ 3-1 से जीत हासिल की। भारत टूर्नामेंट में सेमीफाइनल में जगह पक्की करने वाली पहली टीम थी। दूसरी ओर, पाकिस्तान इस अभियान में लचीला रहा है।

हॉकी के दिग्गज ताहिर जमान के सतर्क मार्गदर्शन में खेल रही टीम ने मलेशिया और कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला, जापान को 2-1 से और चीन को 5-1 से हराकर अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''मैं अपने जूनियर दिनों से ही पाकिस्तान टीम के कुछ खिलाड़ियों के साथ खेल रहा हूं और हमारा उनके साथ एक विशेष रिश्ता है। वे मेरे भाई जैसे हैं. बेशक, मैदान पर हम मैच के बारे में वैसे ही सोचेंगे जैसे हम किसी अन्य प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखें।'' हरमनप्रीत ने कहा, विश्व हॉकी में, दोनों टीमों के बीच की प्रतिद्वंद्विता अद्वितीय है और मुझे यकीन है कि दुनिया भर के प्रशंसक भारत-पाकिस्तान मैच का इंतजार कर रहे होंगे।







संतोष कुमार गंगवार
राज्यपाल, झारखण्ड

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

हिन्दी दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

संदेश

हिंदी दिवस का यह दिन हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को याद करने और भाषायी विविधता की पहचान को मनाने का दिन है। हिंदी भाषा हमारी पहचान, हमारी सोच और हमारे समाज का अभिन्न हिस्सा है। यह न केवल एक भाषा है, बल्कि हमारी सभ्यता और संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण स्तंभ है।

हिन्दी राष्ट्रीय एकता का मजबूत आधार है। एक ओर यह देशज जन-भाषाओं और बोलियों से मिलकर संवरी है। दूसरी ओर इसने असंख्य विदेशज शब्दों को आत्मसात किया है। यही हिन्दी की जीवन्तता, गतिमयता और दीर्घजीविता का रहस्य है।

हिंदी भाषा ने हमें एकजुट किया है और समाज के विभिन्न वर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाया है। इसका योगदान हमारी साहित्यिक, सांस्कृतिक और सामाजिक धरोहर में अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारी विविधता में एकता को प्रतिबिंबित करता है।

हिंदी दिवस पर, हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपनी मातृभाषा की रक्षा करेंगे, सरकारी काम-काजों में अधिक से अधिक प्रयोग करेंगे, इसके प्रचार-प्रसार में सहयोग करेंगे, और इसकी गरिमा को बनाए रखेंगे। खासकर हम अपने युवा वर्ग को हिंदी भाषा के महत्व और उसके समृद्ध साहित्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास करें, ताकि यह भाषा भविष्य में भी उतनी ही प्रभावशाली और प्रासंगिक बनी रहे।

सभी राज्यवासियों को हमारी ओर से हिंदी दिवस की शुभकामनाएँ। आशा करते हैं कि हम सब मिलकर हिंदी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे और इसे हमारे जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाएंगे।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 335156 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 2024-25


## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में भारत को मिला टियर 1 देशों में स्थान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत को ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स (जीसीआई) में टियर 1 देशों में जगह मिली है। इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन (आईटीयू) द्वारा इसे जारी किया जाता है। 'जीसीआई 2024' ने इस बार पांच टियर एनालिसिस का उपयोग की है। इसमें विभिन्न देशों द्वारा साइबर सिक्योरिटी में की गई प्रगति को ट्रैक किया जाता है। इस रिपोर्ट में सबसे उच्च श्रेणी टियर 1 में 46 देशों को जगह दी गई है। इन देशों को "रोल मॉडलिंग" नाम दिया गया है, जिन्होंने साइबर सुरक्षा के सभी अहम पहलुओं पर मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में बताया गया कि भारत ने कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन जैसे उपायों में अच्छा प्रदर्शन किया है। संस्थागत उपाय में और विकास की संभावना है। डेवलपमेंट ब्यूरो को डायरेक्टर कॉसमस लकीसन जवाजावा ने कहा कि ग्लोबल साइबरसिक्योरिटी इंडेक्स 2024 में शामिल देशों ने साइबर सुरक्षा के जरूरी एरिया जैसे कानूनी, तकनीकी, क्षमता विस्तार और कॉरपोरेशन फ्रेमवर्क में काफी अच्छा काम किया है। इससे हादसों का रिस्पॉन्स देने की क्षमता में विस्तार हुआ है। जवाजावा ने आगे कहा कि आईटीयू के साइबर सिक्योरिटी प्रोजेक्ट्स और प्रोग्राम देशों की साइबर खतरों को मैनेज करने में मदद कर रहे हैं। रिपोर्ट में बड़े खतरों के बारे में भी बताया गया है, जिसमें सरकारी सेवाओं और अन्य सेक्टर को टारगेट करने वाले रैनसमवेयर अटैक, कोर इंडस्ट्रीज को प्रभावित लोगों की निजता पर होने वाले साइबर हमले आदि शामिल हैं।




177 देशों में दुनिया के निजी डेटा की सुरक्षा, डेटा चोरी होने आदि को लेकर कोई न कोई नियम बना हुआ है इसे बनाने का प्रोसेस शुरू हो चुका

# निर्यात बढ़ाने के लिए फोर्ड भारत में करेगी वापसी तीन हजार लोगों को देगी नौकरी

**चेन्नई।** अमेरिकी वाहन निर्माता फोर्ड मोटर भारत में वापसी कर रही है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कंपनी चेन्नई में अपने विनिर्माण संयंत्र को फिर से चालू करेगी। साथ ही 2,500-3,000 अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती भी करेगी। शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। फोर्ड इंटरनेशनल मार्केट्स ग्रुप की अध्यक्ष के हार्ट ने बताया कि इस कदम का उद्देश्य "भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करना है क्योंकि हम नये वैश्विक बाजारों के लिए तमिलनाडु में उपलब्ध विनिर्माण विशेषज्ञता का लाभ उठाना चाहते हैं। उन्होंने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा कि कंपनी ने "निर्यात के उद्देश्य से विनिर्माण के लिए हमारे चेन्नई संयंत्र के उपयोग को रेखांकित करते हुए भारत में तमिलनाडु सरकार को" लेटर ऑफ इंटेंट सौंपा है। तमिलनाडु सरकार के साथ कंपनी के शीर्ष अधिकारियों की कई दौर की बैठक के बाद यह घोषणा की गई है। फोर्ड मोटर ने बेहद प्रतिस्पर्धात्मक घरेलू वाहन बाजार में कम बिक्री और नुकसान के कारण साल 2021 में अपना परिचालन बंद कर दिया था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा था कि उन्होंने फोर्ड मोटर की टीम के साथ बहुत ही दिलचस्प चर्चा की। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु के साथ फोर्ड की तीन दशक पुरानी साझेदारी को पुनर्जीवित करने की व्यवहार्यता का पता लगाया, ताकि दुनिया के लिए तमिलनाडु में फिर से निर्माण किया जा सके।

# आंकड़े छुपाने से सच्चाई नहीं बदल जाती : चंपाई सोरेन



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर फिर से हेमंत सरकार को घेरा। चंपाई सोरेन ने शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल एक्स पर कहा है कि वोट बैंक के लिए कुछ राजनीतिक दल भले ही आंकड़े छुपाने का प्रयास करें लेकिन शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर गाड़ लेने से सच्चाई नहीं बदल जाती। हां, वोटर लिस्ट पर नजर डालने से यह स्पष्ट हो जाता है कि हमारी माटी, हमारी जन्मभूमि से हमें ही बेदखल करने में बांग्लादेशी घुसपैठिए काफी हद तक सफल हो गए हैं।

उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ विद्रोह करने वाले वीर शहीदों की धरती पाकुड़ पूरे संथाल-परगना को बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ संघर्ष की राह दिखाएगी। चंपाई सोरेन ने कहा कि संथाल हूल के दौरान, स्थानीय संथाल विद्रोहियों के डर से अंग्रेजों ने पाकुड़ (झारखंड) में मार्टिलो टावर का निर्माण करवाया था, जो आज भी है। इसी टावर में छिप कर अंग्रेज सैनिक, स्वयं बचते हुये, इसके छेद से बंदूक द्वारा पारंपरिक हथियारों से लैस संथाल विद्रोहियों पर गोलियां बरसाते थे। इस वीर भूमि की ऐसी कई कहानियां आज भी बड़े-बुजुर्ग गर्व के साथ सुनाते हैं, लेकिन क्या आपको यह पता है कि आज उसी पाकुड़ में हमारा आदिवासी समाज अल्पसंख्यक हो चुका है?

उन्होंने कहा कि पाकुड़ के जिकरहट्टी स्थित संथाली टोला और मालपहाड़िया गांव में अब आदिम जनजाति का कोई सदस्य नहीं बचा है, तो आखिर वहां के भूमिपुत्र कहां गए? उनकी जमीनों, उनके घरों पर अब किसका कब्जा है? इसके साथ-साथ वहां के दर्जनों अन्य गांवों-टोलों को जमाई टोला में कौन बदल रहा है? अगर वे स्थानीय हैं, तो फिर उनका अपना घर कहाँ है? वे लोग जमाई टोलों में क्यों रहते हैं? किस के संरक्षण में यह गोरखधंधा चल रहा है? इस मुद्दे पर विचार-विमर्श करने के लिए आगामी 16 सितंबर को आदिवासी समाज द्वारा पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में मांझी परगाना महासम्मेलन का आयोजन किया गया है, जिसमें हम लोग समाज के पारंपरिक ग्राम प्रधानों एवं अन्य मार्गदर्शकों के साथ बैठ कर इस समस्या का कारण समझने तथा समाधान तलाशने पर मंथन करेंगे। इसी दिन बाबा तिलका मांझी और वीर सिदो-कान्हू के संघर्ष से प्रेरणा लेकर हमारा आदिवासी समाज अपने अस्तित्व तथा माताओं, बहनों एवं बेटियों की अस्मत बचाने हेतु सामाजिक जन-आंदोलन शुरू करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### हाईकोर्ट से नीरज मित्तल और राम प्रकाश भाटिया को झटका




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग में जेल में बंद निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल एवं सहयोगी राम प्रकाश भाटिया की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। पूर्व में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद नीरज मित्तल एवं राम प्रकाश भाटिया की जमानत पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। दोनों की ओर से हाई कोर्ट में अलग-अलग जमानत अर्जी दाखिल की गई थी। पूर्व में ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने इन दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से जमानत के लिए हाई कोर्ट में आग्रह किया गया है। वीरेंद्र राम के सीए नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र पूर्व में दाखिल कर दिया है। नीरज मित्तल पर टेंडर मैनेज करने के लिए कमीशन लेने और करोड़ों रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में संलिप्त रहने का आरोप है। दिल्ली से नीरज मित्तल को गिरफ्तार किया गया था। वही राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद पर वीरेंद्र राम की काली कमाई को सफेद करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि नीरज मित्तल पेशे से एक चार्टेड एकाउंटेंट हैं।

खेल घोटाले का जिन्न फिर बाहर निकलेगा

# अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार कर फिर जांच का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले की जांच से संबंधित सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट पर रांची सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने असंतुष्टि जाहिर की है। कोर्ट ने सीबीआई को दोबारा जांच करने का आदेश देते हुए क्लोजर रिपोर्ट को अस्वीकार कर दिया है। सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ सोशल एक्टिविस्ट पंकज यादव और सूर्य सिंह बेसरा ने कोर्ट में प्रोटेस्ट याचिका दायर की थी। सीबीआई के क्लोजर रिपोर्ट को चुनौती देते हुए शिकायतकर्ता ने विधानसभा कमेटी की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए सीबीआई जांच को जारी रखने की मांग की थी।



साल 2011 में रांची में हुआ था 34वां राष्ट्रीय खेल पंकज ने राष्ट्रीय खेल मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण में अनियमितता समिति के विधानसभा कमेटी के संयोजक सरयू राय और सदस्य राधाकृष्ण किशोर की निष्कर्ष और अनुशंसा पर कार्रवाई करने की मांग करते हुए प्रोटेस्ट दाखिल की थी। कोर्ट में सुनवाई के दौरान पंकज यादव ने अदालत का ध्यान परामर्शी का चयन और तत्कालीन खेल मंत्री द्वारा टेंडर खुल जाने के बाद अपने पसंदीदा सवेंदक को टेंडर दिलाने की ओर आकृष्ट कराया था। साथ ही तत्कालीन मंत्री सुदेश महतो और उनके आप्त सचिव गोपाल जी तिवारी का विदेश भ्रमण का मुद्दा भी उठाया था। वहीं सूर्य सिंह बेसरा ने विधानसभा कमिटी के सदस्यों से पूछे बगैर क्लोजर रिपोर्ट जमा कर देने पर सीबीआई की मंशा पर सवाल उठाया था। 34वां राष्ट्रीय खेल साल 2011 में रांची में हुआ था। जिसके आयोजन के बाद कई तरह की वित्तीय अनियमितता और करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार के मामले सामने आये थे। इस मामले की जांच सीबीआई ने की है।

### पूर्व मंत्री के पीएस संजीव कुमार लाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** पीएमएमलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने शुक्रवार को टेंडर कमीशन मामले के आरोपित पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव कुमार लाल की ओर से दाखिल जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। संजीव लाल ने जमानत की गुहार लगाते हुए 31 अगस्त को याचिका दाखिल की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने छह मई को छापेमारी के दौरान संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने से 32.30 करोड़ रुपए जब्त किये थे। उसी दिन ईडी ने देर रात संजीव लाल एवं जहांगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था। सात मई को अदालत में पेश किया गया था, जहां से जेल भेज दिया गया था। तब से दोनों जेल में है।

### पीएम के कार्यक्रम को लेकर बिजली विभाग के तीन अफसर प्रतिनियुक्त

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 15 सितंबर को झारखंड के जमशेदपुर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बिजली विभाग ने तीन अफसरों की प्रतिनियुक्ति की है। ऊर्जा विभाग, विद्युत निरीक्षणालय रांची सर्कल ने विद्युत निरीक्षक प्रफूल कुमार गुप्ता, सहायक विद्युत निरीक्षक शैलजानंद प्रकाश और अजय कुमार सिंह की प्रतिनियुक्ति की है। तीनों अधिकारी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में बिजली व्यवस्था देखेंगे। साथ ही जरूरी दिशा-निर्देश के तहत बिजली व्यवस्था को संचालित करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। साथ ही रोड शो भी करेंगे। वे लगभग 21 हजार करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत भी करेंगे। एक लाख से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच दो-दो लाख रुपये की राशि भी खाते में भेजी जायेगी।

### जमशेदपुर को इंडस्ट्रियल टाउन बनाये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका की सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में झारखंड सरकार द्वारा 23 दिसंबर 2023 के नोटिफिकेशन के तहत पूरे जमशेदपुर के 15460 एकड़ जमीन जिसमें टाटा स्टील की फैक्टरी एवं उसकी कॉलोनी के साथ-साथ जमशेदपुर नोटिफाइड एरिया कमेटी भी है। हाई कोर्ट की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि इसी तरह के एक मामले में जवाहरलाल शर्मा एवं झारखंड सरकार एवं अन्य, जिसमें जमशेदपुर को नगर निगम बनाने और इंडस्ट्रियल टाउन नहीं बनने को लेकर रिट याचिका वर्ष 2018 में दाखिल की गई है, जो लंबित है।

# कोयला कारोबारी इजहार अंसारी को मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट ने हजारीबाग के कोयला कारोबारी मो. इजहार अंसारी की जमानत याचिका पर शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने इजहार अंसारी की जमानत अर्जी मंजूर करते हुए उन्हें जमानत प्रदान कर दी। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था। 16 जनवरी को ईडी ने हजारीबाग स्थित उसके आवास एवं फैक्ट्री पर छापा मारा था। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। 70 करोड रुपये के कोल लिंकेज के हेराफेरी मामले में इजहार अंसारी आरोपित है। निलंबित आईएएस पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार की पहल पर खान विभाग के अधिकारियों ने इजहार अंसारी की कंपनी को कोल लिंकेज देने की अनुशंसा की थी। ईडी ने मनरेगा घोटाला को लेकर की गई छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार का मोबाइल जब्त किया था। इस मोबाइल फोन से मिले के तथ्य के आधार पर ईडी ने इजहार अंसारी के घर पर मार्च 2023 में भी छापा मारा था। इस दौरान उसके घर से 3.85 करोड़ जब्त किया गया था।

### बाबूलाल मरांडी ने करम पर्व की दी शुभकामनाएं



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने करम पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि भाई बहन का पर्व समस्त झारखंड वासियों के लिए मंगलमय हो। मरांडी ने कहा कि भाई बहन का यह पर्व झारखंड के आदिवासी मूलवासी समाज का महत्वपूर्ण उत्सव है। यह प्रकृति और संस्कृति से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि करम पर्व हर घर में खुशियों का सौगात लेकर आए।

### लैब असिस्टेंट नियुक्ति मामले में आठ अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट रिजर्व रखन

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में लैब असिस्टेंट नियुक्ति प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को उन आठ अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट रिजर्व रखने का निर्देश दिया है, जिन्होंने हाई कोर्ट के याचिका दाखिल की है। इस संबंध में दिव्यांशु राज और अन्य की ओर से याचिका दाखिल की गयी थी। दरअसल, ने लैब असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति निकाली थी। नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन में रखी गयी शर्त और नियुक्ति नियमावली में अंतर था, जिसके खिलाफ आठ लोगों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हाई कोर्ट के वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता अपराजिता भारद्वाज ने याचिकाकताओं की ओर से बहस की।

### पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 21 को

**रांची।** धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से बहस के लिए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने 21 सितंबर की अगली तिथि निर्धारित की है। ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद ईडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी। ईडी की छापेमारी में सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ रुपये नकद बरामद हुआ था।

# मुख्यमंत्री बताएं पांच वर्षों में राज्य में कितने बलात्कारियों को हुई सजा : गीता कोड़ा

## सर्वाधिक आदिवासी और दलित बेटियां हैं पीड़ित

**7000 से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व सांसद व भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता कोड़ा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर बड़ा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में राज्य की बहन बेटियों पर लगातार खतरे बढ़ रहे। बेटियां आज असुरक्षित हैं। और अपराधी बेलगाम हैं। कहा कि पिछले 5वर्षों में राज्य में 7000से अधिक दुष्कर्म और बलात्कार की घटनाएं राज्य सरकार के रिकॉर्ड में दर्ज हैं। जिसमे अधिकांश घटनाएं आदिवासी दलित समाज की बहन


गीता कोड़ा

बेटियों के साथ घटी है। कहा कि चाहे रूपा तिर्की की संदेहास्पद हत्या हो,या रुबिका पहाड़िया को 52 टुकड़ों में काट कर फेंकना।अपने घर में सोई अंकिता पर पेट्रोल डाल कर उसे जलाकर मारना,और दरोगा संध्या टोपनो को गो तस्करों के द्वारा ट्रक से कुचलकर मार देना। ऐसे हजारों जघन्य अपराध पिछले 5वर्षों में राज्य की महिलाओं की स्थिति को बताते हैं। कहा कि सबसे बड़ी दुर्भाग्य जनक स्थिति है कि हेमंत सरकार अपराध का भी तुष्टिकरण कर रही।हेमंत सरकार केलिए बेटियों की इज्जत नहीं वोट बैंक प्रिय है।

कहा कि मुख्यमंत्री जी को बताना चाहिए कि अबतक कितने बलात्कारियों को राज्य सरकार ने सजा दिलाई है। फास्ट ट्रैक कोर्ट में कितने मामले लंबित हैं। कहा कि राज्य की बेटियां हेमंत सरकार के कुर्सी मोह को जान चुकी है। इन्हे बेटियों के सम्मान से कुछ भी लेना देना नही है।

### सीएम के सशरीर कोर्ट में उपस्थिति से छूट वाली याचिका पर अगली सुनवाई एक अक्टूबर को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समन की अवहेलना से जुड़े मामले में उनकी ओर से दाखिल सशरीर उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका पर शुक्रवार को आंशिक सुनवाई हुई। हेमंत सोरेन के अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा ने कोर्ट से समय की मांग की। इसके बाद अदालत ने मामले में सुनवाई की अगली तिथि एक अक्टूबर को निर्धारित की है। मामले की सुनवाई एमपीएलएलए की विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में हुई। इससे पूर्व ईडी की ओर से अदालत में जवाब दाखिल किया गया था। हेमंत सोरेन की ओर से उनके अधिवक्ता ने पांच जुलाई को उक्त मामले में व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति में छूट से संबंधित याचिका दाखिल की थी। मामले में हेमंत सोरेन के खिलाफ उपस्थिति को लेकर समन जारी है। गत तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।

## पृष्ठ एक के शेष

**ग्रामीणों ने बीमार बुजुर्ग को टेकरी...**

पर निर्भर हैं, और बरसात के मौसम में गांव टापू में बदल जाता है।

**अधिकारियों व नेताओं के दौरे के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था :** कांग्रेस एसटी सेल के जिला अध्यक्ष अजीत पाल कुजूर, जो कोतरोकोना गांव के निवासी हैं, ने बताया कि उन्होंने नदी पर पुल बनाने के लिए कई प्रयास किए हैं, लेकिन टेंडर वर्षों से लंबित है। पुल बनने से गांव तक सड़क, चापानल और अन्य सुविधाओं को बहाल किया जा सकता है। इस गांव का दौरा लातेहार जिला के पूर्व उपायुक्त और आईएएस केके सोन, अराधना पटनायक और विधायक रामचंद्र सिंह भी कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

**सप्ताह में एक दिन डालटनगंज-गढ़वा...**

ट्रेन को चलाने का भी अनुरोध किया। बता दें कि कोविड-19 के दौरान बंद की गयी बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। उक्त ट्रेन का परिचालन शुरू नहीं होने से पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 11 रेलवे स्टेशनों में नगर उंटारी, रमना, मेराल, गढ़वा, गढ़वा रोड़, तोलरा, लालगढ़ बिहार, रजहारा, कजरी, डालटनगंज व चियांकी के यात्रियों को आवागमन करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। बरवाडीह चोपन चुनार पैसेंजर ट्रेन का परिचालन पुनः शुरू करने की मांग की जा रही है। उक्त ट्रेन को पुनः चलाने के लिए भी रेल मंत्री ने सहमति प्रदान कर दिया है। सांसद ने कहा कि उम्मीद है कि बहुत जल्द उपरोक्त दोनों ट्रेनों का परिचालन प्रारंभ होगी, जिससे जनता को आवागमन में हो रही कठिनाईयों से निजात मिल सकेगी।

**रिवाल्वर समेत दो...**

महबूब अंसारी व राजकुमार विश्वकर्मा को अवैध हथियार बनाने, रखने और बिक्री करने के जुर्म मे आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी, भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, अमरेन्द्र कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

**समस्या के समाधान के लिए आपके दरवाजे...**

और योजनाओं को लागू करने का काम किया है, जिससे आपको ना तो बार-बार ब्लॉक ऑफिस जाना पड़ता है और ना ही दलालों के आगे-पीछे घूमना पड़ता है।

**200 यूनिट बिजली फ्री, बकाया बिजली बिल भी माफ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार आज आपको 200 बिजली फ्री दे रही है, वहीं बकाया बिजली बिल को माफ करने का भी निर्णय हमारी सरकार ने लिया है। इसका फायदा इस राज्य के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को रहा है। हमारी कोशिश राज्य की जनता को ज्यादा से ज्यादा सहूलियत और सुविधा देना है ताकि वे प्रगति की राह पर आगे बढ़ सकें।

**बोकारो को 302 और रामगढ़ जिले को 431 योजनाओं की मिली सौगात**

मुख्यमंत्री ने आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोकारो एवं रामगढ़ जिले को लगभग 753 करोड़ 44 लाख हजार रुपये की 733 योजनाओं का तोहफा दिया। इसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत 40872.20 लाख रुपये की 431 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास शामिल है जबकि बोकारो जिला अंतर्गत 52594.26 लाख रुपये की 302 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास संपन्न हुआ। वहीं, दोनों जिलों के हजारों लाभुकों के बीच लगभग 342 करोड़ 90 लाख रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण हुआ।


**कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**
**(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, गढ़वा)**
सदर अस्पताल कैम्पस, कचहरी रोड, गढ़वा (झारखण्ड) पिन कोड–822114
फोन न0:- 06561-222050, 222051 इमेल आई0डी0 :- cs.garhwa@gmail.com

**-: आवश्यक सूचना :-**

**Advertisement for Ultrasonography CBE III Exam Under PC & PNDT Act.**
*Advt. No- Last date of receiving of application:- 20-09-2024*

Applications ( for Category II) are invited in the District Civil Surgeon Office for the Competency Based Evaluation III Under PCPNDT Six Months Training Rule 2014 for existing MBBS Doctors who are conducting Ultrasound procedures in Ultrasound Clinic/Imaging Clinic/Genetic Clinic/Genetic Counseling centre under PC & PNDT on the basis of one year experience or six months training and not attempted three time have to qualify the Competency Based Evalution III Under Department of Health Medical Education & Family Welfare, Govt. of Jharkhand.

Following candidates who are giving service in any registered USG clinic can apply for the said exam:-
1. MBBS with One year experience who have not attempted anytime or attempted maximum two times and do not clear the exam.
2. MBBS with Six Months Training who have not attempted anytime or attempted maximum two times and do not clear the exam.

**General Information and Instruction :-**
1. This is the Last CBE Exam for existing Registered Medical Practitioners (MBBS Doctors)
2. Application which has not been forwarded by the candidate of those received without requisite certificate and necessary documents will not be entertained.
3. Details terms & conditions and annexure as mentioned above can be seen at notice board of jrhms.jharkhand. gov.in.

ह/0
असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सापदाधिकारी, गढ़वा

PR 335766 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) से संबंधित आवश्यक जानकारी –

**जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू**

राष्ट्रीय पशुधन मिशन का उद्देश्य छोटे जुगली करने वाले पशुओं, मुर्गीपालन और सूकर पालन क्षेत्र तथा चारा क्षेत्र में उद्यमिता विकास के माध्यम से रोजगार सृजन, नस्ल सुधार से प्रति पशु मांस, अंडा, बकरी का दूध, ऊन और चारे के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्यों को प्राप्त करना है। इस योजना में कोई भी व्यक्ति (FCOs), Joint Liability Groups (JLGs) तथा धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कम्पनियॉ आवेदन कर सकते है।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) पशुधन से संबंधित विभिन्न गतिविधियों के लिए 50% पूंजी सब्सिडी प्रदान करता है।
- ग्रामीण पोल्ट्री में नस्ल सुधार फार्म – 25 लाख रूपये तक।
- भेड़ और बकरी प्रजनन फार्म – 50 लाख रूपये तक।
- सूकर प्रजनन फार्म – 30 लाख रूपये तक।
- चारा मूल्य संवर्धन इकाईयॉ – 50 लाख रूपये तक।
- चारा भण्डारण इकाईयॉ – 50 लाख रूपये तक।

इस योजना में सिर्फ ऑनलाइन आवेदन ही किया जा सकता है, पोर्टल से संबंधित प्रश्नों के लिए एनएलएम पोर्टल हेल्प डेस्क से www.dahd.nic.in अथवा nlm.support@sidbi.in पर संपर्क किया जा सकता है एवं विशेष जानकारी के लिए अपने निकटतम प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी अथवा जिला पशुपालन पदाधिकारी से संपर्क करे।

**आवेदन अपलोड करने हेतु आवश्यक लिंक – https://nlm.udyamimitra.in**

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 335780 District(24-25)#D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 23.09-2024 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 24.09.2024 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 24.09.2024 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत पेशरार में रमेश राम के घर से कुलगढा स्कूल तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 16,54,900 | 33,500 | 5000 | 03 माह |
| 2 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत जालिमखूर्द ग्राम जालिमखूर्द में खजूर पेड से औरंगा नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 20,96,300 | 42,000 | 5000 | 03 माह |
| 3 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत पेशरार ग्राम लबरपुर में एतवा मुण्डा के घर से लबरपुर चर्च तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 23,60,800 | 47,500 | 5000 | 03 माह |
| 4 | प्रखण्ड बारियातु पंचायत बालूभांग ग्राम बुढी सखुआ में चबुतरा से जामुन टांड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 30,51,200 | 61,500 | 5000 | 03 माह |
| 5 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत गणेशपुर ग्राम आरा में किना गंझू के घर से गोपाल साहु के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 18,43,100 | 37,000 | 5000 | 03 माह |
| 6 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम केरी में तुरीसुत स्कूल होते हुए छोटका ओकिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–1 | 24,81,600 | 50,000 | 5000 | 03 माह |
| 7 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम केरी में तुरीसुत स्कूल होते हुए छोटका ओकिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–2 | 24,81,600 | 50,000 | 5000 | 03 माह |
| 8 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम केरी में तुरीसुत स्कूल होते हुए छोटका ओकिया तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। भाग–3 | 24,98,100 | 50,000 | 5000 | 03 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10- अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग लेंगे।
12. प्रखण्ड लातेहार के योजना में प्रखण्ड लातेहार एवं मनिका के संवेदक एवं प्रखण्ड बारियातु एवं बालूमाथ के योजना में प्रखण्ड बालूमाथ, बारियातु एवं चन्दवा के संवेदक भाग लेंगे।
13. Ucan Certificate (Updated New Version) की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
14- वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार

PR 335803 Rural Development(24-25)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## दक्षिण कोरिया ने सैन्य ठिकानों से हटाये 1,300 से अधिक चीन निर्मित कैमरे

**सोल।** उत्तर कोरिया की सीमा के पास स्थित सैन्य ठिकानों के अलावा सीमा से सटे विभिन्न अड्डों पर स्थापित 1,300 से अधिक चीन निर्मित निगरानी कैमरों को दक्षिण कोरियाई सेना ने हटा दिया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने अधिकारी के हवाले से बताया कि जुलाई के अंत में सैन्य और खुफिया अधिकारियों को सैन्य उपकरणों की जांच के दौरान पता चला कि दक्षिण कोरियाई कंपनी द्वारा आपूर्ति किए गए निगरानी कैमरे चीन में बनाए गए हैं। सेना ने सुरक्षा चिंताओं के चलते सभी संबंधित उपकरणों को हटा दिया और अब उन्हें घरेलू उपकरणों से बदल रही है। वर्तमान में उनमें से लगभग 100 को नए सिरे से लगाया गया है। अधिकारी ने कहा, ''इन सीसीटीवी को ऐसे डिजाइन किया गया था कि ये चीनी सर्वर तक रिकॉर्डेड फुटेज भेजने में सक्षम थे।

## रूस ने विध्वंसक नीतियों का समर्थन करने पर 6 ब्रिटिश राजनयिकों को निकाला

**मॉस्को।** मॉस्को ने छह ब्रिटिश राजनयिकों की मान्यता रद्द कर दी है। देश की काउंटर-खुफिया एजेंसी एफएसबी ने इन अधिकारियों पर जासूसी और विध्वंसक गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया है। एफएसबी ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिटेन ने रूस को रणनीतिक पराजय देने के प्रयास में विध्वंसक नीतियों का समर्थन किया। इन प्रयासों का नेतृत्व विदेश एवं राष्ट्रमंडल कार्यालय के पूर्वी यूरोप और मध्य एशिया निदेशालय (ईईसीएडी) द्वारा किया गया। अधिकारियों ने कहा कि ब्रिटेन द्वारा उठाए गए शत्रुतापूर्ण कदमों के मद्देनजर, रूसी विदेश मंत्रालय ने मॉस्को स्थित ब्रिटिश दूतावास के राजनीतिक विभाग के उन छह कर्मचारियों की मान्यता समाप्त कर दी, जिनके कार्यों में खुफिया और विध्वंसकारी कार्य के संकेत मिले थे।

## हैरिस के साथ अब और प्रेसिडेंशियल डिबेट नहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने किया ऐलान

**वाशिंगटन।** पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ अब किसी अन्य प्रेसिडेंशियल डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे। एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि उन्होंने मंगलवार रात को फिलाडेल्फिया में एबीसी न्यूज द्वारा आयोजित बहस जीती है। रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने हैरिस पर आरोप लगाया कि उन्होंने फॉक्स न्यूज, एनबीसी न्यूज और सीबीएस न्यूज की तरफ से बहस के निमंत्रण को स्वीकार नहीं किया। वहीं डेमोक्रेटिक उम्मीदवार हैरिस ने गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि "मतदाताओं के प्रति हमारा यह दायित्व है कि हम एक और बहस करें। हैरिस की प्रचार टीम ने भी पहली बहस में जीत का दावा किया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के लिए : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

**अजमेर।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के विकास के लिए होती है इसे हमें पूरी निष्ठा के साथ लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद हमारा लक्ष्य है, हमें सदैव अपनी जिम्मेदारियों को याद रखना चाहिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अजमेर और नागौर यात्रा पर पहुंचे। इस दौरान किशनगढ़ स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में उनका जोरदार स्वागत किया गया। उपराष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी सुदेश धनखड़ भी मौजूद रहीं। स्वागत के बाद उपराष्ट्रपति ने पौधरोपण किया और फिर विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद किया। धनखड़ ने 'विकसित भारत 2047 में उच्च शिक्षा की भूमिका' पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति किसी सरकार की नहीं, बल्कि देश के विकास के लिए है और इसे हमें पूरी निष्ठा के साथ लागू करना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्रवाद की भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान करते हुए कहा कि अगर हमारे भारत को कोई सुई भी चुभती है तो 140 करोड़ लोगों को दर्द होता है। धनखड़ ने नाम लिए बिना राहुल गांधी के अमेरिका दौरे के दौरान हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ भटके हुए लोग भारतीय संविधान की शपथ के बाद भी राष्ट्रवाद से दूर हैं। हमारा लक्ष्य है राष्ट्रवाद और हमें अपनी जिम्मेदारियों को नहीं भूलना चाहिए।



### शिक्षा के बिना विकसित भारत का सपना मुमकिन नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के बिना विकसित भारत का सपना मुमकिन नहीं। हमें रोजाना कुछ नया सीखना चाहिए और अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने रोजगार के विभिन्न साधनों की भी चर्चा की और कहा कि केवल सरकारी नौकरियां ही रोजगार का जरिया नहीं हैं, आज कई अन्य विकल्प भी उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में धनखड़ ने विश्वविद्यालय के कुलपति से आग्रह किया कि वे विद्यार्थियों को दिल्ली आने का निमंत्रण दें, ताकि वे संसद, भारत मंडपम और प्रधानमंत्री संग्रहालय का दौरा कर सकें। अपने संबोधन के बाद उपराष्ट्रपति ने स्थानीय सरपंचों और ग्रामीणों से भी मुलाकात की और उन्हें दिल्ली आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नागौर के खरनाल के लिए रवाना हो गए।

## हरियाणा चुनाव व हाई पावर कमेटी की धरनारत किसानों से बात

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 5 अक्टूबर को विधान सभा चुनाव व 8 को मतगणना है। इधर शंभू बॉर्डर खुलवाने की कोशिश हो रही है । इसके लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनाई गई कमेटी ने शंभू बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों से बातचीत शुरू कर दी है। यदि किसान मान गये ,और धरने से उठ गये , तो इसका लाभ हरियाणा विधान सभा चुनाव में कुछ दलों को मिल सकता है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित हाई पावर कमेटी अब सीधे किसानों से बात करेगी। कमेटी ने बुधवार को पंजाब-हरियाणा के मुख्य सचिवों व डीजीपी के साथ चंडीगढ़ के हरियाणा भवन में बैठक की।

कमेटी की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड जस्टिस नवाब सिंह के समक्ष दोनों प्रदेशों के मुख्य सचिव और डीजीपी ने स्टेटस रिपोर्ट दी। दो घंटे तक चली बैठक में शंभू बॉर्डर पर किसानों के पक्के मोर्चे से लेकर अब तक के घटनाक्रम में जत्थेबंदियों की मांगों को लेकर सौंपे गए मांग पत्र को भी कमेटी के साथ साझा किया गया। बैठक में मौजूद पंजाब के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कमेटी 13 सितंबर को शंभू बॉर्डर पर किसान जत्थेबंदियों के नेताओं से मुलाकात कर सकती है। किसान जत्थेबंदियों से मुलाकात कर कमेटी शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए उनके पक्षों को सुनने के बाद रिपोर्ट तैयार कर सुप्रीम कोर्ट की बेंच के समक्ष रखेगी। यह कमेटी 9 दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित की गई थी। कमेटी का नेतृत्व कर रहे रिटायर जस्टिस नवाब सिंह ने अधिकारिक तौर पर बैठक के बारे में बताते हुए कहा कि अभी शंभू बॉर्डर के मौजूदा हालात को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकार से इनपुट लिए गए हैं।पंजाब की ओर से बैठक में मुख्य सचिव अनुराग वर्मा, पंजाब डीजीपी गौरव यादव और कृषि और किसान कल्याण के प्रशासनिक सचिव केएपी सिन्हा मौजूद रहे।किसान जत्थेबंदियों के साथ हाईपावर कमेटी की बैठक में कृषि अर्थशास्त्री भी शामिल होंगे। 13 सितंबर की बैठक में प्रो. रणजीत सिंह घुम्मन, पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ सुखपाल सिंह और चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर बीआर कंबोज को भी बैठक का हिस्सा बनाया गया है।

# सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता की धारणा दूर करना चाहिए : जस्टिस उज्जवल

-ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के दो जजों वाली बेंच में से एक जस्टिस उज्जवल भुइयां ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत देते समय सीबीआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए।जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई को उसके बारे में बने इस तरह के भ्रम को दूर करना चाहिए कि वह पिंजरे का तोता है। बार एंड बेंच के मुताबिक जस्टिस भुइयां ने कहा कि सीबीआई के द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी का उद्देश्य केवल ईडी के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को मिली जमानत को बेअसर करना था।

जस्टिस भुइयां ने ईडी के मामले में दी गई जमानत की शर्तों पर भी सवाल उठाए जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री सचिवालय जाने या फाइलों पर साइन करने से रोका गया है। उन्होंने सीबीआई द्वारा केजरीवाल की गिरफ्तारी की टाइमिंग पर भी सवाल खड़े किए और कहा कि उसका मकसद ईडी मामले में केजरीवाल को मिली जमानत को फेल साबित करना था। उन्होंने कहा कि जिस तरह ने सीबीआई का इस मामले में स्टैंड रहा है, वो गिरफ्तारी पर ही अनेक गंभीर सवाल खड़े करती है। अरविंद केजरीवाल को ज़मानत देते हुए जस्टिस उज्जवल भुइयां ने सीबीआई की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए. जस्टिस भुइयां ने कहा कि ऐसा लगता है कि ईडी मामले में निचली अदालत से मिली जमानत के बाद ही सीबीआई सक्रिय हुई। उसे 22 महीने तक गिरफ्तारी की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। ऐसी गिरफ्तारी पर सवाल उठते हैं।

मालूम हो कि तथाकथित दिल्ली शराब घोटाले मामले में सीबीआई केस में 26 जून 2024 को अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार हुए थे। वहीं, ईडी केस में 21 मार्च 2024 को गिरफ्तार हुए थे। ईडी केस में 12 जुलाई तो सीबीआई केस में 13 सितंबर को जमानत मिली है।अरविंद केजरीवाल को मिली यह जमानत हरियाणा चुनाव को देखते हुए अहम है। अब हरियाणा चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरा ज़ोर लगाकर लड़ सकेगी। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा की 90 में से 90 विधान सभा सीटों पर उम्मीदवार खड़ा किये हैं। राहुल गांधी के कहने पर राज्य कांग्रेस ने आप के साथ गठबंधन की कोशिश की , लेकिन आम आदमी पार्टी ने गठबंधन नहीं किया।

## एजुकेशन/करियर

# डिप्लोमा कोर्स कर बना सकते है अपना करियर

**रजनीश।** डिप्लोमा काफी पॉपुलर कोर्स होते हैं और इसकी मांग भी काफी ज्यादा होती है। इस कोर्स में थ्योरी ज्ञान के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी दी जाती है। प्रैक्टिकल नॉलेज पर काफी बारीकी से ध्यान दिया जाता है जिससे छात्रों को आगे चल के फायदे हो।डिप्लोमा की अवधि अन्य कोर्स से कम होती है, इससे छात्र कम समय में कोर्स को करके अपने क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं।कई सारी सरकारी और कॉर्पोरेट कंपनियां डिप्लोमा धारक छात्रों के लिए समय-समय पर भर्तियां निकालती रहती हैं, जिससे छात्रों के लिए नौकरियों के दरवाजे खुल जाते हैं।



**नर्सिंग में डिप्लोमा :** नर्सिंग से निकलता है शब्द नर्स। डॉक्टर के साथ-साथ नर्स मरीज़ो का ध्यान और देख रेख करती है। नर्स बनने के लिए कई सारे कोर्स होते हैं उनमें से एक है नर्सिंग में डिप्लोमा। इस कोर्स को करके भी जॉब लग सकती है। मुख्य रूप से 3 साल का होता है।

### डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस

- कंप्यूटर साइंस में डिप्लोमा कई लोकप्रिय डिप्लोमा कोर्स में से एक है। आजकल ज्यादातर छात्र इस कोर्स को करने के इच्छुक हैं।
- यदि आप केवल दसवीं के बाद ही डिप्लोमा कोर्स करना चाहते हैं तो आप इस कोर्स को कर सकते हैं। यह कोर्स 3 साल का होता है।
- डिप्लोमा इन कंप्यूटर साइंस के बाद भी कई सारे डिग्री कोर्स है जो किए जा सकते हैं ।

### समुद्री संबंधित डिप्लोमा कोर्स

- कई समुद्री-संबंधित डिप्लोमा कोर्सेज हैं जो इंजीनियरिंग डिप्लोमा की तुलना में अधिक संभावनाएं प्रदान करते हैं।
- यह क्षेत्र काफी विशाल है जिसमें आपको अपने करियर से जुड़ी कई संभानाएं देखने को मिल सकती हैं।
- छात्रों को बेहतर प्रशिक्षण के लिए मर्चेंट नेवी के जहाज़ और ज़मीन पर प्रशिक्षण दिया जाता है।
- कोर्स 1 से 3 साल तक होता है जिसमें पहले 7-8 महीने जहाज़ पर और बाकी ज़मीन पर समय बिताया जाता है।
- प्रदान किया गया ज्ञान इच्छुक छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण और माना जाता है जिसमें थ्योरी के साथ साथ प्रशिक्षण से छात्र की योग्यता में बढ़ोतरी भी देखने को मिलती है।
- आप मरीन टेक्नोलॉजी, सेलिंग, मरीन पावर प्लांट इंजीनियरिंग और मरीन इंजीनियरिंग ड्राइंग जैसे कोर्स में डिप्लोमा हासिल कर सकते हैं।
- आपको समुद्री नौसेना में रुचि है तो यह कोर्स आपके लिए अत्यंत लाभ दायक साबित होगा।
- कोर्स के दौरान आपको पानी और ज़मीन का शानदार अनुभव मिलने की संभावना है।

### इंटीरियर डिजाइनिंग

- भव्य इमारतों का विकास जैसे तेज़ी से बढ़ रहा है उसी के अनुरूप इंटीरियर डिजाइनिंग की मांग भी बढ़ती जा रही है।
- आज के समय में इंटीरियर डिजाइनिंग एक प्रचलित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में से एक है।
- कई सिलेब्रिटीज इसमें रुचि ले रहे हैं और काम कर रहे हैं। यहां तक की बॉलीवुड और हॉलीवुड दोनों में ही कई अभिनेत्रियां अपने अभिनय के साथ साथ इंटीरियर डिजाइनिंग भी कर रहीं हैं।
- •इंटीरियर डिजाइनर का काम होता है इमारतों को सजाना तथा उपयोगी चीजों को अद्भुत आकृति और अद्भुत तरीके से डेकोरेट करना।
- टीवी शोज़ में आजकल भव्य मंच बनते हैं जिनमें इंटीरियर डिजाइनर की आवश्यकता होती है। जिसके कारणवर्श आज इसकी मांग बढ़ती जा रही है।
- यह कोर्स 1 से 2 साल का होता है। इसमें आपकी क्रिएटिविटी, समस्या को सुलझाना, कुछ अलग सोचना, कलात्मक क्षमता आदि की ज़रूरत होती है।
- इंटीरियर डिजाइनिंग मे डिप्लोमा में कई विषय पढ़ाए जाते हैं जैसे- डिजाइनर स्किल्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन, कंप्यूटर ऐडेड ग्राफिक डिजाइन, कलर थ्योरी एंड टेक्निक्स आदि। यदि आप भी इस प्रकार के कार्य में रुचि लेते हैं तो आपके लिए बेहतर विकल्प है।

### बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा

- आजकल बिजनेस मैनेजमेंट में करियर बनाना एक अच्छा विकल्प माना जाने लगा है।
- बिजनेस मैनेजमेंट में प्लानिंग, ऑर्गेनाइजिंग, एग्जीक्यूशन, डायरेक्शन आदि सिखाया जाता है।
- इसे करके आप किसी अच्छी कंपनी में जॉब कर सकते हैं या खुद का बिजनेस भी चला सकते हैं।
- बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा 12वीं में मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण होकर किया जा सकता है।
- बिजनेस मैनेजमेंट में डिप्लोमा में कई विषय पढ़ाए जाते हैं जैसे- मैनेजमेंट थिअरी एंड प्रैक्टिस, बिजनेस इकोनॉमिक्स, बिजनेस कम्युनिकेशन, मार्केटिंग मैनेजमेंट, मार्केटिंग स्किल्स आदि भी सिखाई जाती है

### होटल प्रबंधन

- आजकल बढ़ती जनसंख्या के साथ-साथ हम लोग तरह-तरह के खाने को खाने के इच्छुक हो गए हैं।
- हर घर में स्वाद को प्राथमिकता देने वाले लोग उपलब्ध है जिसके चलते स्वादिष्ट भोजन हर पार्टी की शान माना जाता है।
- यदि हम अपने चारों ओर देखे तो होटल एक ऐसी जगह है जहां लोग आना पसंद करते हैं। इसी को देख कर कई लोग होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा करने को प्राथमिकता देते हैं।
- होटल मैनेजमेंट में हाउसकीपिंग से लेकर होटल का प्रबंधन करने तक सब कुछ सिखाया जाता है। होटल प्रबंधन में डिप्लोमा करते वक़्त कई विषय सिखाएं जाते हैं जिनमें से कुछ है जैसे- फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, फ्रंट ऑफिस ऑपरेशन, बेसिक फूड प्रोडक्शन, एनवायरमेंटल स्टडीज़ आदि शामिल है।
- होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा कोर्स 3 साल का होता है।

### एनीमेशन और मल्टीमीडिया

- **आजकल कई मूवीज़, वीडियो, विज्ञापनों आदि में एनिमेशन और मल्टीमीडिया देखने को मिलता है।**
- एनिमेशन के ज़रिए आप उस चीज़ को भी दर्शा सकते हैं जो असलियत में हमारे सामने नहीं लेकिन उसे कंप्यूटर और अलग अलग सॉफ्टवेयर की मदद से दर्शाने का प्रयास किया जाता है।
- **कई सारी फिल्मों में एनिमेशन का प्रयोग किया जाता है। मुख्य तौर पे उनमें जहां स्टंट्स हों या अदाकार ऐसा कुछ करता दिखाई दे रहा हो जो असलियत में करना मुमकिन नहीं। उदाहरण के तौर पर अगर आप हॉलीवुड की मूवीज़ पर ध्यान दें तो स्पाइडर मैन, सुपर मैन जैसी फिल्मों में इसका ज़्यादा इस्तमाल आपको देखने को मिलेगा।**
- एनिमेशन और मल्टीमीडिया मूवीज़ वीडियोज़ आदि में जान डाल देते हैं और धीरे-धीरे इसका क्रेज़ बढ़ता जा रहा है इसलिए अधिकतर छात्र इसकी और आकर्षित हो रहे हैं।
- **12वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद यह कोर्स किया जा सकता है।**